# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 19 जून 2025


इंटरनेट पर मजेदार प्रतिक्रियाएं

### लीची मोमो बेचने वाले का वीडियो वायरल



**नई दिल्ली।** फूड फ्यूजन का चलन काफ़ी समय से है, लेकिन इसकी भी कुछ सीमाएं हैं। न तो सभी खाद्य पदार्थ एक दूसरे के साथ अच्छे लगते हैं और न ही हर खाद्य पदार्थ को मिलाना चाहिए। इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के एक स्ट्रीट वेंडर को लीची ग्रेवी मोमोज बनाते हुए देखा जा सकता है। यदि फैंटा मैगी, गाजर हलवा डोसा और चॉकलेट ▸▸ शेष पेज 4 पर

इंदौर ने 64वां ग्रीन कॉरिडोर बनाकर रच दिया इतिहास

# उज्जैन के ब्रेन डेड बुजुर्ग के अंगदान से 2 मरीजों को मिल गया जीवनदान

*सुबह 9 बजे सीएचएल केयर हॉस्पिटल से चोइथराम हॉस्पिटल के लिए ग्रीन कॉरिडोर*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर



शहर में बुधवार सुबह 64वां ग्रीन कॉरिडोर बना। 69 वर्षीय बुजुर्ग उज्जैन में सीवियर ब्रेन हेमरेज का उपचार करा रहे थे। उपचार के दौरान डॉक्टर ने ब्रेन डेथ की जानकारी परिवार को दी। इसके बाद परिवार ने अंगदान के लिए मुस्कान ग्रुप से संपर्क किया। मुस्कान ग्रुप के सेवादार जीतू बगानी ने बताया कि उज्जैन निवासी तुलसीराम रावल (69) को ब्रेन हेमरेज हो गया था। उन्हें वहीं के पाटीदार हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। ब्रेन डेथ के बाद रावल को 16 जून को इंदौर लाया गया। यहां सीएचएल अस्पताल में अंगदान की प्रक्रिया शुरू की गई। चार चिकित्सक दलों की ब्रेन डेथ सर्टिफिकेशन कमेटी ने रोगी का प्रथम ब्रेन डेथ 17 जून सुबह 10:35 तथा द्वितीय ब्रेन डेथ सर्टिफिकेशन शाम 5:30 पर पूरा ▸▸ शेष पेज 4 पर

बुजुर्ग की एक किडनी सीएचएल केयर हॉस्पिटल में मरीज को प्रत्यारोपित की गई, दूसरी किडनी चोइथराम हॉस्पिटल के मरीज को मिली



### व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करते रहे डॉक्टर और अधिकारी

*बगानी ने बताया कि सांसद शंकर लालवानी, संभाग आयुक्त दीपक सिंह, इंदौर सोसाइटी फॉर ऑर्गन डोनेशन के सचिव एवं एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. अरविंद घनघोरिया, संस्थापक सचिव डॉ. संजय दीक्षित लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। इसके अलावा सोटो मध्य प्रदेश के नोडल ऑफिसर डॉ. मनीष पुरोहित, निधि शर्मा, शुभम वर्मा ने भी समन्वय किया। मृतक तुलसीराम के बेटों संतोष और शैलेन्द्र ने अंगदान प्रक्रिया में सहयोग करने वाले राजेश पेड़वा, डॉ. सुरेंद्र सिंह परिहार, मोनिशा बगानी, डॉ. निखिलेश जैन, डॉ. शिव शंकर शर्मा, डॉ. सौरभ जुल्का, डॉ. विपिन शर्मा, संदीपन आर्य, लकी खत्री, जुगल नागपाल, राजेन्द्र माखीजा, जेठानंद जयसिंघानी, विशाल चंदानी, राजू धनवानी और तरुण रोचवानी का आभार माना।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### फिर टल गई शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा



**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को स्पेस में ले जाने के लिए तैयार एक्सियॉम मिशन-4 की लॉन्चिंग को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसका जानकारी दी। नासा ने बताया कि यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में आवश्यक मरम्मत कार्यों के कारण लिया गया है। अब यह मिशन 22 जून, 2025 को लॉन्च किया जाएगा। नासा के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कुछ तकनीकी समस्याओं का समाधान करने के लिए समय की आवश्यकता है। ये मरम्मत कार्य कार्यक्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### 6.5% से ज्यादा रहेगी भारत की जीडीपी ग्रोथ



**नई दिल्ली।** प्रमुख रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने अपने ताजा अनुमान में कहा है कि 2025-26 वित्त वर्ष में भारत की असली सकल घरेलू उत्पाद बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। वहीं, सकल मूल्य वर्धन (ग्रॉस वैल्यू एडेड) की बढ़ोतरी 6.3 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना जताई गई है। आईसीआरए ने बताया कि ग्रामीण मांग मजबूत बनी रहेगी, जिसका कारण रबी की फसलों से होने वाली आमदनी और जलाशयों का सामान्य से अधिक जलस्तर है। खुदरा महंगाई 4.2 प्रतिशत से ऊपर रह सकती है। वहीं थोक महंगाई 2.7 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। इस दौरान राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जबकि चालू खाता घाटा -1 फीसदी रह सकता है।

सीएम ने कहा कि मप्र में होम-स्टे बन रहा है अतिथि देवो भव: के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम

मुख्यमंत्री ने 241 होम-स्टे का किया वर्चुअल लोकार्पण

# उत्तराखंड की तर्ज पर धर्मस्थलों के लिए 'हेलीकॉप्टर सर्विस' शुरू होगी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यटकों के लिए वेलनेस सुविधाएं बढ़ाने के लिए समिट की है। वे यहां आएंगे तो उन्हें वन्य जीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलेंगी*



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे होम-स्टे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अतिथि देवो भवः के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम बन रहे हैं। होम-स्टे संचालनकर्ता और राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले सभी अतिथि प्रदेश के बारे में सकारात्मक छवि और अच्छी स्मृतियां साथ लेकर जाएं।

उन्होंने कहा कि मप्र जल्द ही उत्तराखंड की तर्ज पर स्टेट टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से धर्मस्थलों के बीच पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सर्विस शुरू की जाएगी। पर्यटन के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में ग्रामीण रंग पर्यटन संग के राज्य स्तरीय उत्सव में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पर्यटन आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम ▸▸ शेष पेज 4 पर

***होम-स्टे निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले 10 जिला कलेक्टर हुए सम्मानित***



रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए वेबसाइट लॉन्च

### प्रतिभागियों और संस्थाओं ने लगाई प्रदर्शनी


मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में तीर्थाटन की परंपरा सदियों से रही है। दुनिया के लोग शौक और आनंद के लिए घर से निकलते हैं, जबकि भारत के लोग चारधाम की मोक्ष यात्रा पर निकलते हैं, जहां वे सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए अन्य प्रदेशों की विविध जीवनशैली और परंपराओं से परिचित होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण पर्यटन पर केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण रंग पर्यटन संग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों और संस्थाओं की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही चाक पर मिट्टी की कलाकृतियां भी बनाई। ▸▸ शेष पेज 4 पर



### पर्यटन को बढ़ावा देने हुए एमओयू

*कार्यक्रम में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए सिग्निफाइंग और टूरिज्म बोर्ड के बीच 61 गांवों में एलईडी एवं सोलर लाइट्स लगाने के लिए एमओयू का आदान प्रदान किया गया। साथ ही स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी और टूरिज्म बोर्ड के बीच फिल्म निर्माण एवं डिजिटल प्रमोशन के लिए एमओयू और एमपी टूरिज्म बोर्ड एवं एमपीएसईडीसी के बीच एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यटकों के लिए वेलनेस सुविधाएं बढ़ाने के लिए समिट की है। वे यहां आएंगे तो उन्हें वन्य जीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इससे प्रदेश का मेडिकल टूरिज्म बढ़ेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। टूरिज्म बोर्ड अपने दम पर विकास के पथ पर अग्रसर है। टूरिज्म बोर्ड के प्रचार-प्रसार के लिए तैयार की गई फिल्में अद्भुत थीं। नए सिरे से इनके उपयोग के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। मप्र पर्यटन क्षेत्र में भारत ही नहीं दुनिया में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।* ▸▸ पढ़ें पेज 12 भी

फास्टैग को लेकर नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान



# 3000 का वार्षिक पास लाएगी सरकार, 15 अगस्त से प्रभावी

**पास विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों के लिए**

***यह एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार 15 अगस्त से निजी वाहनों के लिए 3,000 रुपए का फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू करेगी। पास विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और लागत प्रभावी यात्रा प्रदान करने में मदद करेगा। यह एक्टिव होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा।

सक्रिय होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा, में से जो भी पहले होगा, तब तक यह मान्य होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है।

### एप और वेबसाइट पर अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा

उन्होंने एक्स पर आगे लिखा कि वार्षिक पास को सक्रिय करने, नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप और एनएचएआई या एमओआरटीएच की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। यह नीति 60 किलोमीटर की सीमा के भीतर स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को संबोधित करती है और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी।

### ◆ तेज, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय मंत्री ने यह भी लिखा कि प्रतीक्षा समय घटाकर, भीड़ कम कर और टोल प्लाजाओं पर विवाद को समाप्त कर, वार्षिक पास नीति लाखों निजी वाहन चालकों के लिए तेज, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध है।

### तो...14,000 रुपए की बचत भी संभव

उदाहरण के लिए, अगर आप एच-8 के रास्ते गुरुग्राम से मानेसर जाते हैं तो आपको एक ट्रिप के लिए 85 रुपए का टोल चुकाना पड़ता है। अगर आप गुरुग्राम से मानेसर और मानेसर से वापस गुरुग्राम आते हैं तो आपको दो ट्रिप के लिए कुल 170 रुपए का टोल चुकाना होता है। इस तरह से, अगर आप इस रूट पर 200 ट्रिप करते हैं तो आपको कुल 17,000 रुपए का टोल चुकाना पड़ेगा। लेकिन अगर आपके पास फास्टैग एनुअल पास है तो आप सिर्फ 3000 रुपए में ही गुरुग्राम से मानेसर और मानेसर से गुरुग्राम के बीच 200 ट्रिप लगा सकते हैं। यहां आपको सीधे-सीधे 14,000 रुपए की बचत होगी।

मोरारी बापू से नाराज हैं काशी के संत

# सूतक उल्लंघन प्रकरण पर माफी मांगी फिर भी आक्रोश

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

- पत्नी के निधन पर 10 दिन के सूतक का विधान

ख्यात कथावाचक मोरारी बापू द्वारा सूतक उल्लंघन प्रकरण पर माफी मांग लेने के बाद भी काशी के संतों, विद्वानों का आक्रोश कम नहीं हुआ है। उनका कहना है कि बापू की वाणी में माफी कम, चुनौती ज्यादा है। माफी मांगने के बाद भी वे सूतक काल में श्रीरामकथा जारी रखकर काशी के धर्मशास्त्रीय परंपरा व धर्मशास्त्रों का खुला उल्लंघन कर चुनौती दिए जा रहे हैं। ऐसे में काशी के लोगों ने अब उनके विरोध की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब बापू



ने काशी में आकर धर्म एवं शास्त्र के विरुद्ध आचरण किया हो। सूतक काल में निषिद्ध कथा, प्रवचन, बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन आदि वर्जित कृत्यों के विरोध पर उसे सही ठहराने के बापू के बयान से यह आक्रोश काफी बढ़ गया है। पूरे मामले ▸▸ शेष पेज 4 पर

बाली के पास ज्वालामुखी विस्फोट

# एयर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली लौटी नहीं खुला इंडिगो के विमान का गेट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- बुधवार को भी दो बड़ी घटनाएं

दिल्ली से बाली के लिए रवाना हुई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2145 गंतव्य एयरपोर्ट के पास ज्वालामुखी विस्फोट के कारण दिल्ली लौट गई। फ्लाइट की दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग हो गई और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया। कंपनी के अनुसार एयरलाइन की ओर से यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पूर्ण रिफंड या उनकी पसंद पर मुफ्त में उड़ान पुनर्निर्धारण की भी पेशकश की गई है।



### आधे घंटे तक फंसे रहे पूर्व सीएम

**रायपुर।** रायपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दिल्ली से आई इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6312 का मुख्य दरवाजा तकनीकी खराबी के चलते नहीं खुल ▸▸ शेष पेज 4 पर

बिल्डर की शिकायत पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

फर्जी हनीट्रैप मामले में धमकी देने का आरोप भी

# इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल पर दो करोड़ की वसूली का आरोप

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

- कीर्ति पटेल पर हत्या के प्रयास के आरोप भी

गुजरात की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल को सूरत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कीर्ति को कथित तौर पर जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक बिल्डर की शिकायत के बाद सूरत पुलिस ने एक्शन लिया। इन्फ्लुएंसर पर दो करोड़ रुपए की वसूली का आरोप है। कीर्ति पर शख्स ने उसे



फर्जी हनीट्रैप मामले में धमकी देने का आरोप लगाया है। बिल्डर वजुभाई कटरोडिया ने करीब एक साल पहले सूरत के कपोदरा पुलिस स्टेशन में कीर्ति पटेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कीर्ति पटेल ने बिल्डर से दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। साथ ही धमकी दी थी कि रकम नहीं मिलने पर उसे फर्जी हनीट्रैप केस में फंसा दिया जाएगा। शिकायत के बाद से ही कीर्ति पटेल फरार थी।

पुलिस इन्फ्लुएंसर की तलाश में थी। मंगलवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर सूरत पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कीर्ति इंटरनेट की कंट्रोवर्सियल पर्सनैलिटी हैं। कई साल पहले कीर्ति पटेल पर हत्या के प्रयास के आरोप में भी लग चुके हैं। कीर्ति को 2020 में पुणे पुलिस ने हत्या के ▸▸ शेष पेज 4 पर

राजा रघुवंशी हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में इंदौर पुलिस को मिला बड़ा सुराग




# राज ही निकला संजय वर्मा, 25 दिन में सोनम ने 112 बार की थी फोन पर बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

राजा रघुवंशी हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी इंदौर पुलिस को एक बड़ा सुराग हाथ लगा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोनम जिस संजय वर्मा नाम के शख्स के मोबाइल नंबर पर लगातार बातचीत किया करती थी, वह नंबर दरअसल प्रेमी राज कुशवाहा ही इस्तेमाल करता था।

सोनम ने 25 दिन में 112 बार फोन पर बात की थी। पुलिस के अनुसार, सोनम और उस नंबर पर मौजूद शख्स के बीच लंबी-लंबी बातचीत होती थी। पहले माना जा रहा ▸▸ शेष पेज 4 पर

**पहले माना जा रहा था कि यह नंबर किसी संजय वर्मा नाम के व्यक्ति का है, इससे केस में नया मोड़ आ गया था**



### नाम छिपा कर राज सोनम के संपर्क में रहा


पुलिस अधिकारी अब यह मान रहे हैं कि संजय वर्मा नाम की आड़ में राज कुशवाहा ने पहचान छिपाकर सोनम से संपर्क बनाए रखा। मामले में आगे की जांच अब इसी नंबर और उससे जुड़ी कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स के आधार पर तेज कर दी गई है। इस खुलासे के बाद केस ने नया मोड़ ले लिया है और पुलिस की जांच अब राज कुशवाहा की गतिविधियों पर और अधिक केंद्रित हो गई है।

### पुलिस को पहले से पता थी ये सच्चाई

सीडीआर सामने आने के बाद ये सवाल उठ रहे थे कि संजय वर्मा कौन है और पुलिस अब तक उसके पास क्यों नहीं पहुंची। सीडीआर की जानकारी बुधवार को सामने आई, लेकिन एसआईटी के पास ये बात पहले ही पहुंच गई थी कि राज कुशवाहा ही संजय वर्मा है। संजय वर्मा नाम का कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है।

### सोनम और राजा के घर पहुंची मेघालय पुलिस

इधर, बुधवार को मेघालय पुलिस की एक टीम इंदौर स्थित सोनम रघुवंशी के माता-पिता के घर पहुंची। स्थानीय लोगों ने बताया कि मेघालय पुलिस की टीम करीब दो घंटे तक सोनम के घर ▸▸ शेष पेज 4 पर


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
ई- पंजीयन
से अब बेहद आसान है
भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया
सुगम मोबाईल एप
PAN व आधार इंटीग्रेशन
स्टांप वेंडर तक पहुंच आसान
जिओ रेफरेंसिंग प्रणाली
My Deed माड्यूल
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
(अधिक जानकारी के लिए
https://industries.cg.gov.in पर विजिट करें)
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

भोपाल
गुरुवार, 19 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 79
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली आधिकारिक यात्रा

## क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचे पीएम मोदी



मोदी की तीन देशों की यात्रा का यह अंतिम पड़ाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचे, यह यात्रा किसी भारतीय पीएम की इस यूरोपीय देश में पहली आधिकारिक यात्रा है। जाग्रेब, पीएम मोदी की तीन देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है, जिसमें साइप्रस की यात्रा भी शामिल थी और इसके बाद वह कनाडा के कनानास्किस में जी 7 शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया। यात्रा से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं क्रोएशिया गणराज्य ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

■ भारत और क्रोएशिया व्यापार, निवेश, रक्षा, कृषि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे

ट्रंप को पीएम मोदी की दो टूक

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद ट्रंप और मोदी के बीच यह पहली बातचीत

# अब 'आतंकवाद' को प्रॉक्सी वार नहीं, युद्ध की तरह देखता है भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की और साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान के अनुरोध के बाद रोका गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता या व्यापार सौदे की पेशकश जैसी कोई वजह नहीं थी।

पिछले महीने ऑपरेशन सिंदूर के बाद ट्रंप और मोदी के बीच यह पहली बातचीत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 35 मिनट तक फोन पर बात की। ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ पीएम ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान के अनुरोध के बाद रोका गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता या व्यापार सौदे की पेशकश जैसी कोई वजह नहीं थी

▶▶ मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगली क्वाड बैठक के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया

ट्रंप के साथ 35 मिनट तक फोन पर बात

### भविष्य में भी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा भारत



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-ट्रंप फोन कॉल पर एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं की है और भविष्य में भी इस तरह की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है।

### इजराइल-ईरान और रूस यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष पर भी चर्चा

*मिस्री ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत के दौरान इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि दोनों पक्षों के बीच जल्द से जल्द शांति के लिए सीधी बातचीत जरूरी है। इस दिशा में प्रयास जारी रहने चाहिए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी को कनाडा से लौटते समय अमेरिका आने का निमंत्रण

ट्रंप ने जी-7 बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए पीएम मोदी को कनाडा से लौटते समय अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। हालांकि, पीएम मोदी ने कहा कि वह पहले से तय कार्यक्रम के कारण निमंत्रण स्वीकार नहीं कर सकते। पीएम मोदी ने इस साल के अंत में संभावित क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए ट्रंप को भारत आने का निमंत्रण दिया। मिस्री ने कहा कि मोदी और ट्रंप की मुलाकात जी-7 बैठक से इतर होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के जल्दी चले जाने के कारण यह मुलाकात नहीं हो सकी। मोदी ने ट्रंप से यह भी कहा कि उन्होंने घोषणा की थी कि पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप के गोलों से दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### टी 20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान



**नई दिल्ली।** आईसीसी की ओर से टी20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। ये वर्ल्ड कप अगले साल होगा। शेड्यूल आने के साथ ही ये भी तय हो गया है कि किस टीम को किस ग्रुप में रखा गया है। खास बात ये है कि भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। इन दोनों टीमों के बीच महामुकाबला कब होगा, इसकी भी तारीख सामने आ गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच 14 जून को खेला जाएगा।

### युवतियों ने किया समलैंगिक विवाह



**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के मऊसानिया गांव से एक बार फिर समलैंगिक विवाह का मामला सामने आया है। गांव की दो युवतियों 24 वर्षीय गायत्री रैकवार और 21 वर्षीय क्रांति श्रीवास ने नौगांव तहसील में उपस्थित होकर अपने समलैंगिक विवाह को लेकर शपथ पत्र दाखिल किया है। दोनों ने अपने हलफनामे में बताया कि उन्होंने 9 दिसंबर 2023 को विवाह किया था, यह बात परिजनों से छिपाकर रखी गई थी।

### बाइकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 3 की मौत



**डिंडौरी।** जिले के बिझौरी गांव के पास जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे की है। पुलिस के अनुसार सभी कौड़ियां गांव से देवरी जा रहे थे। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने अब एक नया मोड़ लिया...अमेरिका की हो सकती है एंट्री

# ट्रंप ने कहा-बिना शर्त सरेंडर करो, खामेनेई बोले नहीं करेंगे, अमेरिका बीच में आया तो 'पूर्ण युद्ध'

### अमेरिका से अपने 30 फाइटर प्लेन यूरोप की ओर रवाना कर दिए हैं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने अब एक नया मोड़ लिया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने बुधवार को जंग का ऐलान करते हुए एक्स पर लिखा, हैदर के नाम पर जंग शुरू होती है। हम आतंकी यहूदी शासन को कड़ा जवाब देंगे। उनके इस पोस्ट के बाद ईरान ने इजराइल के विभिन्न शहरों पर 25 मिसाइलें दागीं। जवाबी हमले में इजरायल ने भी ताबड़तोड़ हमले किए।

इसके बाद ईरान ने इजरायल की ओर फत्ताह मिसाइलें दागीं हैं। इधर, अमेरिका ने यरूशलेम में तीन दिन के लिए अपना दूतावास बंद कर दिया है। अमेरिकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### किसका कितना नुकसान?

**ईरान में** कम से कम 239 नागरिकों सहित 585 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 1,300 से ज्यादा लोग घायल

**ईरान ने** इजराइल पर 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे, इनमें 24 लोगों की मौत हो और सैकड़ों लोग घायल

• इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष की शुरुआत में अमेरिका ने खुद को इससे अलग रखा था हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब इस जंग में भागीदारी का संकेत दिया है

### तेल अवीव के एक हिस्से को खाली करने की चेतावनी

*ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने तेल अवीव के एक हिस्से को खाली करने की चेतावनी जारी की है। इस चेतावनी में हिब्रू में एक बयान शामिल है, जिसमें निवासियों से उत्तरी तेल अवीव के हिस्से को तुरंत छोड़ने के लिए कहा गया है।*



*भारत सरकार का निकासी अभियान जारी*

### विमान में सवार हुए 90 छात्र आर्मेनिया से दिल्ली पहुंचेंगे



इजराइल और ईरान के बीच टकराव बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में वहां पढ़ने वाले भारतीय छात्रों और नागरिकों को बाहर निकालने के लिए भारत सरकार का अभियान जारी है। इसी के तहत, कश्मीर घाटी के 90 छात्र आर्मेनिया से दिल्ली पहुंचने वाले हैं। ये छात्र जवार्तनोत्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से विमान में सवार हो गए हैं। उर्मिया विश्वविद्यालय के मेडिकल के छात्रों ने कहा कि हमें भारत वापस लाया जा रहा है। हम विदेश मंत्रालय (एमईए) और भारत सरकार के शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने हमें जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकाला। इससे पहले, भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की थी। छात्रों को आर्मेनिया सीमा पर नॉरदुज चौकी से बसों से निकाला जाएगा। ईरान में 1,500 कश्मीरी छात्रों सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं।



### इजराइल समर्थक हैकिंग समूह ने एक प्रमुख ईरानी बैंक के खिलाफ विध्वंसकारी साइबर हमले की जिम्मेदारी ली

### इजराइल के पास रक्षा मिसाइलों की कमी हो रही

ईरान के सैन्य बुनियादी ढांचे के खिलाफ बड़ी सफलताओं का दावा करने के बावजूद, इजराइल अपनी लंबी दूरी की मिसाइल इंटरसेप्टर की आपूर्ति को तेजी से समाप्त कर रहा है, जिससे उसकी रक्षा प्रणालियों की स्थिरता पर चिंता बढ़ रही है। उसके एयर डिफेंस सिस्टम भी खत्म हो रहे हैं। हालांकि, इजराइल ने कहा है कि उसने तेहरान क्षेत्र में एक सेंट्रीफ्यूज ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अमेरिकी बंकर-बस्टिंग बम ही एकमात्र हथियार

एक शक्तिशाली अमेरिकी बंकर-बस्टिंग बम ही एकमात्र ऐसा हथियार है जो ईरान की गहराई में दबी परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने में सक्षम है, अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इजरायल का सैन्य समर्थन करना चाहते हैं तो यह उनके लिए पसंदीदा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खामेनेई ने खाई कसम-दया नहीं दिखाएंगे



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को कसम खाई कि उनका देश इजराइल के शासकों के प्रति कोई दया नहीं दिखाएगा। खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट किया, हमें आतंकवादी जायोनी शासन को कड़ा जवाब देना चाहिए। हम जायोनीवादियों पर कोई दया नहीं दिखाएंगे।



ईरान ने इजराइल के तेल अवीव पर दागी मिसाइलें

**पत्नी का विवाह** के बाद चल रहा था अफेयर

## हाईकोर्ट में पति द्वारा पेश वॉट्सएप चैट साक्ष्य के रूप में स्वीकार हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण फैसले में बिना सहमति के हासिल किए गए वॉट्सएप चैट को साक्ष्य के रूप में स्वीकार करने की अनुमति दी है। मामला एक वैवाहिक विवाद से संबंधित है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी पर विवाह के बावजूद अपने प्रेमी से संबंध रखने का आरोप लगाया है। पति ने निचली अदालत में पत्नी के खिलाफ कुछ सबूत पेश किए थे। यह सबूत उस शख्स ने पत्नी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ पत्नी ने कहा कि निजता का उल्लंघन और साक्ष्य प्राप्त करने का अवैध तरीका



**महाराष्ट्र के भाजपा** विधायक का भड़काऊ बयान

## धर्मांतरण कराने वाले को मारने पर दूंगा 11 लाख रुपए का इनाम



एक महिला ने धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाए जाने पर आत्महत्या कर ली थी

एजेंसी ▶▶ सांगली

सांगली में पिछले दिनों 28 वर्षीय महिला ऋतुजा राजगे ने धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाए जाने पर आत्महत्या कर ली थी।

इस मामले में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने भड़काऊ बयान दिया। पडलकर ने कहा कि धर्मांतरण कराने वाले व्यक्ति को जो भी मारेगा, उसे मैं व्यक्तिगत तौर पर 11 लाख रुपए का इनाम दूंगा। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भोपाल में 90 डिग्री वाले पुल को अब फिर से किया जाएगा डिजाइन

### इसमें अधिक चौड़ाई मिलाकर टर्न को गोल करने की कोशिश की जाएगी



### रेलवे ने पुल के विस्तार की अनुमति दे दी

***भोपाल।** भोपाल में बने रेल ओवरब्रिज का डिजाइन सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने इसे फिर से डिजाइन करने का फैसला किया है। पुल पर बने 90 डिग्री के एल शेप टर्न की वजह से इसकी काफी आलोचना हो रही थी। अधिकारियों के अनुसार रेलवे ने पुल के विस्तार की अनुमति दे दी है। पुल 36 महीने से अधिक समय में बन पाया था। पुल 648 मीटर लंबा और 8.5 मीटर चौड़ा* ▶▶ शेष पेज 4 पर

दो थानों में दर्ज एफआइआर को चुनौती का मामला

## जीतू पटवारी की याचिकाओं पर हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने व पूर्व मंत्री इमरती देवी पर अशोभानीय टिप्पणी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की दो याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के साथ ही अपना आदेश सुरक्षित कर लिया। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई हुई। इन याचिकाओं के जरिए दो अलग-अलग थाने में पंजीबद्ध एफआइआर को चुनौती दी गई थी। दरअसल, जीतू पटवारी झाबुआ में पूर्व विधायक विक्रांत भूरिया के साथ एक आदिवासी रेप पीड़ित लड़की के घर पहुंचे थे। जिसकी पहचान इंटरनेट मीडिया पर उजागर हो गई थी। जिसके आधार पर एफआइआर दर्ज कर ली गई। इसी तरह अन्य एफआइआर पूर्व मंत्री इमरती देवी पर अशोभनीय टिप्पणी के कारण दर्ज हुई। ग्वालियर में दो मई, 2024 को जीतू पटवारी ने मीडिया से कहा था कि इमरती ▶▶ शेष पेज 4 पर



### डबरा थाने में दर्ज है मामला

भाजपा नेता इमरती देवी ने आरोप लगाया कि पटवारी ने उनके खिलाफ अभद्र और जातिवादी टिप्पणी की। साथ ही आपत्तिजनक इशारे किए। इसके बाद उनके खिलाफ ग्वालियर के डबरा थाने में मामला दर्ज किया गया। जीतू पटवारी ने इन दोनों मामलों में एफआईआर को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

## लगभग पूरे प्रदेश में ऑनसेट हुआ दक्षिण पश्चिमी मानसून

कई जिलों में बिना आंधी बारिश ही दाखिल हुआ मानसून

# क्लाइमेट चेंज का असर: मानसून की सीमा भोपाल से गुजरी, बारिश होगी दो दिन बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को दक्षिण पश्चिम मानसून भोपाल सहित लगभग पूरे प्रदेश में ऑनसेट हो गया है। यह क्लाइमेट चेंज का असर ही है कि भोपाल सहित कई जिलों में बिना आंधी-बारिश के ही मानसून आगे बढ़ा है। अब इन जिलों में बारिश के लिए दो से तीन दिन का और इंतजार करना होगा।

25 से 26 जून के बीच दूसरा स्ट्रांग सिस्टम बनेगा, जो एक सप्ताह तक भोपाल सहित अधिकांश जिलों में भारी से तेज बारिश करेगा। इसी सिस्टम को ध्यान में रखकर मानसून की नॉर्दर्न लिमिट को ▶▶ शेष पेज 4 पर

» ***25 जून को दूसरा स्ट्रांग सिस्टम बनने से एक सप्ताह चलेगी झमाझम बारिश***

» ***खाड़ी का सिस्टम अभी भोपाल को टच नहीं कर पाया***



शाम 4:10 बजे तलैया काली मंदिर, भोपाल

### कहां तक पहुंचा मानसून?

बुधवार को मानसून भोपाल के साथ ही नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, आगर, सागर, दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, छतरपुर, निवारी, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनुपपुर, उमरिया, कटनी, मैहर, जबलपुर, नरसिंहपुर, मुरैना, उत्तर/ मध्य मध्य प्रदेश में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज यहां भारी बारिश

गुरुवार तक बड़वानी, झाबुआ, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, गुना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, डिंडोरी और बालाघाट जिलों में तेज से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को शाम तक अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन और नीमच में बारिश हुई। श्योपुर कलां, राजगढ़, मंदसौर, इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सिंगरौली, सीधी, रीवा में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई।


सत्यमेव जयते
मध्यप्रदेश शासन
NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047
विश्व सिकल सेल दिवस-2025
राज्य स्तरीय कार्यक्रम
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
19 जून, 2025 I अपराह्न 12:30 बजे
तलुन खेल मैदान, बड़वानी
स्वस्थ भविष्य की ओर मध्यप्रदेश
• जनजातीय बहुल जिलों में एक करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग पूर्ण की गई, जिसमें 29,227 सिकल सेल रोगी एवं 2,03,758 सिकल वाहक चिन्हित
• परिवारों की काउंसलिंग कर 80 हजार से अधिक काउंसलिंग कार्ड वितरित
• नेशनल सिकल सेल पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग, जांच एवं रोगियों की सतत मॉनिटरिंग
• गर्भावस्था में सिकल सेल रोग की जांच एवं प्रबंधन के विशेष प्रयास एवं नवाचार
• रोगियों को नि:शुल्क उपचार, नि:शुल्क औषधियां एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सम्पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध
• आदिवासी इलाकों में सिकल सेल रोग के प्रति जागरुकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार
• मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा प्रबंधकीय एवं चिकित्सकीय स्टाफ का निरंतर प्रशिक्षण
• गंभीर इन्फेक्शन से बचने के लिए वैक्सीनेशन की उपलब्धता सुनिश्चित
• सिकल सेल रोगियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र/UDID कार्ड/पेंशन योजनाओं का लाभ
• आदिवासी स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों में निरंतर स्क्रीनिंग, जांच शिविर एवं एन.जी.ओ., स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से प्रचार-प्रसार
D-11046/25
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2025

09 दो टन लोहा और 50 घन फीट सागौन से तैयार हो ...



11 पहले दी मारने की धमकी, फिर घर के दरवाजे ...








# भोपाल आकर सिर्फ 72 दिन ही जी सका कर्नाटक का 'नागार्जुन'

## मैंगलोर से लाए थे किंग कोबरा को, डॉक्टर्स सीसीटीवी कैमरे से कर रहे थे लगातार निगरानी, बाड़े में मृत मिला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के वन विहार में किंग कोबरा 'नागार्जुन' की बुधवार को मौत हो गई। करीब 72 दिन पहले किंग कोबरा को मैंगलोर कर्नाटक से वन विहार लेकर लाए थे। वन विहार में 24 घंटे डॉक्टर किंग कोबरा की सीसीटीवी कैमरे निगरानी कर रहे थे। बुधवार सुबह वह बाड़े में मृत अवस्था में मिला। वन विहार प्रबंधन का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेगा कि उसकी मौत किन वजहों से हुई है। वन विहार प्रबंधन के मुताबिक बुधवार सुबह सीसीटीवी कैमरे में किंग कोबरा 'नागार्जुन' में कोई हलचल नहीं दिखाई दी। डॉक्टर ने बाड़े में प्रवेश कर उसका परीक्षण किया। जिसमें वह मृत पाया गया।

सीसीटीवी में सुबह नहीं दिखी थी सांप में कोई हलचल

वन विहार प्रबंधन को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

### कल तक सामान्य था नागार्जुन



किंग कोबरा की गतिविधि के संबंध में वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी पिलिकुला बायोलॉजिकल पार्क मैंगलोर कर्नाटक के पशु चिकित्सा अधिकारी से सतत संपर्क में थे। मंगलवार की शाम तक नागार्जुन किंग कोबरा की गतिविधि बायोलॉजिकल पार्क के पशु चिकित्सक के अनुसार सामान्य थी।


### 6 अप्रैल को भोपाल लाए गए थे दो कोबरा

*वन्य प्राणी आदान-प्रदान योजना अंतर्गत पिलिकुला बायोलॉजिकल पार्क मैंगलोर कर्नाटक से 6 अप्रैल को दो नर किंग कोबरा-नागशयना उम्र आठ वर्ष एवं नागार्जुन उम्र पांच वर्ष वन विहार भोपाल लाए गये थे। बायोलॉजिकल पार्क से लाने के बाद से ही वन विहार में लगातार 24 घंटे इनकी निगरानी की जा रही थी।*

दोनों आरोपी और हाफिज गिरफ्तार

# छात्रा को झांसा देकर दो भाइयों ने किया दुष्कर्म, मस्जिद के हाफिज ने धर्म बदलने के लिए बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के समीपस्थ अहमदपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा हसन में एक युवती के साथ उसके घर के सामने रहने वाले मुस्लिम युवक ने पहले दोस्ती बढ़ाई फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह सिलसिला लगातार चलने लगा. एक दिन आरोपी के भाई ने देखा तो वह भी इसमें शामिल हो गया। दोनों आरोपी उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर करने लगे। इतना ही नहीं, गांव की मस्जिद के हाफिज ने उसे बरगलाते हुए मुस्लिम धर्म अपनाने को बाध्य किया। मामले की जानकारी विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं को लगी तो उनके हस्तक्षेप पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा के साथ उसी गांव में रहने वाले जुबेर पिता रफीक मंसूरी ने दोस्ती करते हुए बातचीत शुरू कर दी। कुछ समय बाद उसने युवती को अपने घर बुलाया। युवती ने मना किया तो जुबैर ने उसे धमकी दी कि अगर वह उसके घर नहीं आई तो उसके घर वालों को बता देगा। भयभीत छात्रा उसके घर गई तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह युवती को मुस्लिम धर्म अपनाने व पर्दे में रहने की नसीहत देने लगा। वहीं एक बार आरोपी को युवती के साथ आपत्तिजनक हालत में आरोपी के भाई शोएब ने देख लिया तो वह भी उससे संबंध बनाने का दवाब बनाने लगा और उसके फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ गलत काम किया।

छात्रा का कहना है कि जब उसने जुबैर को उसके भाई की हरकत के बारे में बताया तो उसका कहना था कि हमारे धर्म में यह सब चलता है। इसके बाद से दोनों आरोपियों ने छात्रा का लगातार शारीरिक शोषण करने लगे।

छात्रा का कहना था कि वर्ष 24 में जुबेर ने उसे अपने घर बुलाया जहां गांव की मस्जिद का हाफिज आरिफ भी मौजूद था। हाफिज ने छात्रा से कहा कि तुम मंदिर न जाकर कलमा पढ़ा करो। हाफिज का कहना था कि जब तुम सीख जाओगी, हमारे रीति रिवाज जान जाओगी तो तुम्हारा निकाह जुबेर से कर देंगे। इतना ही नहीं, हाफिज आरिफ ने उसे नया नाम जैनब कुरैशी तक दे दिया।

इस मामले की भनक विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को लगी तो उन्होंने छात्रा के परिजनों से मिलकर छात्रा को उचित कार्रवाई के लिए समझाया। दोनों भाईयों के शोषण से तंग आई छात्रा ने नजदीकी थाने में आरोपी जुबेर कुरैशी और उसके भाई शोएब के अलावा मस्जिद के हाफिज आरिफ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### तीनों गिरफ्तार

तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला कायम कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।
पूजा शर्मा, एसडीओपी, सीहोर

दूसरे फेज के काम के लिए डाले जाएंगे पिलर

## मेट्रो के लिए बंद किया पुल बोगदा, पंद्रह जुलाई को खुलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो की ऑरेंज लाइन के तहत पुल बोगदा से लेकर करोंद तक जाने वाले रूट पर अब पिलर डालने का काम शुरू किया जाना है, जिसको देखते हुए पुल बोगदा सड़क पर मेट्रो ने बेरिकेडिंग कर पूरी तरह बंद कर दिया है, जो अब 14 जुलाई तक बंद रहेगा। यदि सब तय समय काम हुआ तो यह मार्ग 15 जुलाई को फिर खोल दिया जाएगा। इस दौरान पुल बोगदा होकर भारत टाकीज और जिंसी की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वाहन चालक अब डायवर्ट रास्ते से ही आवाजाही कर सकेंगे। वहीं, भारी मध्यम और बस जैसे बड़े वाहन अब प्रभात से भारत टॉकीज या प्लेटफार्म नंबर 6 की ओर जाने के लिए अशोका गार्डन, 80 फीट रोड, बजरिया तिराहा और भारत टॉकीज ओवरब्रिज होते हुए संगम तिराहा से गुजरेंगे। पुल बोगदा से भारत टाकीज की ओर पुल बोगदा से जिंसी धर्म कांटा, मैदा मिल की ओर का रास्ता बंद रहेगा। इसके साथ पैदल और दोपहिया वाहन भी यहां से नहीं गुजर सकेंगे।

## ट्रैफिक सुधार के लिए सांसद ने कमिश्नर-कलेक्टर के साथ रखी बैठक

# पंद्रह दिन में सड़कों से हटेंगे ई-रिक्शा, टूटेंगी नेहरू नगर और साढ़े दस नंबर की रोटरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के ट्रैफिक के लिए मुसीबत बने ई-रिक्शा अगले पंद्रह दिनों से हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। कॉलोनियों को जोड़ने वाली सड़कों में ही इनका संचालन किया जा सकेगा। इधर, भारी ट्रैफिक दवाब वाली सड़कों पर भी इनको लेफ्ट लाइन में चलना पड़ेगा। नेहरु नगर और साढ़े दस नंबर की रोटरी को भी तोड़ा जाएगा। यह बात बुधवार को कलेक्टोरेट में ट्रैफिक को लेकर रखी गई बैठक में पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने कही। बैठक में सांसद आलोक शर्मा सहित कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह भी मौजूद थे।

कमिश्नर ने बताया कि सड़कों पर अतिक्रमण होने की वजह से ट्रैफिक जाम के हालात बनते हैं, जिसको देखते हुए ट्रैफिक पुलिस का अमला नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम के साथ सड़कों पर घूमेगा, जिससे इन जगहों से अतिक्रमण हटाया जा सके। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि ई-रिक्शा संचालन की कोई पॉलिसी नहीं होने की वजह से सड़कों पर जगह-जगह ई-रिक्शा खड़े हो जाते हैं। इनकी स्पीड धीमी होने की वजह से गाड़ियां नहीं निकल पाती हैं और सड़कों पर जाम की स्थिति बनती है। इसलिए इन्हें सड़कों पर व्यवस्थित किया जाए।

सड़क किनारे खड़े कंडम वाहन अभियान चलालकर हटाए जाएंगे

ट्रैफिक अमला ननि और प्रशासनिक टीम के साथ सड़कों पर घूमेगा



### कल से हटेंगे सड़क किनारे कंडम वाहन

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में ट्रेंचिंग यार्ड बनाकर कंडम वाहनों को सड़क से हटाएं। इसके लिए 20 जून से 15 दिन का अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, दरअसल सांसद ने सड़कों किनारे खड़े वाहनों की वजह से भी जाम लगने की बात कही थी।

### अतिक्रमण हटाने बनेगा मोबाइल कोर्ट

*अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर अतिक्रमण दस्ता गठित किया जाएगा, जिसका प्रभारी एडीएम को बनाया जाएगा। पुलिस के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर, नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर, अथवा डिप्टी कमिश्नर, संबंधित क्षेत्र के एसडीएम और पुलिस के एसीपी, थाना प्रभारी अतिक्रमण दस्ता में शामिल रहेंगे। इसके साथ ही दस्ते में मोबाइल कोर्ट और एक मजिस्ट्रेट भी शामिल होंगे। इसके लिए पॉलिसी तैयार की जा रही है।*

### सड़कों किनारे से हटेंगे अतिक्रमण

सांसद ने बताया कि फुटपाथ लोगों को चलने के लिए बनाए जाते हैं, जबकि इन पर सब्जी के ठेले, फल के ठेले और अन्य तरह के अतिक्रमण लोगों ने कर लिए हैं। इन्हें हटाया जाना चाहिए। जिससे यातायात सुगम बने। निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने कार्रवाई करने की बात कही।

### लेफ्ट टर्न होंगे क्लीयर

शहर के प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न की समस्या सुधारने के लिए नेहरू नगर चौराहा और साढ़े दस नंबर की रोटरी हटाई जाएंगी। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न की समस्या को हल किया जाएगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के अधिकारियों को प्लान बनाने के लिए निर्देशित किया गया है।

सड़क सहित बाउंड्रीवॉल को तोड़ा

# कोलूखेड़ी में 60 करोड़ की 10 एकड़ जमीन से हटाई अवैध प्लॉटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में कृषि भूमि पर बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों पर बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। तहसील हुजूर की ग्राम पंचायत कोलूखेड़ी में करीब 60 करोड़ रुपए की 10 एकड़ खेती की जमीन पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। जिसकी शिकायत प्रशासन को लगी तो टीम सहित मौके पर पहुंचकर सड़क, बाउंड्री सहित अन्य अवैध निर्माण को तोड़ा गया है।

तहसील हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि कोलूखेड़ी, जामुनिया छीर पंचायतों में बिना परमिशन के अवैध कॉलोनियां काटी जा रही थीं। बुधवार को टीम ने कोलूखेड़ी पहुंचकर 10 एकड़ जमीन में की जा रही अवैध प्लाटिंग को रोका और अवैध निर्माण, बाउंड्री वाल तोड़ने की कार्रवाई की है। जमीन की अनुमानित कीमत करीब 60 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### सरकारी दफ्तर परिसर से 20 झुग्गियां हटाई

नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा की टीम ने बुधवार को दो स्थानों पर बड़ी कार्रवाई की। गौतम नगर स्थित शासकीय कार्यालय परिसर की सरकारी जमीन पर झुग्गी बनाकर कब्जा करने वालों को टीम ने उखाड़ फेंका। दरअसल, गौतम नगर स्थित शासकीय कार्यालय परिसर में 20 से अधिक झुग्गी बनाकर लोगों ने कब्जा कर रखा था। सिटी प्लानर अनूप गोयल ने बताया कि सर्वे के आधार पर उक्त दोनों कार्रवाई की गई है। वहीं निगम अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने जवाहर चौक, सरस्वती नगर, सेकंड स्टॉप, बिड़ला मंदिर, माता मंदिर, चूना भट्टी, नेहरू नगर, बैरागढ़, वाजपेयी नगर, शिव नगर, कल्याण नगर, मोती मस्जिद क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए। भानपुर 80 फीट रोड में नाली के ऊपर अवैध रूप से बने 8 चबूतरे, कल्याण नगर में 4 घरों के सामने से फर्शियां हटाई। इस दौरान चार ठेले, 20 कुर्सियां, एक टेबल, एक काउंटर जब्त किया।

### शिव रॉयल्टी की प्लॉटिंग से निर्माण हटाए

*ग्राम जामुनिया छीर में मीनाक्षी नेमनानी, सतीश अहेलिया की जमीन पर अवैध कालोनी काटी जा रही थी। जिसमें बनाए गई सड़क को तोड़ने की कार्रवाई की है। इनके अलावा कोलूखेड़ी में आठ एकड़ जमीन पर शिव रियल्टी द्वारा एक बड़े बिल्डर के साथ मिलकर अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही थी। जहां भी प्रशासन की टीम ने बैक होलोडर की मदद से अवैध निर्माण, सड़क और बाउंड्री तोड़ने की कार्रवाई की है।*

# राजधानी में बादल, धूप-उमस के बीच पसीने ने भिगोया, देर रात बौछारों से मिली कुछ राहत

## दिन का पारा 1.4 डिग्री गिरा, रात में भी मिली 25 डिग्री के नीचे की राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूं तो शहरवासियों को मानसून की एंट्री के समय तेज बारिश और आंधी के मौसम की उम्मीद थी, लेकिन बुधवार को ऐसा नहीं हुआ। शहर में दिनभर बादल, धूप और उमस ने लोगों को पसीना बहाने को विवश कर दिया। मानसून की एंट्री होने से भारी बारिश के ट्रेंड में बदलाव देखने को मिला है। राजधानी में दिन का पारा भले ही 1.4 डिग्री गिरकर 33 डिग्री रहा, लेकिन धूप की तेजी से उमस बढ़ गई। दोपहर में बादल गरजे लेकिन शाम तक बारिश का इंजतार ही होता रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मानसून के ऑनसेट के लिए परिस्थितियां अनुकूल रही हैं, जिससे शहर में मानसून की आमद हो गई।




### देर रात गरज-चमक, बौछारों से राहत

शहर में देर रात मौसम में हल्का बदलाव रहा। दिनभर धूप, बादलों के बीच देर रात बादल गहराए और कुछ हिस्सों में बौछारें पड़ गईं। इससे गर्मी और उमस से और राहत रही। गुरुवार को भी राजधानी में मौसम का ऐसा मिजाज रहने वाला है।

मेट्रो और रेलवे के अफसरों ने की नपती

# ऐशबाग आरओबी के 90 डिग्री मोड़ को अब मिलेगी गोलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश भर में मजाक बना ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज के 90 डिग्री मोड़ को अब गोलाई दी जाएगी। जिसके लिए बुधवार को मेट्रो और रेलवे के अफसरों ने मिलकर अपनी-अपनी साइट पर नपती की। इसके पहले सोमवार को लोनिवि, रेलवे और एनएचएआई के इंजीनियरों ने निरीक्षण कर गोलाई की संभावना तलाश की थी। जिससे लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स की गलती को सुधारा जा सके। लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह के कहने के बाद लोनिवि, रेलवे और एनएचएआई के इंजीनियर्स ने पुल का निरीक्षण किया था। तब पुल को बचाने के लिए सुझाव के साथ मोड़ को गोलाई देने जगह की तलाश की गई थी। निरीक्षण के दौरान लोनिवि के इंजीनियरों ने रेलवे से मोड़ को गोलाई देने के लिए ढाई से तीन फीट की जगह देने को कहा था। इस पर रेलवे ने लोनिवि को प्रस्ताव बनाकर देने को कहा, लेकिन लोनिवि ने ऐसा कोई प्रस्ताव बनाकर रेलवे को अब तक नहीं दिया है।



### रीडिजाइन करने की तैयारी

पुल के रीडिजाइन के लिए फिर से नापतौल शुरू कर दी गई है। उधर, एनएचएआई के पूर्व मुख्य अभियंता एके चिंड़के ने पुल के निरीक्षण के बाद जो सुझाव दिए थे, उन पर मंथन किया जा रहा है। ऐसे में पुल को रीडिजाइन किया जा सकता है।

बिना फिटनेस और परमिट के दौड़ती मिली स्कूल बसें

# सेंट मोंटफोर्ड, जवाहर स्कूल की बस में थे ज्यादा बच्चे सवार

## छह स्कूल बसें जब्त, ओवरलोडिंग पर लगाया 16 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर आरटीओ जितेंद्र शर्मा के निर्देशन में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर दौड़ रहीं स्कूल बसों पर बड़ी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान छह स्कूली बसें ऐसी पाई गई, जो बिना फिटनेस और परमिट के संचालित हो रही थी। इन सभी बसों को जब्त कर आरटीओ कार्यालय में निराकरण के लिए खड़ा किया है।





### तीन अन्य स्कूली वाहनों पर भी कार्रवाई


*इसके अलावा तीन अन्य स्कूली वाहन ओवरलोडिंग और बिना बीमा के चलते पकड़े गए। इन पर कुल 16 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। पकड़ी गई बसों में सेंट मोंटफोर्ड स्कूल, जवाहर स्कूल और कुछ अन्य स्कूलों के छात्र बैठे थे। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने कहा कि बिना फिटनेस और बीमा के चल रही बसें बच्चों की जान के साथ गंभीर खिलवाड़ है। ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। स्कूल वाहनों की नियमित जांच की जाएगी और जो भी वाहन सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरेंगे, उन्हें सीज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे बच्चों को भेजने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वाहन पूरी तरह वैध और सुरक्षित है।*

## मकान में गैस रिफलिंग करने वाले ऋषभ पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग के पुष्पागनर क्षेत्र में चल रहे रिफिलिंग सेंटर के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि ऐशबाग के पुष्पा नगर क्षेत्र में स्थित रमेश शर्मा के घर में ऋषभ साहू अवैध रिफिलिंग कर रहा था। जहां कार्रवाई करते हुए 16 व्यवसायिक सिलेंडर, 22 घरेलू सिलेंडर, दो वजन मशीन, एक गैस अंतरण की मशीन, पाइप, सिलेंडर के 100 नग कैप बरामद किए गए थे। कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण रखा जाएगा, जहां संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि रहवासी क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग सेंटर का संचालन बड़े हादसे को आमंत्रण है।

# अमिताभ के हाथ से निकल गई थी ये ब्लॉकबस्टर फिल्म, विनोद खन्ना को बना दिया था सुपरस्टार



**नई दिल्ली।** कहते हैं दाने-दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम. इसी तरह हर रोल की तकदीर तय होती है। कई बार ये रोल जाता किसी के पास है और करता इसे कोई और है। ऐसा ही कुछ अमिताभ बच्चन के साथ भी हुआ। अमिताभ बच्चन को फिरोज खान ने ऐसी फिल्म ऑफर की जो रिलीज के बाद सुपरहिट रही। इस फिल्म के गाने खूब पसंद किए गए और कहानी से लेकर एक्टिंग तक सब दर्शकों के दिलों को छू गए। लेकिन, अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म को करने से मना कर दिया था। यहां बात हो रही है बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म कुर्बानी (1980) की। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के निर्माता और निर्देशक फिरोज खान ने 'अमर' के लिए पहले अमिताभ बच्चन को अप्रोच किया था। फिरोज खान ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनकी पहली पसंद अमिताभ बच्चन थे। उन्होंने अमिताभ को 'अमर' के किरदार के लिए संपर्क किया, जो स्टाइलिश और बेखौफ चोर का रोल था। अमिताभ बच्चन का इस पर पॉजिटिव रुख था, और उन्होंने फिरोज खान को बताया कि वह अगले छह महीनों तक व्यस्त हैं। लेकिन, फिरोज खान फिल्म की जल्द से जल्द शूटिंग शुरू करना चाहते थे। लेकिन, वो इतना लंबा इंतजार नहीं कर सकते थे। इसके बाद उन्होंने विनोद खन्ना को इस किरदार के लिए चुना, और यह फैसला कुर्बानी की कामयाबी का अहम कदम बना।

### दमदार अभिनय ने दर्शकों का जीत लिया दिल

विनोद खन्ना ने 'अमर' के किरदार को इतनी शिद्दत से निभाया कि यह उनकी सबसे यादगार भूमिकाओं में से एक बन गया। उनकी स्टाइल, चार्म और दमदार अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। जीनत अमान के साथ उनकी केमिस्ट्री और फिल्म का गाना 'आप जैसा कोई' आज भी फैंस के बीच लोकप्रिय है। कुर्बानी का बजट लगभग दो करोड़ 50 लाख रुपए था, जबकि 25 करोड़ 80 लाख रुपए कमाए थे और ये फिल्म ब्लॉकबस्टर रही थी।

# डेढ़ साल बाद बनाई अपनी बालों की चोटी...



**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस हिना खान की ब्रेस्ट कैंसर से जंग अभी भी जारी है। लेकिन, वह इस बीच कई खुशी के पल खोज लेती हैं और उन्हें अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हिना ने डेढ़ साल बाद अपने बालों को पिगटेल में स्टाइल करके एक छोटी सी जीत का जश्न मनाया। हिना खान ने आखिरकार एक साल से अधिक समय के बाद अपने बालों को चोटी में बांध लिया। बालों की लटों और एक चमकदार मुस्कान के साथ उन्होंने कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'डेढ़ साल बाद अपने बालों को चोटी में बांधा.. समझा नहीं सकती हाउ हाउ हाउ, मुझे वो हेयर फ्लिप बहुत याद आए.. इंतजार कर रही हूं...उफ्फ ये छोटी छोटी खुशियां..'। हिना अपनी हिम्मत और सकारात्मक रवैये से प्रशंसकों को प्रेरित कर रही हैं।

## जैकेट का शेष...

### लीची मोमो...

समोसा बहुत ज्यादा नहीं था, तो इस स्ट्रीट फूड विक्रेता ने एक ऐसा व्यंजन बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया, जिसकी शायद जरूरत नहीं थी। वीडियो में, आदमी को प्याज, अदरक, लहसुन, टमाटर और कुछ मसालों के साथ मेयोनेज़ का उपयोग करके ग्रेवी तैयार करते हुए देखा जा सकता है। यूजर्स की ढेरों प्रतिक्रिया आई है। एक यूजर ने लिखा कि, 'कोई मोमोज के साथ ऐसा क्यों करेगा? एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'इतने पाप तो रावण ने भी नहीं किए।'

### उज्जैन के ब्रेन डेड बुजुर्ग ...

किया। बुधवार की सुबह 9 बजे सीएचएल केयर हॉस्पिटल से चोइथराम हॉस्पिटल के लिए ग्रीन कॉरिडोर बना। रावल की एक किडनी सीएचएल केयर हॉस्पिटल में 45 वर्षीय पुरुष रोगी को प्रत्यारोपित की गई वहीं दूसरी किडनी चोइथराम हॉस्पिटल में उपचार करा रहे 54 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपित की गई। वहीं लिवर जुपिटर विशेष हॉस्पिटल के रोगी को प्रत्यारोपित किया जाना था लेकिन मिसमैच होने के कारण यह प्रत्यारोपण निरस्त कर दिया गया।

### उत्तराखंड की तर्ज...

है। ग्राम स्तर पर पर्यटन गतिविधियों से जहां युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक उन्नति के अवसर उपलब्ध होते हैं, वहीं पर्यटन गतिविधियां, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, तीज-त्योहार-पर्व और खानपान को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होती हैं।

**होम-स्टे संचालकों से किया संवाद:** मुख्यमंत्री ने होम-स्टे निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले नर्मदापुरम, आगर, छतरपुर, निवाड़ी, मुरैना, सीहोर, सीधी और पन्ना सहित 10 जिला कलेक्टरों को सम्मानित किया। प्रदेश के 37 जिलों में होम-स्टे निर्मित किए जा रहे हैं। उन्होंने जिलों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करने के लिए 16 ग्राम पंचायतों के सरपंच और डीएटीसीसी सहित संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा समेत अन्य जिलों के होम-स्टे संचालकों से संवाद भी किया।

### प्रतिभागियों और ....

मुख्यमंत्री ने मप्र टूरिज्म बोर्ड के रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए डेडिकेटेड माइक्रो वेबसाइट लॉन्च की और प्रदेश के विभिन्न गांवों में निर्मित 241 होम-स्टे का वर्चुअल लोकार्पण किया।

### सूतक उल्लंघन प्रकरण....

पर विचार के लिए वेद मंदिर में आयोजित संत और विद्वज्जन की एक बैठक में स्वामी शिवपूजन शास्त्री ने कहा कि गौतम धर्मसूत्र के अंतर्गत स्वजन के निधन पर 10 दिन के सूतक का विधान है। मोरारी बापू गृहस्थ संत हैं अतः पत्नी के बाद यह शास्त्रीय मर्यादा उन पर भी लागू होती है। अविमुक्तेश्वरानंद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सूतक में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन कर मोरारी बापू ने मंदिर परिसर को अशुद्ध किया है जो लोग मंदिर में भगवा का दर्शन कर रहे हैं उनको भी दोष लग रहा है क्योंकि इस कृत्य के बाद मंदिर का शुद्धिकरण नहीं हुआ है।

### आधे घंटे तक...

पाया। यह फ्लाइट दोपहर 2:25 बजे वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैंड हुई थी। फ्लाइट में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक चतुरी नंद और रायपुर की मेयर मीनल चौबे समेत दर्जनों यात्री सवार थे। यात्रियों को करीब 30 मिनट तक फ्लाइट के अंदर ही इंतजार करना पड़ा।

### इन्फ्लुएंसर कीर्ति...

प्रयास के आरोप में सूरत से गिरफ्तार किया था। इंस्टाग्राम पर ही उनके एक मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

### राज ही निकला...

था कि यह नंबर किसी संजय वर्मा नाम के व्यक्ति का है, लेकिन जांच आगे बढ़ने पर हैरान करने वाला खुलासा हुआ कि इस नंबर का उपयोग कोई और नहीं बल्कि खुद राज कुशवाहा कर रहा था। इस बात की पुष्टि तब हुई जब मध्यप्रदेश में इस नाम को लेकर खबरें सामने आईं और मीडिया में चर्चाएं तेज हुईं। इसके बाद इंदौर पुलिस ने मेघालय पुलिस से संपर्क किया और बातचीत के आधार पर यह अहम जानकारी सामने आई।

**क्या है पूरा मामला ?:** राजा और सोनम की शादी 11 मई को हुई थी, और 20 मई को दोनों हनीमून के लिए असम और मेघालय रवाना हुए थे। 23 मई को सोनम ने राजा के लापता होने की सूचना दी। इसके बाद 2 जून को राजा का क्षत-विक्षत शव मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स के पास एक गहरी खाई से बरामद हुआ। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस ने राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी, उसके प्रेमी राज कुशवाह और राज के तीन दोस्तों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### सोनम और राजा के ....

पर रुकी। मेघालय पुलिस के सोनम के घर से जाने के बाद उनका भाई गोविंद तुरंत ही कार में सवार होकर कई बाहर चला गया। मीडिया के सवालों पर गोविंद ने कोई खास जवाब नहीं दिए। उन्होंने कहा कि मेघालय पुलिस ने उनसे और उनके परिजनों से सोनम के बर्ताव को लेकर 'सामान्य पूछताछ की। मेघालय पुलिस की टीम मंगलवार रात इंदौर के सहकार नगर स्थित राजा रघुवंशी के घर भी पहुंची थी। यहां उन्होंने राजा के परिजनों के बयान दर्ज किए।

## पेज एक का शेष....

### अब आतंकवाद को...

इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी और साफ किया कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वार की तरह नहीं देखेगा, वह से युद्ध कार्रवाई की तरह देखता है।

### इजराइल-ईरान ....

पर ट्रंप और मोदी ने अपने विचार साझा किए और क्षेत्र में क्वाड की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए समर्थन व्यक्त किया।

### क्रोएशिया की ...

की अपनी यात्रा और राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच तथा प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। भारत और क्रोएशिया के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंध हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि यह तीन देशों की यात्रा भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ समर्थन देने वाले भागीदार देशों को धन्यवाद देने का अवसर है, साथ ही आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ वैश्विक समझ को मजबूत करने का भी प्रयास है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा भारत और क्रोएशिया के बीच राजनीतिक और आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर प्रदान करेगी। इसके जरिए व्यापार, नवाचार, रक्षा, बंदरगाह, शिपिंग, विज्ञान-तकनीक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कार्यबल गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। भारत और क्रोएशिया व्यापार, निवेश, रक्षा, कृषि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी दोनों देशों में सहयोग है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंध भी मजबूत हैं।भारत और क्रोएशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर का है और क्रोएशिया में भारतीय निवेश लगभग 48 मिलियन डॉलर तक है।

### ट्रंप ने कहा-बिना...

राष्ट्रपति ने कहा कि, हमें पता है कि खामेनेई कहां छिपा है। अब ट्रंप का अगला कदम क्या होगा, इसपर सबकी निगाहें टिकी हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने ईरान के ऊपर इजराइल की ओर से जारी हमलों के बीच अमेरिका को चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप इस क्षेत्र में पूर्ण युद्ध का कारण होगा। यानी इजराइली हमलों में अमेरिकी हस्तक्षेप से 'पूर्ण युद्ध छिड़ जाएगा। दरअसल, इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष की शुरुआत में अमेरिका ने खुद को इससे अलग रखा था। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब इस जंग में भागीदारी का संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि वह सीजफायक से कहीं ज्यादा बड़ी चीज चाहते हैं। अमेरिका ने क्षेत्र में और भी ज्यादा युद्धक विमान भेज दिए हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सरकार से बिना शर्त सरेंडर करने को कहा था। युद्ध में ईरान में कम से कम 239 नागरिकों सहित 585 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 1,300 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, ईरान ने इजराइल के ऊपर 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं। इन हमलों में इजराइल में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गयी और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

### इजराइल के पास...

उत्पादन स्थल और कई हथियार निर्माण सुविधाओं पर हमला किया, जो ईरान के परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रमों के प्रमुख तत्व हैं। 50 से अधिक लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया गया है। ईरान के मुताबिक, उसकी फत्ताह मिसाइलें एक 'हाइपरसोनिक' मिसाइल है, जो मैक 5 या ध्वनि की गति से पांच गुना (करीब 3,800 मील प्रति घंटा, 6,100 किलोमीटर प्रति घंटा) की स्पीड से चलती है और निशाना भेदने में सक्षम है।

### अमेरिकी बंकर-...

हथियार है। जीबीयू-57, एक 30,000 पाउंड (13,607 किलोग्राम) का वारहेड है जो विस्फोट से पहले 200 फीट (61 मीटर) भूमिगत प्रवेश करने में सक्षम है, ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के अपने घोषित लक्ष्य के बावजूद इजरायल के शस्त्रागार में नहीं है।

### हाईकोर्ट में पति द्वारा...

वॉट्सएप चैट से लिए थे, जिसे लेने के लिए पति ने पत्नी की इजाजत नहीं ली थी, लिहाजा गुप्त रूप से पति ने इस मिशन को अंजाम दिया था। कोर्ट में हुई बहस से पता चला कि पति ने पत्नी के मोबाइल फोन पर एक थर्ड-पार्टी एप इंस्टॉल किया था, जिसके माध्यम से उसकी पत्नी का वॉट्सएप चैट ऑटोमैटिकली उसके फोन में पहुंच जाता था। निचली अदालत में इस सबूत के पेश किए जाने पर पत्नी ने इसका विरोध किया और हाईकोर्ट में अपील की। पत्नी के वकील ने दलील दी कि चैट को प्राप्त करने के लिए महिला की सहमति नहीं ली गई थी, जो कि निजता का उल्लंघन और साक्ष्य प्राप्त करने का अवैध तरीका है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश आशीष श्रोती ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि पारिवारिक न्यायालय अधिनियम की धारा 14 के तहत निजी वॉट्सएप चैट को साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जा सकता है, भले ही वह व्यक्ति विशेष की सहमति के बिना प्राप्त किया गया हो या फिर भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के तहत स्वीकार्य न हो। न्यायाधीश श्रोती ने साफ-साफ कहा कि सबूत स्वीकार होने का मतलब यह नहीं है कि इसे हासिल करने का अवैध तरीका नागरिक या आपराधिक कानून, या दोनों के तहत नहीं आता है।

### धर्मांतरण कराने वाले...

यह बयान सांगली में ससुराल की ओर से ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाले जाने के बाद महिला के आत्महत्या करने के मामले में दिया। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया था कि उसके ससुराल वाले ईसाई धर्म का पालन करते थे। वह महिला ऋतुजा को अपने साथ चर्च जाने, बाइबल पढ़ने और प्रार्थना करने के लिए मजबूर करते थे। वह मना करती थी, तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। इन सबसे परेशान आकर महिला ने आत्महत्या कर ली थी।

### भोपाल में 90 डिग्री ...

है। इसमें 90 डिग्री का तीक्ष्ण मोड़ है। अब इसमें अधिक चौड़ाई मिलाकर टर्न को गोल करने की कोशिश की जाएगी। यह पुल 18 करोड़ रु. में बना है। इस मोड़ से धीमी गति से आने वाली गाड़ी को भी मुड़ने के लिए काफी चुनौती का सामना करना पड़ता। अगर कोई वाहन तेज गति से आए, तो वह दुर्घटना का शिकार भो हो सकता था। इस पुल का निर्माण मार्च 2023 में शुरू हुआ था। इसकी डेडलाइन 18 महीने की थी, लेकिन इसे तैयार होने में 36 महीने से अधिक समय लगा।

### जीतू पटवारी की...

जी का रस खत्म हो गया है। अंदर जो चाशनी रहती है, उसके लिए मैं कोई बात नहीं कर रहा हूं। उनके इस बयान पर इमरती देवी की शिकायत पर तीन मई, 2024 को ग्वालियर के डबरा थाने में आईपीसी और एसटीएससी एक्ट के प्रविधानों के अंतर्गत एफआइआर दर्ज हुई थी। लिहाजा, एफआइआर निरस्त कराने जीतू पटवारी हाई कोर्ट पहुंच गए।

### क्लाइमेट चेंज का असर...

फिलहाल आगे बढ़ा दिया गया है। जिससे भोपाल सहित पूरे प्रदेश में मानसून ऑनसेट हो चुका है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सामान्य तौर पर मानसूनी सिस्टम अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आगे बढ़कर प्रदेश को कवर करता है, जो अरब सागर से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान की ओर बढ़ता है और बंगाल की खाड़ी से कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ के रास्ते प्रदेश को कवर करता हुआ आगे बढ़ता है।

यह दोनों सीमाएं प्रदेश में मानसून ऑनसेट को एक साथ आगे बढ़ाते हुए मार्क करती हैं। इस दौरान कुछ जिलों में बारिश नहीं होने के बावजूद मानसून की उत्तरी सीमा आगे बढ़ जाती है। भोपाल में भी ऐसा ही हुआ है।

### कहां तक पहुंचा...

आगे बढ़ गया है। गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, ग्वालियर और दतिया जिले तक ऑनसेट हो गया है। प्रदेश में केवल चंबल संभाग के भिंड सहित कुछ क्षेत्रों शेष है, जहां गुरुवार तक पहुंचने की उम्मीद है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

**नाम परिवर्तन**

मैं सुमित्रा मेहर पत्नि श्री मायाराम मेहर, आयु 60 वर्ष, निवासी-136, शिव नगर कॉलोनी, फेस-1, पार्ट-2, भानपुर, हुज़ूर, पीपुल्स कैंपस भोपाल, म.प्र. । मेरे शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम व सरनेम सुमित्रा मेहर पत्नि श्री मायाराम मेहर दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश समन्त्रा बाई मेहर पत्नि मयाराम मेहर दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम सुमित्रा मेहर पत्नि श्री मायाराम मेहर है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम सुमित्रा मेहर पत्नि श्री मायाराम मेहर के नाम से जाना व पहचाना जावे ।शपथ पत्र क्रमांक CU 906420

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम AKASH SHRIKHANDE था। अब मेरा नाम परिवर्तित होकर AKASH NARENDRA SHRIKHANDE हो गया है जो कि मेरा सही नाम है। अतः अब मुझे मेरे इसी सही नाम AKASH NARENDRA SHRIKHANDE से ही जाना पहचाना जाए। ADDRESS : B-7 Vardhman City Dada ji DAham Mandir Patel Nagar Raisen Road Bhopal 462022 M.P.

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रक्रिया से मुक्त बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
*DIRECT ADMISSION
Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23
UG COURSE: B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hon's)
PG COURSE: M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com : Accounts & Management B.Ed. : Bachelor of Education (Online Counselling)
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल



प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5902



**बाएँ से दाए**
1. असह्य,नागवार-5
4. कली-3
6. पराया,पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी,सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल,धोखा-3
16. पक्षी,उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा,पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत,मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल,जान-2
27. रसदार-3
28. जगत,दुनिया-2
29. नग,मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र,राधेय-3
5. वश,अधीन-2
7. संपूर्ण,पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली,शुद्ध-3
13. हठ करना,रोना -4
15. हारा हुआ,पराजित-3
16. मशवरा,सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना,स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी,चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5901 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ह | म | क | | जा | य | दा | द | |
| ल | | क | म | र | | न | म | न | | अ |
| व | स | | ता | त | | का | ज | | हा | र |
| कु | ली | न | | ल | ह | र | | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | | म | | आ | स | मा | न |
| | | | सा | फ | स | फा | ई | | | |
| अ | च | र | ज | | फ | | ना | ला | य | क |
| व | म | न | | ह | र | म | | ल | की | र |
| ता | न | | स | जा | | हा | र | | न | त |
| र | | क | र | म | | ब | ज | न | | ब |
| | ग | फ | ल | त | | त | क | दी | र | |

## सूडोकु नवताल - 5912

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5911 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत' के विजन को मिल रही मान्यता

# खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने देशभर में 11,480 सेवा क्षेत्र के लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत देशभर में 11,480 सेवा क्षेत्र के लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की।

केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत' के विजन को मान्यता मिल रही है और पीएमईजीपी योजना इसका मजबूत स्तंभ बन गई है। उन्होंने दोहराया कि यह योजना केवल वित्तीय सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन भी बन गया है जो लाखों युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ रहा है।



## कुल 218 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत

*मनोज कुमार ने कहा कि हर गांव में रोजगार और आत्मनिर्भरता पैदा करने में इस योजना की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इस वितरण कार्यक्रम में देश के सभी छह जोन ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने बताया कि सेंट्रल जोन के तहत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में कुल 2,403 परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की गई, जिसके लिए कुल 218 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया।*

## यहां 22 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित

*पूर्वी जोन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में 996 परियोजनाओं के लिए 22 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की गई, जबकि ऋण स्वीकृति लगभग 71 करोड़ रुपए थी। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए कुल 2,713 परियोजनाओं को 61 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई और इन परियोजनाओं के लिए 184 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया।वहीं, पूर्वोत्तर क्षेत्र की 81 परियोजनाओं को 2 करोड़ रुपए की सब्सिडी मिली, जिसमें असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा जैसे राज्य शामिल हैं।*

## यहां 116 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित

*आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के लिए 4,565 परियोजनाओं को कवर करते हुए 116 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की गई, जबकि इन परियोजनाओं के लिए 343 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए।*

ग्राहकों में भ्रम और अविश्वास की स्थिति

# गड़बड़ी.... पेट्रोल पंपों में अब नजर नहीं आ रहे पारदर्शी नोजल

पंपों पर आटॉमेशन सिस्टम फिर भी माप में हेरफेर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पेट्रोल पंप लोगों के साथ धोखाधड़ी आम बात है। अक्सर खबरें सामने आती रहती हैं कि ग्राहकों के साथ फ्यूल भरवाते समय धोखाधड़ी हो गई है। कभी-कभी ग्राहकों से ज्यादा पैसे वसूल लिए जाते हैं तो कभी-कभी उनकी गाड़ी के फ्यूल टैंक में सही क्वांटिटी में फ्यूल नहीं डाला जाता है। कई दफा तो मिलावटी फ्यूल भी डाल दिया जाता है। राजधानी के पेट्रोल पंपों पर ईंधन लेने पहुंचने वाले ग्राहकों द्वारा बड़ी गड़बड़ी की शिकायत की जा रही है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों की शह पर पेट्रोल पंप संचालकों और यहां के आपरेटरों द्वारा पेट्रोल - डीजल के माप में हेरफेर किया जा रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार पहले पंप में पारदर्शी नोजल लगे हुए थे जिसमें पेट्रोल-डीजल दिखता था । यह कदम संभवतः ईंधन की गुणवत्ता और मात्रा के बारे में ग्राहकों की चिंताओं को दूर करने के लिए उठाया गया है। लेकिन अब पंप संचालकों ने इस प्रकार के पारदर्शी नोजलों को




हटा दिया है और हरे रंग का ऐसा नोजल लगा लिए है जिसमें ईंधन नहीं दिखता है। जिससे ग्राहकों में भ्रम और अविश्वास की स्थिति है। इसके अलाव ग्राहकों की शिकायत है कि जितनी रकम देते है उतनी रकम का पंप आपरेटरों द्वारा वाहन में ईंधन नहीं भरा जा रहा है। इस क्षेत्र से जुड़े लोग और जानकार बताते हैं कि कहने को तो पेट्रोप पंपों पर कंपनी ने ऑटोमेशन सिस्टम लगा रहा है जिसकी मॉनीटरिंग कंपनी खुद करती है लेकिन इस ऑटोमेशन सिस्टम को भी सेट किया जाता है जिससे वास्तविक मात्रा से कम ईंधन उपभोक्ता को मिलता है। जानकारों के अनुसार कभी-कभी,



पंप का डिस्प्ले गलत रीडिंग दिखाता है, जिससे ग्राहकों को लगता है कि उन्हें पूरा ईंधन मिल रहा है, जबकि वास्तव में उन्हें कम मात्रा दी जाती है। कुछ पंपों में, ईंधन में मिलावट की जाती है, जिससे ग्राहकों को कम गुणवत्ता वाला ईंधन मिलता है। पेट्रोल की शुद्धता एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। मिलावटी पेट्रोल न केवल वाहन को नुकसान पहुंचा सकता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हो सकता है। इसलिए ग्राहकों को पेट्रोल खरीदते समय सतर्क रहना चाहिए और जहां तक संभव हो, पेट्रोल की गुणवत्ता की जांच करने का प्रयास करना चाहिए।

## मशीन का संपूर्ण मेंटेनेस कंपनी रखती है



कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले उपकरण ही पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा मशीन में लगते हैं। मशीन का संपूर्ण मेंटेनेस कंपनी रखती है।

**अजय सिंह**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन

न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति के चुनाव 1 जुलाई को

# निष्पक्ष निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त 605 व्यापारी चुनेंगे समिति के 10 पदाधिकारी



वाणिज्य प्रतिनिध ▶▶ भोपाल

राजधानी के प्रतिष्ठित बाजार न्यू मार्केट में सदस्य संख्या के हिसाब से व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति के चुनाव 1 जुलाई 2025 मंगलवार प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक दिनों में होंगे। इसे लेकर रंजीत मांझी को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। संगठन में कुल 605 व्यापारी सदस्य अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कुल 10 पदाधिकारी चुनेंगे। इस संगठन का दो महीने पहले ही रजिस्ट्रेशन हुआ है। नवगठित समिति के प्रथम पंचवर्षीय कार्यकाल 2025 से 2030 के लिए पदाधिकारी चयन चुनाव के लिए संस्थापक सदस्यों ने चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। समिति के सदस्य एवं व्यापारी रंजीत माझी को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं रमेश गनवानी को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

## एक महीने तक चला सदस्यता अभियान

*संस्थापक समिति ने बीते एक माह तक लगातार सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें न्यू मार्केट के 605 व्यापारियों ने विधिवत सदस्यता ग्रहण की। समिति अध्यक्ष सतीश गंगराड़े, उपाध्यक्ष अजय देवनानी, चंदीराम लखतानी, सचिव पुरुषोत्तम वरदानी, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव पलाश गर्ग, गौरव आरतवानी, सदस्य कृष्णा गंगराड़े, आदित्य गुप्ता, विकास रत्नावद ने चुनाव अधिकारियों का स्वागत किया।*

## चुनाव कार्यक्रम चस्पा

*न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी रंजीत मांझी ने बताया कि निष्पक्ष निर्वाचन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर चुनाव कार्यालय में चस्पा कर दिया गया है, संस्थापक समिति द्वारा हमें दी गई वैध सदस्यता सूची भी चुनाव कार्यालय में चस्पा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची पर आपत्ति एवं निराकरण 19 जून को 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्र फार्म का वितरण 20 जून शुक्रवार को दोपहर 12 से 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्र सभी पदों के लिए फॉर्म 21 जून दोपहर 12 से 4 तक जमा होंगे, नाम निर्देशन फॉर्म की जांच 21 जून 4 से 6 बजे तक, वैध प्रत्याशियों की सूची 21 जून शनिवार 6 बजे जारी होगा। प्रत्याशी नाम वापसी 22जून 2025 रविवार दोपहर 2 बजे तक, नाम वापसी के पश्चात शेष बचे उम्मीदवारों की सूची जारी 22 जून रविवार शाम 4 बजे, मतदान 1 जुलाई 2025 मंगलवार प्रातः श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के सामने टॉप एंड टाउन के पास 11 से शाम 4 बजे तक होगा।*

विकसित भारत की दिशा में कदम

# सीआईआई वायर टेक 2025 में बी2बी बिजनेस को मिली नई गति




वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

सीआईआई वायर टेक 2025 और पाइप्स एंड ट्यूब्स शो के दूसरे दिन का शुभारंभ बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर मुंबई में हुआ। जहां ऋषि कुमार बागला, चेयरमैन, सीआईआई वेस्टर्न रीजन 2025-26 एवं सीएमडी, बीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने उद्घाटन संबोधन दिया। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय एक्सपो और समिट में 200 से अधिक अग्रणी प्रदर्शकों और 2000 से ज्यादा व्यापारिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एक्सपो में वायर, केबल, पाइप और ट्यूब सेक्टर की नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। प्रमुख आकर्षणों में वेंडर डेवलपमेंट मीटिंग्स, टेक्नोलॉजी शोकेस, प्रोडक्ट लॉन्च और 8 विशिष्ट कॉन्फ्रेंस ट्रैक्स शामिल हैं। यह मंच उद्योग विकास को गति देने, वैश्विक साझेदारियों को बढ़ावा देने और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है।

नया कैंपेन खासतौर से तमन्ना भाटिया के साथ

# लाइफस्टाइल का सीजन की सबसे बड़ी सेल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेंगलुरु

लाइफ़स्टाइल ने एंड ऑफ सीजन सेल शुरू कर रहा है, जिसका लोग बहुत बेसब्री से इंतजार करते हैं, जिसमें खरीदारों को लेटेस्ट और मॉर्डन फैशन प्रोडक्ट की एक लंबी-चौड़ी कैटेगिरी पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एक खास ऑफ़र है, जिसमें उन्हें तुरंत 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

सीजन को और रोमांचक बनाते हुए, लाइफ़स्टाइल ने इस कैंपेन के लिए खासतौर से तमन्ना भाटिया के साथ साझेदारी की है। अपने नेचुरल चार्म और अखिल भारतीय अपील के लिए जानी जाने वालीतमन्ना नेइस नए कैंपेन में ग्लैमर और भरोसे का अनोखा मेल पेश किया है। नियम और शर्तें लागू रहेंगी। प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड और फैशन विकल्पों के बहुत बड़े सिलेक्शन के साथ, लाइफस्टाइल सेल फैशन के प्रति जागरूक रहने वाले खरीदारों को उचित कीमत पर अपने वॉडरोब को पूरी तरह से नई-नई चीज़ों से अपग्रेड करने की पहुंच देता है। इस सीजन का कलेक्शन,




नए व क्लासिक पीस वाले गर्मियों के तैयार डिज़ाइन का मेल है, जो हर खरीदार के लिए कुछ न कुछ लाया है, चाहे वह प्रीमियम स्टाइल की तलाश में हो या रोज़मर्रा के फैशन की। इस सेल को और भी ज़्यादा प्रासंगिक बनाने वाली बात यह है कि लाइफ़स्टाइल प्रीमियम और हाई-फ़ैशन प्रोडक्ट्स को ज्यादा सुलभ बनाकर फैशन उघोग के दायरे को बदल रहा है और एक ऐसा स्थान बना रहा है जहाँ कीमत और स्टाइल बहुत हद तक एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। लाइफस्टाइल के प्रवक्ता रितेश मिश्रा, अध्यक्ष, डिप्टी सीईओ ने कहा है कि हमारा कैंपेन खरीदारों को लाइफ़स्टाइल के एंड ऑफ सीजन सेल के जरिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को तलाशने के लिए आमंत्रित करता है। एक ऐसा कलेक्शन जिसमें स्टाइल और सुलभता का मेल है और इसमें तमन्ना की मौजूदगी कैंपेन को जिंदादिल बनाती है, जिससे सभी को आत्मविश्वास के साथ अपना सबसे अलग स्टाइल दिखाने की प्रेरणा मिलती है। भारतीय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कहा है कि मेरा मानना है कि फैशन केवल ट्रेंड नहीं है, बल्कि यह अपने आप को ज़ाहिर करने का तरीका है कि आप कौन हैं। मुझे लाइफस्टाइल सेल के बारे में जो बात सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि यह प्रीमियम, ट्रेंडी फैशन को हर किसी के लिए सुलभ बनाता है और लोगों को आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तित्व को अपनाने के लिए सशक्त बनाता है।

सोने के वायदा भाव में नरमी

# चांदी का भाव नए हाई पर, 1.10 लाख रुपए प्रति किलो के करीब पहुंचा




वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल

रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद अब सोने के भाव नरम पड़ गए हैं, लेकिन चांदी नए रिकॉर्ड बना रही है। बुधवार को भी इसके वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में सोने के भाव 102000 रुपए प्रति दस ग्राम रहा , जबकि चांदी के भाव 1,09,500 रुपए के करीब कारोबार किया । अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के भाव 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। गौरतलब है कि सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 169 रुपए की गिरावट के साथ 99,372 रुपए के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 164 रुपए की गिरावट के साथ 99,377 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 357 रु. की तेजी के साथ 1,09,352 रुपए पर खुला। चांदी के वायदा भाव ने बुधवार को 1,09,589 रुपए किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



भोपाल। एलएनसीटी के इंजीनियरिंग रसायन विज्ञान विभाग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत थीम मिशन लाइफ- पर्यावरण के लिए जीवन शैली के साथ एमपीसीएसटी प्रायोजित विश्व पर्यावरण दिवस-2025 मनाया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जागरूक करने और स्थिरता के लिए सामूहिक दृष्टिकोण के लिए स्वयं और अन्य व्यक्तियों को संगठित करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। एलएनसीटी ने 5 जून 2025 से विश्व पर्यावरण सप्ताह मनाया। एलएनसीटी के छात्रों ने पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ ली। निदेशक प्रशासन डॉ.अशोक राय और डॉ.अमितबोध उपाध्याय और डॉ. प्रवीण रंगोले ने एलएनसीटी कॉलेज परिसर में पौधे रोपे। छात्रों ने प्रश्नोत्तरी, रंगोली, एक्सटेम्पोर और पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए।

### टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट में पर्यावरण सप्ताह का आयोजन



भोपाल। टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस में पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथि डॉ निपुण सिलावट, प्रिंसिपल साईटिस्ट, मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी उपस्थित थे। उन्होंने प्लास्टिक से हो रहे प्रदूषण और पर्यावरण बचाने के उपायों पर महत्वपूर्ण बातें साझा की। सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के संचालक डॉ विकास गुप्ता ने उनका स्वागत किया और बताया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयासों से हम प्रकृति को संरक्षित रख सकते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन कोऑर्डिनेटर प्रो. डॉ. आरती श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। समारोह समापन धन्यवाद ज्ञापन प्रो. डॉ. अंकित नोयल विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल द्वारा दिया गया।

### दिव्या बनी महिला प्रकोष्ठ संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी बोर्ड की अध्यक्ष



भोपाल। संयुक्त संघर्ष मोर्चा, मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड, भोपाल मध्यप्रदेश के संयोजक बीबी फौजदार के द्वारा सुश्री दिव्या द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक, मंडी बोर्ड, मुख्यालय, को अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्त की गई है। दिव्या द्विवेदी की नियुक्ति पर संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड, भोपाल के प्रातांध्यक्ष अंगिरा पाण्डे, संतोष दीक्षित, रामवीर किरार, नैनसिंह सोलंकी, अध्यक्ष व वीरेंद्र कुमार नरवरिया, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव संदीप कुमार चौबे, मंडी बोर्ड क्रीडा समिति के पूर्व सचिव संजीव अग्निहोत्री सहित मंडी बोर्ड के अधिकारी / कर्मचारी राजेन्द्र झारिया, सालिक फारूखी, दीपक गोयल, नीलेश पंथी, राहूल देवहरे, संजय बाथम, दिनकरराव गजभिये और कुंदा बाकोड़कर, कमला मुवेल एवं सुनीता माडण्वे ने बधाई व शुभकामनाए दी।

### आईकू ने लांच किया आईकू जेड10 लाइट 5जी



नई दिल्ली। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने अपना लेटेस्ट ऑफरिंग- आईकू जेड10 लाइट 5जी लांच किया। यह स्मार्टफोन खास तौर पर आज के यूथ को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कॉलेज स्टूडेंट्स से लेकर उन यूज़र्स तक जो एक किफायती 5जी स्मार्टफोन में अपग्रेड करना चाहते हैं। यह डिवाइस बिंज-वॉचिंग, सोशल स्क्रॉलिंग और ऑनलाइन लेक्चर्स जैसे एक्टिविटीज के लिए फुली लोडेड एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस देता है। स्टाइलिश डिज़ाइन में फंक्शनल फीचर्स के साथ, जेड10 लाइट 5जी एक ऐसा स्मार्ट और रिलायबल कंपैनियन बनता है। सेगमेंट की सबसे बड़ी 6000एमएएच बैटरी के साथ आने वाला यह डिवाइस नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट के लिए तैयार है। यह मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर से पावर्ड है, जो स्मूथ 5जी कनेक्टिविटी और आईपी64 डस्ट वॉटर रेसिस्टेंस के साथ बेहतरीन परफॉर्मेंस देता है।

### पीएनबी ने 'रक्षक प्लस बचत खाता' योजना के तहत 17.02 करोड़ रुपए वितरित किए



नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने देश की सुरक्षा करनेवाले वीर सैनिकों के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करते हुए वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 11 जून तक अपनी प्रमुख रक्षक प्लस योजना के अंतर्गत 26 मृतक रक्षा और अर्धसैन्य बलों कर्मियों के परिवारों को 17.02 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की। सहायता प्राप्त करने वाले इन 26 परिवारों में बिरली गली जैसे अभियानों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कर्मियों के परिवार भी शामिल थे। उनके शौर्य और समर्पण को सम्मानित करते हुए, पीएनबी अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के समन्वय से, विभिन्न राज्यों के 26 स्थानों पर शोक संतप्त परिवारों को चेक सौंपते हुए हार्दिक समर्थन व्यक्त किया और उनके वीरतापूर्ण योगदान को सम्मानित किया। बिनय गुप्ता, सीजीएम, बीएआरएम, पीएनबी ने कहाकि शहीदों के परिवारों के साथ खड़े रहना हमारा परम कर्तव्य है। रक्षक प्लस योजना के माध्यम से, पीएनबी महज वित्तीय सहायता से कहीं अधिक प्रदान करता है। यह उनके अप्रतिम बलिदानों के लिए हमारे सम्मान और सतत समर्थन का प्रतीक है। हम अपने वीरों के साहस को सलाम करते हैं और उनके परिवारों के लिए शक्ति का एक स्तंभ बनने का संकल्प लेते हैं।

### केल्टन टेक सॉल्यूशंस को मिली फंड जुटाने को मंजूरी

नई दिल्ली। केल्टन टेक सॉल्यूशन्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी के बोर्ड ने प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर निवेशकों को प्राथमिक आधार पर 55,00,000 वारंट जारी करने और आवंटित करने के माध्यम से अधिकतम रु 69.30 करोड़ तक की फंड जुटाने को मंजूरी दी है। प्रमोटर ग्रुप, मैटनिक फिनवेस्ट एलएलपी, 45,00,000 वारंट सब्सक्राइब करेगा। जिसकी कुल राशि रु 56.70 करोड़ होगी। वहीं, नॉन-प्रमोटर निवेशक करनजीत सिंह और श्रीनिवास पोटलुरी मिलकर 10,00,000 वारंट सब्सक्राइब करेंगे। इसके अलावा, बोर्ड ने कंपनी के प्रत्येक मौजूदा इक्विटी शेयर को 5 इक्विटी शेयरों में विभाजित करने की मंजूरी भी दी है। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड तिथि शेयरधारकों से ईजीएम में मंजूरी मिलने के बाद तय की जाएगी। वित्त वर्ष 2024-2025 में कंपनी की कुल आय रु 10,999 मिलियन रही, कंपनी ने 1,298 मिलियन का एबिटा दर्ज किया। शुद्ध लाभ रु 798 मिलियन रहा।

### अमेजन फ्रेश पर क्यूरेटेड मिलेट स्टोर

बेंगलुरु। अमेजन फ्रेश के खासमिलेट स्टोरफ्रंट के साथ अब स्वच्छ ग्लूटन फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है । इस स्टोर में आसानी से पकने वाले मिक्सेज़, नेचुरल आटा और फाइबर-युक्त अनाज वो भी स्लॉटेड डिलीवरी और बेहतरीन कीमतों के साथ उपलब्ध है।

**जाहिर सूचना**

प्लाट क्रमांक-06 भूमि खसरा क्रमांक-970/2 का अंश भाग ग्राम फंदा कला बाबत् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी पक्षकारा आलिशा साखरे पत्नी श्री गौरव साखरे, निवासी-मकान क्रमांक 13 अरिहंत धाम कालोनी एम.एल. नगर उज्जैन मध्यप्रदेश ने एक किता प्लाट अविकसित अव्यपवर्तित कृषि भूमि का एक भाग स्थित जिसका खसरा क्रमांक- 970/2 कुल रकबा 1.6750 हेक्टेयर मेसे रकबा 0.0310 हेक्टेयर (0.0766 एकड़) को क्रय करने की दृष्टि से बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त प्लाट ग्राम फंदा कला पटवारी हल्का क्रमांक-38 राजस्व निरक्षण मण्डल 04 विकास खण्ड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है। उक्त प्लाट की चतुर्थ सीमाए निम्निलिखित है। पूर्व में विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम में विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर में अन्य की भूमि, दक्षिण दिशा में कच्चा रास्ता, यह की उक्त प्लाट के उक्त सव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, किसी संस्था, बैंक आदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन सात दिन के अंदर मय दस्तावेज/साक्षय के मेरे कार्यलय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय अवधि के पश्चायत अथवा दस्तावेज/साक्षय के अभाव में कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। तथा मेरे पक्षकार उक्त प्लाट के विक्रय पत्र का ई. पंजीयन अपने पक्ष में करवाने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय **मनोहर शेवानी** अधिवक्ता
कार्या.- बी न्यू 8/96 नियर बैंक ऑफ बडौदा संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ भोपाल म.प्र मो. न.- 9229698455

**आम सूचना**
**(मूल दस्तावेज गुम होने के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लक्ष्मी मदान पत्नी श्री कालूराम मदान के स्वामित्व का एक डुप्लेक्स जो कि प्लाट क्र. 01 पर निर्मित भूमि खसरा क्र. 196/11, एंव 196/12 का अंश भाग क्षेत्रफल 39.28 वर्गमीटर अर्थात 422.00 वर्गफिट अभिनव मंगल होम्स धरोहर एस्टेट, ग्राम दामखेड़ा, वॉर्ड क्र. 65, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है। चतुर्थ सीमाये दिशा पूर्व में- संपत्ति प्लाट क्र. 10, दिशा पश्चिम में- रोड, दिशा उत्तर में -अन्य की भूमि, दिशा दक्षिण में- संपत्ति प्लाट क्र. 10, से संबंधित दो पूर्व मूल पंजीयन विलेख जिसका इंद्राज उपपंजीयक कार्यालय भोपाल में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ नं. 27533, सरल नं.- 2558, दिनांक 25/01/2008 और पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ न. 28164, सरल नं.- 7/213, दिनांक 21/04/2008 पर अंकित है। जिसकी मूल प्रति श्रीमती लक्ष्मी मदान से कहीं गुम हो गई थी। जिनके गुम होने की सूचना पूलिस थाना अयोध्या में दे दी गई है। उपरोक्त संपत्ति को सम्यक बंधक कर उत्कर्ष स्माल फायनेन्स बैंक शाखा एम पी नगर भोपाल से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। अतः दोनों उक्त मूल पंजीयन विलेख जिस भी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृप्या सूचना देंवे, उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि नहीं है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेज का दुरूपयोग किया जाता है अथवा किसी प्रकार का कोई भी विधि विरूध कार्य करते हुते दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित करता है तो दण्डिक कार्यवाही की जायेंगी, इसके अतिरिक्त जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैरसरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तिय संस्था, या वारिसों को कोई आपत्ति हो तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें इसके उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अनुज जैन** भवदीय अधिवक्ता
चेम्बर नं.-138, उत्तमचन्द्र ईशरानी लायर्स चैम्बर जिला न्यायालय के पीछे अरेरा हिल्स जिला भोपाल
मोबा.- 09691386301

## चिंतन

# जी-7 से भारत ने साधे यूएस, कनाडा व पाक

कनाडा में आयोजित दो दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन में बतौर आमंत्रित देश के रूप में भाग लेने वाले भारत ने अपने तीन कूटनीतिक लक्ष्य साधे हैं। कनाडा की धरती से जी-7 मंच का उपयोग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समूह के सभी सदस्य देशों और अन्य देशों को कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद बड़ी चुनौती है। भारत का पड़ोसी पाकिस्तान आतंकवाद का प्रजनन स्थल है और आतंकवाद को लेकर जी-7 देशों के नेताओं का आंखें न मूंदे रहना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। पीएम मोदी को जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करने अवसर मिला, जिसमें उन्होंने विश्व का ध्यान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की ओर खींचा। इस वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला प्रत्येक भारतीय की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला था। आज जरूरी है कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में 'दोहरे मानदंडों' के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, क्योंकि आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है। अपनी कनाडा यात्रा के दौरान ही पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर करीब 35 मिनट बात की, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की स्थिति को साफ किया। कश्मीर या पाकिस्तान के मसले पर भारत किसी भी सूरत में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है, न पहले की और न भविष्य में करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी मुद्दा द्विपक्षीय मामला है। ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करने का फैसला भारत व पाक के बीच हुई डीजीएमओ स्तर की वार्ता में सहमति बनने के बाद किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार झूठ बोल कर इस सहमति में अपना हाथ बताकर श्रेय लेने की कोशिश करते रहे, जिससे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को आघात पहुंचा। पीएम मोदी की ट्रंप से वार्ता ऐसे समय में हुई, जब पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर अमेरिका में हैं और उनका ट्रंप के साथ लंच है। जानकारों को पच नहीं रहा है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति प्रोटोकॉल तोड़ कर जनरल मुनीर के आवभगत में क्यों लीन है? इसमें एक ही कारण नजर आ रहा है कि अमेरिका अगर ईरान पर सैन्य एक्शन लेगा तो उसे पाकिस्तानी एयर बेस की जरूरत पड़ेगी, इसलिए ट्रंप जनरल मुनीर को भाव दे रहे हैं। ट्रंप व मुनीर के बीच वार्ता में कश्मीर पर बात होने का भी अनुमान है, इसलिए पहले ही पीएम ने मध्यस्थता पर भारत का रुख साफ कर दिया व पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के ग्लोबल खतरे पर चिंता व्यक्त की। कनाडा में पीएम मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच वार्ता हुई, जिससे दोनों देशों के संबंध सुधार की पहल के तौर देखा जाना चाहिए। कनाडा में खालिस्तान समर्थक सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद वहां के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडाई संसद में इस हत्या में भारत के साथ का आरोप मढ़ने के बाद से भारत व कनाडा के संबंध खराब होते गए थे। पीएम मोदी व पीएम कार्नी ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ रिश्तों में आई खटास को मिटाने के लक्ष्य के साथ विवादित मुद्दों से किनारा किया। इससे भारत व कनाडा के संबंध सुधरने की नींव पड़ गई है। पीएम की इस यात्रा की सार्थकता को कनाडा से संबंध सुधार, अमेरिका को मध्यस्थता पर खरी-खरी और सबके लिए आतंकवाद के खतरे के प्रति विश्व को चेतावनी देने के रूप में रेखांकित किया जा सकता है।



**मोदी-कार्नी मिलन**
प्रो. आर.के. जैन

# कनानास्किस में पिघली तकरार की बर्फ

> जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस मुलाकात ने बर्फ को पिघलाकर एक नई शुरुआत की नींव रखी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जो केवल एक कदम नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, सहयोग और साझा भविष्य की ओर एक छलांग है। यह निर्णय उस समय आया, जब भारत-कनाडा संबंध अपने निम्नतम बिंदु पर थे। वर्तमान क्षण यह साबित करते हैं कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर एक साझा भविष्य गढ़ा जा सकता है। दोनों देश एक ऐसी यात्रा पर हैं, जो न केवल उनके रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि विश्व को एकजुटता का नया सबक देगी।

बर्फीली चोटियों और वैश्विक कूटनीति की गर्माहट से सजा कनाडा का कनानास्किस, उस ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब भारत और कनाडा ने अपने तनावग्रस्त रिश्तों को नई उड़ान देने का संकल्प लिया। यह मुलाकात, जो जी-7 शिखर सम्मेलन की पृष्ठभूमि में हुई, न केवल दो देशों के बीच विश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक मंच पर एक साहसी कूटनीतिक जीत भी है।

बीते सालों में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के बीच उपजा गहरा अविश्वास, राजनयिक निष्कासन और तीखे बयानों की आंधी में फंस गया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस मुलाकात ने बर्फ को पिघलाकर एक नई शुरुआत की नींव रखी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जो केवल एक कदम नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, सहयोग और साझा भविष्य की ओर एक छलांग है। यह निर्णय उस समय आया, जब भारत-कनाडा संबंध अपने निम्नतम बिंदु पर थे। 2023 में निज्जर की हत्या के बाद तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए, जिन्हें भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। इसने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संकट को जन्म दिया। राजनयिकों का निष्कासन, उच्चायुक्तों की वापसी और संवाद का लगभग ठप होना। भारत ने निज्जर को आतंकवादी माना, जबकि कनाडा में कुछ समूह उन्हें सिख समुदाय का नायक मानते थे। इस वैचारिक खाई ने दोनों देशों को एक-दूसरे से दूर कर दिया था, लेकिन मार्क कार्नी, जिन्होंने मई 2025 में कनाडा की कमान संभाली, ने एक नया दृष्टिकोण अपनाया। उनकी आर्थिक दूरदर्शिता और वैश्विक सोच ने भारत को जी-7 में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखा। कार्नी ने न केवल भारत को इस मंच पर आमंत्रित किया, बल्कि बैठक से पहले कहा - प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करना सम्मान की बात है। भारत की वैश्विक भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह बयान न केवल भारत के भू-राजनीतिक कद को रेखांकित करता है, बल्कि कनाडा की नई सरकार की सकारात्मक सोच को भी दर्शाता है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस मुलाकात को "कूटनीति का एक स्वर्णिम अध्याय" घोषित किया, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा करता है। नेताओं ने न केवल उच्चायुक्तों की बहाली पर एकमत होकर इतिहास रचा, बल्कि व्यापार, जन-जन के बीच जुड़ाव और अत्याधुनिक तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी शुरुआत का संकल्प लिया। यह मुलाकात इसलिए और भी खास है, क्योंकि कनाडा में 18 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग सांस्कृतिक और आर्थिक सेतु के रूप में दोनों देशों को जोड़ते हैं। 2023 में भारत-कनाडा द्विपक्षीय व्यापार 9.36 बिलियन डॉलर के प्रभावशाली आंकड़े तक पहुंचा, जिसमें भारत का निर्यात 5.56 बिलियन और कनाडा का 3.80 बिलियन डॉलर रहा।

इस साझेदारी को नई गति देने के लिए, दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खोले। एक प्रमुख नेता ने



जोश के साथ कहा, "हम भारत के साथ ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद और एआई जैसे वैश्विक मुद्दों पर मिलकर दुनिया के लिए एक मिसाल कायम करने को तैयार हैं।" यह बयान दोनों देशों के साझा सपनों और वैश्विक चुनौतियों से निपटने की अटूट इच्छाशक्ति को दर्शाता है। इस मुलाकात की सबसे बड़ी उपलब्धि है आपसी विश्वास की पुनर्स्थापना। कार्नी ने निज्जर मामले पर तीखी बयानबाजी से परहेज करते हुए कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा जताया, जिससे यह संदेश गया कि उनकी सरकार संवेदनशील मुद्दों को कूटनीति के जरिए हल करने को प्राथमिकता देगी।

भारत ने भी इस दृष्टिकोण का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्नी को उनकी चुनावी जीत की बधाई देते हुए कहा - भारत और कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों और आर्थिक संभावना के दो ध्रुव हैं। हमें मिलकर विश्व में लोकतंत्र और मानवता को मजबूत करना है। यह बयान न केवल दोनों देशों के बीच गहरे रिश्ते की पुनः पुष्टि करता है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को भी रेखांकित करता है। हालांकि, यह राह आसान नहीं है। कनाडा में खालिस्तानी समूहों की गतिविधियां और उनकी भारत-विरोधी बयानबाजी अभी भी एक चुनौती है। हाल ही में कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने 'प्रोजेक्ट पेलिकन' के तहत एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया, जिसमें खालिस्तानी समर्थकों की संलिप्तता की आशंका जताई गई।

यह कार्रवाई, जो मोदी की यात्रा से ठीक पहले हुई, कनाडा की नई सरकार की सख्ती को दर्शाती है। फिर भी, कनाडा में सिख समुदाय के कुछ संगठनों ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी के दौरे का विरोध किया, जो इस बात का संकेत है कि कूटनीतिक सुधार के रास्ते में कुछ बाधाएं अभी बाकी हैं। लेकिन कार्नी का यह बयान कि "कनाडा-भारत संबंध आपसी सम्मान और कानून के शासन पर आधारित होंगे," इन चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक मजबूत संकल्प को दर्शाता है। यह मुलाकात केवल राजनयिक नियुक्तियों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी साझेदारी का प्रारंभ है, जो वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी। कनाडा की कंपनियों का भारत में निवेश और भारतीय डायस्पोरा का कनाडा में योगदान इस रिश्ते की रीढ़ हैं। दोनों देशों के बीच स्वच्छ प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, और आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग न केवल उनके नागरिकों के लिए अवसर पैदा करेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में उनकी संयुक्त ताकत को भी प्रदर्शित करेगा। भारत, जो पहले से ही डिजिटल क्रांति और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है, और कनाडा, जो अपने नवाचार और प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है, मिलकर 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कनानास्किस की यह मुलाकात विश्व को एक शक्तिशाली संदेश देती है, कूटनीति की ताकत से कोई भी खाई पाटी जा सकती है।

यह न केवल भारत और कनाडा के लिए एक नया अध्याय है, बल्कि विश्व मंच पर सहयोग और संवाद की जीत है। जैसे ही दोनों देश अपने उच्चायुक्तों को एक-दूसरे की राजधानियों में भेजने की तैयारी कर रहे हैं, यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास की नई नींव है। यह क्षण, जब दो लोकतांत्रिक राष्ट्र एक-दूसरे की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं, यह साबित करता है कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर एक साझा भविष्य गढ़ा जा सकता है। भारत और कनाडा, अब एक ऐसी यात्रा पर हैं, जो न केवल उनके रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि विश्व को एकजुटता का नया सबक देगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

**11 वर्ष**
विकास खितौलिया




# चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास यात्रा जारी

चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये शब्द और विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल सेतु पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तिरंगा फहरा रहे थे तब ऐसे संदेशों से देश की करोड़ों जनता को गर्व का एहसास होता है। भले ही उनके विरोधी इसे सिनेमाई संवाद, फोटोग्राफी अंदाज़ कहें, पर कुछ भी कहिए प्रधानमंत्री मोदी के समकक्ष वर्तमान में कोई भी अन्य नेता दिखाई नहीं देता। वे देश और दुनिया के दिलों में समा गए हैं। पहलगांव आतंकी हमले के बाद हुई सफल सैन्य कार्रवाई के नामकरण 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की जनता के खासकर महिलाओं के मन को छुआ। यह पहला मौका था, जब हमारे पास घोषित 'सुरक्षा नीति' के साथ अंदरूनी मोर्चे पर माओवाद दम तोड़ रहा है। वहीं विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल सेतु का उद्घाटन करके और स्वदेशी तकनीक का लोहा बनवाकर देश को विकसित भारत की ओर ले जाने का काम किया है। हमारे देश में लगभग सभी राजनीतिक दल, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, चुनाव के समय लोक-लुभावने वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही उनको पूरा करना भूल जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा 'सबका साथ, सबका विकास', फिर इसमें जोड़ा 'सबका विश्वास' और अब इसमें 'सबका प्रयास' जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र सरकार की बागडोर थामे 11 वर्ष हो गए। उन्होंने अपना तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा किया है। उनके ये साल कामकाज के लिहाज से ऐतिहासिक रहे हैं। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर कानून और राम मंदिर निर्माण जैसे संवेदनशील व ऐतिहासिक निर्णयों ने उनकी राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाया। वह आज तक कोई चुनाव नहीं हारे, इससे बड़ी स्वीकारोक्ति और क्या हो सकती है? यहां यह मानने की भूल मत कर बैठिएगा कि मोदी सिर्फ आत्म-प्रदर्शन के भरोसे कायम हैं। बतौर प्रधानमंत्री उनके कई काम अनूठे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं और उनको सफलतापूर्वक लागू भी किया। हर जरूरतमंद को अन्न देने की व्यवस्था करनी हो या सस्ते मकान उपलब्ध कराना, यहां तक कि सस्ती चिकित्सा सुविधा और कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं मुहैया कराने का काम भी इस सरकार ने किया है। इस अवधि में देश ने आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में जीएसटी, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे ऐतिहासिक कदमों के माध्यम से न केवल निवेश आकर्षित किया, बल्कि देश की उत्पादन और तकनीकी क्षमताओं को भी मजबूत किया। वन रैंक वन पेंशन स्कीम लागू कर सेना के पूर्व सैनिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। वहीं सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे उज्ज्वला, विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान्न वितरण योजना और सैनिक साजो-सामान के स्वदेशीकरण, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत और पीएम किसान सम्मान निधि ने गरीबों और वंचितों के जीवन को सीधे-सीधे प्रभावित किया। बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व तेजी से सड़कों, रेलवे, और हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ। वहीं रिकॉर्ड स्तर पर राजमार्ग निर्माण, रेलवे आधुनिकीकरण, स्मार्ट सिटी मिशन और बुलेटिन परियोजनाओं की शुरुआत की। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने चीन से जुड़े संवेदनशील स्थानों तक सड़क और ट्रेन परिवहन का जाल बिछाने में गजब की तेजी दिखाई। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन का खासा महत्व है, लेकिन हमें ध्यान रखना होगा कि 2014 के बाद ही भारतीय जनता पार्टी को संसार के सबसे बड़े सियासी दल होने का गौरव हासिल हुआ। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास यात्रा जारी है और हम तेजी से विकासशील राष्ट्रों की कतार से निकलकर विकसित की जमात का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसमें नरेंद्र मोदी के योगदान से कैसे इनकार किया जा सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी और वैश्विक मंच पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। हालांकि कुछ आलोचनाएं और चुनौतियां भी सामने आईं, जैसे बेरोजगारी, महंगाई और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रश्न, लेकिन संपूर्ण दृष्टिकोण से यह कालखंड भारत के पुनर्निर्माण और सशक्तिकरण का समय माना जा सकता है। उम्मीद यही है कि प्रधानमंत्री इस बार भी सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। 'न्यू इंडिया' का सपना अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त दिशा है जिसमें देश अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व भारत को एक आत्मविश्वासी, विकसित और वैश्विक रूप से प्रभावशाली राष्ट्र की ओर ले जाने वाला परिवर्तनकारी युग सिद्ध हुआ है।

(लेखक शोधकर्ता एवं विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमरीका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमरीकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मान व छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### वार्षिक पास शुरू



15 अगस्त 2025 से 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान सहज बनेगा।
**-नीतिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### मध्यस्थता नहीं चाहिए



पहले दिन से हमने इस बात को स्पष्ट कर दिया था कि भारत को मध्यस्थता के लिए तीसरे देश की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान ने सामने से विनती की, तब हमने सीजफायर को स्वीकार किया।
**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### अभ्यर्थियों के लिए मुश्किल



आरपीएससी द्वारा फर्स्ट ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 23 से 4 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। इसी बीच यूजीसी ने नेट परीक्षा की तारीख 25 से 30 जून के बीच घोषित की है। राजस्थान सरकार को इस परिस्थिति को देखते हुए उचित निर्णय लेना चाहिए।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### भाजपा से उम्मीद नहीं



ये भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी हार है कि सैकड़ों लोगों की मृत्यु पर कोई उन भाजपाइयों से इस्तीफा भी नहीं मांगता है, जो सीधे-सीधे इसके लिए उत्तरदायी हैं। इसका साफ़ मतलब है कि जनता को भाजपा से कोई उम्मीद नहीं बची है।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने से कई उड़ानें हुई रद्द



इंडोनेशिया का माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी ज्वालामुखी बुधवार को फिर से धधक उठा और उसमें से राख व धुएं का गुबार फूटा, जिसके कारण आसपास के गांवों को खाली कराना पड़ा और पर्यटक द्वीप बाली आने वाली तथा वहां से जाने वाली उड़ानों समेत अन्य उड़ान सेवा को रद्द कर दिया गया। ज्वालामुखी में मंगलवार शाम से बुधवार दोपहर तक कई विस्फोटों के कारण राख आसमान में 5,000 मीटर तक फैल गयी। मंगलवार दोपहर को ज्वालामुखी फटने के बाद ज्वालामुखी से 10,000 मीटर ऊंचाई तक घने भूरे बादल देखे गये। राख का गुबार इतना विशाल था कि उसे 150 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। इस बीच, बाली हवाई अड्डे के पास ज्वालामुखी विस्फोट के कारण एअर इंडिया की बुधवार को दिल्ली-बाली उड़ान को बीच रास्ते से ही दिल्ली वापस ले जाना पड़ा। विमानन कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि फ्लाइट सुरक्षित रूप से दिल्ली में उतार ली गई और सभी यात्रियों को उतार दिया गया है। ज्वालामुखी फटने संबंधी चेतावनी को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया और खतरे के क्षेत्र का दायरा ज्वालामुखी से आठ किमी तक बढ़ा दिया।

## ऑफ बीट

# यूरेनियम संवर्धन क्या है कैसे होता है इस्तेमाल



यूरेनियम संवर्धन वास्तव में क्या है और यह चिंता का विषय क्यों है? यूरेनियम को 'संवर्धित' करने का क्या मतलब है, यह समझने के लिए आपको यूरेनियम आइसोटोप और अणु विखंडन प्रतिक्रिया में उसको विभाजित करने के बारे में थोड़ा जानना होगा। आइसोटोप क्या है? सभी पदार्थ अणुओं से बने होते हैं, और ये अणु प्रोटॉन, न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन से बने होते हैं। प्रोटॉन की संख्या ही परमाणुओं को उनके रासायनिक गुण प्रदान करती है, जो विभिन्न रासायनिक तत्वों को अलग करती है। अणुओ में प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन की संख्या बराबर होती है। उदाहरण के लिए, यूरेनियम में 92 प्रोटॉन होते हैं, जबकि कार्बन में छह होते हैं। हालांकि, एक ही तत्व में न्यूट्रॉन की संख्या अलग-अलग हो सकती है, जिससे तत्व के अलग-अलग संस्करण बनते हैं जिन्हें आइसोटोप कहते हैं। रासायनिक प्रतिक्रियाओं के लिए यह बात कोई मायने नहीं रखती, लेकिन उनकी नाभिकीय प्रतिक्रियाएं बहुत भिन्न हो सकती हैं। यूरेनियम-238 और यूरेनियम-235 के बीच अंतर जब हम यूरेनियम का खनन करते हैं तो इसका 99 .27 प्रतिशत हिस्सा यूरेनियम-238 होता है, जिसमें 92 प्रोटॉन और 146 न्यूट्रॉन होते हैं। केवल 0 .72 प्रतिशत हिस्सा यूरेनियम-235 होता है, जिसमें 92 प्रोटॉन और 143 न्यूट्रॉन होते हैं।

# मोदी की ट्रंप को दो टूक से कांग्रेस के हर झूठ का हो गया पर्दाफाश

भाजपा ने बुधवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का 'पर्दाफाश' कर दिया है। कांग्रेस हमेशा देश के बीर जवानों को अपमान करती है। उसके शौर्य पर हर कहीं सवाल उठाती है।

## मालवीय ने कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का 'पर्दाफाश' कर दिया है और यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का 'साझेदार' माना जाना चाहिए। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इस तथ्य को पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत को किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की न तो आवश्यकता है और न ही इसे स्वीकार करता है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया कि कांग्रेस को केवल अपनी छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

***कांग्रेस, उसकी ट्रोल सेना इस तथ्य को पचा नहीं पा रही***

***अमित ने कहा कांग्रेस दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे***

### किसी भी दल को विश्वास नहीं तो उसे पाक का साझेदार माना जाए



#### जयराम भी राहुल के समान जन्मजात झूठे

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के तहत भारत को 'कमजोर, तीसरी दुनिया के देश' के रूप में देखा जाता था। उनका कहना था कि आज, भारत एक उभरती हुई शक्ति है, विश्व स्तर पर एक चमकता सितारा। कोई भी झूठ उस सच्चाई को कम नहीं कर सकता। उन्होंने रमेश पर 'राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा' होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।

#### पड़ोसी के अनुरोध पर हमले रोके गए: पूनावाला

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधा और कहा कि 'कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा के कई नेताओं ने कांग्रेस



पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें स्पष्ट रूप से कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर 'रोके' थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या किसी व्यापार समझौते की पेशकश के कारण। ट्रंप के साथ हुई बातचीत में मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी और यह स्पष्ट किया कि भारत ने कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है और भविष्य में भी कभी स्वीकार नहीं करेगा।

## पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार: प्रदीप भंडारी



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पलटवार करते हुए कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि किसी तीसरे देश ने मध्यस्थता नहीं की और भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भारत के रुख पर भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

#### जयराम ने सर्वदलीय बैठक में बातचीत की जानकारी मांगी थी



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बातचीत हुई है?

---

## खबर संक्षेप

### सांसद बर्क समेत 23 के खिलाफ चार्जशीट पेश



**संभल।** जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल में आरोपी सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत 23 के खिलाफ एसआईटी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। सांसद व विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद आरोपी बनाया गया था। जफर अली एडवोकेट की भी गिरफ्तारी कर ली थी।

### घूमने निकले 3 बुजुर्गों सहित 4 की मौत

**आगरा।** यहां के थाना ट्रांस क्षेत्र के शाहदरा फ्लाई ओवर पर दर्दनाक हादसा हुआ। बुधवार सुबह



लखनऊ मंडी से मैक्स में आम भरकर ला रही गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। मैक्स अनियंत्रित हो गई। मैक्स डिवाइडर में टकराकर पलट गई। हाईवे किनारे सुबह टहलने के लिए निकले 3 लोग दब गए। चालक गंभीर घायल हो गया।

### राजस्थान कांग्रेस के 2 विधायकों को सजा

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 11 साल पहले सड़क जाम करने और भीड़ इकट्ठा करने



के मामले में कांग्रेस के दो विधायक को दोषी करार दिए गए हैं। एसीजेएम कोर्ट ने शाहपुरा से विधायक मनीष यादव और लाडनूं के विधायक मुकेश भाकर को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोनों को 1-1 साल की सजा सुनाई है।

### कोरोना से 24 घंटे में 4 मौतें, एक्टिव केस बढ़े

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए वैरिएंट से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में



4 मौतें हुई हैं। महाराष्ट्र में 2 और दिल्ली, केरल में 1-1 मरीज ने जान गंवाई। अब तक 113 की मौत हुई है। मृतकों में सबसे ज्यादा केरल में 36, महाराष्ट्र में 31 है। दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं। अभी 6,483 एक्टिव केस हैं।

---

### सरकार के आदेश पर विवाद के बाद बोले मुख्यमंत्री फडणवीस

# तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी सीखने की कोई 'अनिवार्यता' नहीं, हिंदी को बताया वैकल्पिक

एजेंसी ⏭ पुणे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य के छात्रों के लिए हिंदी सीखने की 'अनिवार्यता' नए आदेश में हटा दी गई है और अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। फडणवीस ने देहू में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अंग्रेजी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है, लेकिन भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि भाषाओं को लेकर विवाद अनावश्यक है। राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा था कि मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली से 5 वीं कक्षा तक के छात्रों को हिंदी 'सामान्य रूप से' तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी। संशोधित सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय 'सामान्य रूप से' तीसरी भाषा होगी, तथा यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो उन्हें इससे बाहर रहने का विकल्प दिया गया है।

*कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में 'छुरा घोंपने' का आरोप लगाया*

### *किसी भी तीसरी भारतीय भाषा का विकल्प दिया*



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले हिंदी को अनिवार्य कर दिया था, लेकिन अब सरकारी आदेश में उस अनिवार्यता को हटा दिया गया है। नए सरकारी आदेश के अनुसार छात्र किसी भी तीसरी भारतीय भाषा का विकल्प चुन सकते हैं। नई शिक्षा नीति (एनईपी) में त्रि-भाषा फॉर्मूला प्रस्तावित किया गया है। फडणवीस ने कहा कि नीति के अनुसार मातृभाषा अनिवार्य है और इसके अलावा छात्र दो अन्य भाषाएं सीखेंगे, जिनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। फडणवीस ने कहा कि स्वाभाविक रूप से, कई लोग तीन भाषाओं में से एक के रूप में अंग्रेजी को चुनते हैं।

#### अब हमने नियम को हटा दिया

उन्होंने कहा कि पहले हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में प्रस्तावित किया गया था क्योंकि इसके शिक्षक अच्छी संख्या में उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अब उस नियम को हटा दिया है। किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। यदि कम से कम 20 छात्र हैं, तो एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। यदि आवश्यक हो, तो ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां हर कोई अंग्रेजी को बढ़ावा देता है, वहीं भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है, जो उचित नहीं है। फडणवीस ने कहा कि भारतीय भाषाएं अंग्रेजी से बेहतर हैं। मैं समझता हूं कि अंग्रेजी संचार की भाषा है, लेकिन एनईपी की वजह से मराठी ज्ञान की भाषा बन गई है।

#### किसी तीसरी भाषा सीखने में नुकसान कैसा?

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह (ठाकरे) इस बात पर जोर दे रहे हैं कि केवल दो भाषाएं पढ़ाई जानी चाहिए और तीसरी भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए। मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की कि केंद्र ने काफी विचार-विमर्श के बाद एनईपी में त्रि-भाषा फॉर्मूला पेश किया है। उन्होंने कहा, कि यदि पूरा देश त्रि-भाषा फॉर्मूले का पालन कर रहा है, तो महाराष्ट्र दो-भाषा प्रणाली नहीं अपना सकता। फडणवीस ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने त्रि-भाषा फॉर्मूले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अदालत ने उसकी याचिका स्वीकार नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि किसी तीसरी भारतीय भाषा को सीखने में क्या नुकसान है? उन्होंने कहा कि एनईपी को देशभर के विशेषज्ञों द्वारा गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। एनईपी पर काम करते समय बच्चों की संज्ञानात्मक शक्ति, उनकी मानसिक क्षमताओं का विकास कैसे किया जाए, इन सभी को ध्यान में रखा गया है।

### छोटे बच्चों को 3 भाषाएं सीखने के लिए मजबूर न करें: राज



राज ठाकरे ने कहा कि हमें पहली और दूसरी कक्षा के छोटे बच्चों को तीन भाषाएं सीखने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। हमारे पास तीन भाषाएं, उनके विकल्प नहीं होने चाहिए। जब छठी कक्षा से अब तक तीसरी भाषा पढ़ाई जाती है तो पहली कक्षा से इसे मजबूर करने की क्या जरूरत है? राज ने कहा कि महाराष्ट्र में मूल रूप से शिक्षकों की कमी है। आप शिक्षकों पर अधिक भाषाएं पढ़ाने का बोझ क्यों डाल रहे हैं? क्या राज्य सरकार यह नीति इसलिए ला रही है ताकि आईएएस अधिकारियों के लिए हिंदी बोलना आसान हो जाए और उन्हें मराठी बोलना और सीखना न पड़े? अगर यह सरकार मराठी है तो यह अनिवार्यता वापस ले ली जाएगी। उन्होंने राज्य के स्कूलों से अपील की कि वे सरकार के 'जानबूझकर भाषायी विभाजन पैदा करने के गोपनीय एजेंडे' को विफल करें।

#### पिछले दरवाजे से की जा रही नीति लागू

कुछ मराठी समर्थक संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू में पीछे हटने के बाद 'पिछले दरवाजे' से नीति को पुनः लागू कर रही है। विपक्षी कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में 'छुरा घोंपने' का आरोप लगाया। फडणवीस ने कहा कि जीआर में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मराठी अनिवार्य है, जबकि हिंदी वैकल्पिक है।

---

### शिवराज ने मदद का दिया भरोसा

# बीजों, कीटनाशकों से संबंधित कानूनों को हम सख्त बनाएंगे

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान यह बात कही



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि सरकार बीज और कीटनाशक कानूनों को सख्त बनाएगी और किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण लागत सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानूनों में संशोधन कर सकती है। चौहान ने कहा कि कई किसानों ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई है। कृषक समुदाय तक पहुंच बनाने देशव्यापी अभियान 29 मई को ओडिशा के पुरी से शुरू किया गया था। अभियान का 12 जून को गुजरात के बारडोली में समापन हुआ। चौहान ने कहा कि अभियान बहुत सफल रहा। हमने 721 जिलों के 1.43 लाख गांवों में 1.34 करोड़ किसानों से सीधे संपर्क किया। जनजातीय, आकांक्षी और सीमावर्ती जिलों सहित 60,281 कार्यक्रम किए। घटिया बीज, कीटनाशकों की शिकायतें मिली हैं। इसलिए बीज अधिनियम को और अधिक सख्त बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे।

#### 'एक राष्ट्र-एक कृषि एक टीम'

चौहान ने अभियान को 'एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम' बताते हुए कहा कि यह केंद्र और राज्यों का एक सहयोगात्मक प्रयास था जिसमें आईसीएआर और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के 8,280 वैज्ञानिकों की 2,170 टीमें शामिल थीं। इस दौरान नए शोध, प्रत्येक जिले की मिट्टी की सेहत और जलवायु की स्थिति के आधार पर फसल सलाह और प्राकृतिक/जैविक खेती के लाभ पर चर्चा की गई। चौहान ने कहा हमें किसानों से कई सुझाव मिले हैं जो बहुत उपयोगी हैं। कृषि संबंधी योजना और नीतियां बनाते समय हम उन सुझावों को ध्यान में रखने की कोशिश करेंगे। वैज्ञानिक किसानों की प्रतिक्रिया के आधार पर शोध भी करेंगे और प्रगतिशील किसानों द्वारा किए गए कई नवाचार को लोकप्रिय बनाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि हर जिले में केवीके को एक नोडल एजेंसी बनाने का फैसला किया है।

#### कीटनाशक अधिनियम में संशोधन करेंगे

कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि बीज अधिनियम, 1966 में एक साल के भीतर बदलाव लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नकली कीटनाशकों की बिक्री को रोकने के लिए कीटनाशक अधिनियम, 1968 में संशोधन किया जाएगा। कृषि मंत्रालय गैर-प्रमाणित बीजों को विनियमित करने और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए दंड बढ़ाने के तरीकों पर विचार कर रहा है।

---

### बुलंदशहर में दर्दनाक हादसा

## पुलिया से टकराकर पलटी कार, पांच लोग जिंदा जले

एजेंसी ⏭ बुलंदशहर



उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एक कार पुलिया से टकराकर पलट गई और फिर आग लग गई। कार सवार 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जहांगीराबाद थाना इलाके में जहांगीराबाद-बुलंदशहर मार्ग पर गांव चांदौक चौराहे के पास बदायूं की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार पुलिया से टकरा गई। एक युवती की हालत गंभीर है। ये सभी बदायूं में शादी समारोह से दिल्ली लौट रहे थे। हादसे की वजह ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। गांव चमनपुरा निवासी तनवीर अहमद दिल्ली में रहते हैं। उनकी पुत्रियां गुलनाज, मोमिना, पुत्र तनवीज अहमद, एक अन्य किशोरी निदा और जुबेर अली निवासी खैरपुर बल्ली के साथ दो वर्षीय पुत्र जैनुल बुधवार सुबह कार से दिल्ली जाने के लिए निकले थे।

### क्लासरूम घोटाले में ईडी का एक्शन

## मनी लान्ड्रिंग में ठेकेदारों के 37 ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में ईडीने क्लासरूम निर्माण घोटाला मामले में 37 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने घोटाले की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत कई ठिकानों पर छापा मारा है। ईडी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एफआईआर पर संज्ञान लेते हुए पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की है। ईडी ने एफआईआर में दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप था कि स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताएं की गई थीं। सिसोदिया ने 193 स्कूलों में 2400 से अधिक कक्षाओं का निर्माण कराया था।

### *नाबालिग की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी*

## माय लॉर्ड मेरी शादी खत्म कीजिए... ससुर ने उसको कैद करके रखा था

फिलहाल दोस्त के साथ फरार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक नाबालिग लड़की ने अपनी शादी को रद्द करने की मांग की है। याचिका में 16 साल की लड़की ने पति पर विवाह के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ भी निर्देश देने की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया कि उसकी इच्छा के विरुद्ध 9 दिसंबर 2024 को शादी कर दी गई, जब उस समय वह साढ़े सोलह वर्ष की थी। लड़की ने दावा किया कि उसके ससुर ने उसे कैद में रखा हुआ था



#### परिवार ने जबरन कराया था बाल विवाह

लड़की की इच्छा शिक्षा जारी रखने की थी, पर इसका बाल विवाह करा दिया गया और इस विवाह को बनाए रखने का विरोध करने की वजह से उसकी जान को खतरा है। नाबालिग ने दावा किया कि वह फिलहाल अपने एक दोस्त के साथ फरार है और उसे डर है कि अगर वे बिहार लौटेंगे तो उन्हें मार दिया जाएगा।

#### नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित करे बिहार और दिल्ली पुलिस

शीर्ष कोर्ट ने बिहार के पुलिस महानिदेशक और दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे अपनी शादी को रद्द करने की मांग कर रही नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि लड़की और उसके दोस्त को अपनी जान को खतरा है। अधिकारी उनसे संपर्क करके आवश्यक सहायता प्रदान करें।

---

### *साहित्य अकादमी ने सम्मान से नवाजने का किया ऐलान*

## हिंदी में सुशील शुक्ल समेत 24 भाषाओं के लेखकों को 'बाल साहित्य पुरस्कार' मिलेंगे



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साहित्य अकादमी ने हिंदी में सुशील शुक्ल, अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी और उर्दू में गजनफर इकबाल समेत 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को 2025 के प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार से नवाजने का बुधवार को ऐलान किया। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव के हवाले से बताया गया है कि एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50 हजार की सम्मान राशि दी जाएगी।

#### हिंदी में 'एक बटे बारह' पुरस्कृत

हिंदी में शुक्ल को उनकी कहानी 'एक बटे बारह' के लिए पुरस्कार मिलेगा। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को 'दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड', उर्दू में इकबाल को 'कौमी सितारे' व मैथिली में मुन्नी कामत को 'चुक्का', बांग्ला में त्रिदिब कुमार चट्टोपाध्याय को 'एखोनो गाये कांटा देय', गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को 'टिंचक', मराठी में सुरेश सावंत को 'आभालमाया' और पंजाबी में पाली खादिम (अमृत पाल सिंह) को 'जादू पत्ता', भोगीलाल पाटीदार को 'पंखेरुवं नी पीड़ा', संस्कृत में प्रीति पुजारा को 'बाल विश्र्वम', संथाली में हरलाल मुर्मू को 'सोना मिरु-अग संदेश', नेपाली में साड़मु लेप्चा को 'शांति वन', असमिया में सुरेंद्र मोहन दास को 'मैनाहंतर पद्द', बोडो में बिनय कुमार ब्रह्मा को 'खान्थि बोसोन आरो आखु दानाय', डोगरी में पीएल परिहार 'शौक' को 'नन्हीं टोर' कोंकणी में नयना आडारकार सम्मानित होंगे।

### 550 जिलों में 65 हजार आदिवासी बहुल गांवों में आदिवासी कल्याण योजनाएं होंगी लागू

'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'

## आदिवासी उत्थान में जुटी मोदी सरकार

### योजनाएं दरवाजे तक पहुंचे उसका फार्मूला तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत देश के लगभग 550 जिलों में 65 हजार आदिवासी बहुल गांवों में आदिवासी कल्याण योजनाओं को लागू करने की योजना बनाई है। इस अभियान पर 80 हजार करोड़ खर्च किए जाने की व्यवस्था की गई है।

देश के आदिवासी समुदायों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक उत्थान के लिए शुरू होने वाली योजना से समाज के निचले पायदान पर खडे लोगों को विकास की मूलधारा के साथ जोडा जा सकेगा। अभियान का मुख्य लक्ष्य आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से समग्र विकास करना है।



#### सभी राज्यों में खोले जाएंगे जिला संयोजक कार्यालय

मध्य प्रदेश के 25 जिलों में जिला संयोजक कार्यालय स्थापित किए गए हैं। सभी राज्यों में जिला संयोजक कार्यालय खोला जाना है। देश के 15 ऐसे जिलों की पहचान की गई है जहां 11 अभिकरण विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास का काम अलग से किया जाना है। आदिवासी समुदायों को योजनाओं की जानकारी देने और तत्काल लाभ पहुंचाने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन तक न योजनाओं की जानकारी है न ही लाभ लाभार्थियों तक पहुंच पा रहा।

#### टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 1 लाख तक का ऋण

झारखंड के खलारी प्रखंड में शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, और अन्य सुविधाएं प्रदान की गईं। अभी तक की योजनाओं में टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना तहत एसटी के युवाओं को सेवा व्यवसाय शुरू करने 10,000 से 1 लाख तक का ऋण प्रदान किया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना आदिवासियों को स्वरोजगार को प्रोत्साहित करती है, जिसमें 1 लाख से 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

#### विद्यार्थी कल्याण योजना के तहत 10 हजार रुपए की सहायता

अनुसूचित जनजाति प्रशिक्षण (कोचिंग) योजना का उद्देश्य आदिवासी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है। विद्यार्थी कल्याण योजना कक्षा 1 से 12 तक और कॉलेज में पढ़ने वाले आदिवासी छात्रों को आकस्मिक जरूरतों के लिए 1,000 से 10,000 तक की सहायता दी जाती है। विद्यार्थियों के लिए कक्षा 5 और 8 में 45 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रावीण्य छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे सूत्रों ने बताया कि कई आदिवासी क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी नहीं पहुंच पाती, जिसके कारण लाभार्थियों तक लाभ नहीं पहुंचता।

तटीय सुरक्षा होगी और मजबूत

# देश का पहला एंटी सबमरीन वारफेयर 'अर्णाला' भारत के समुद्री बेड़े में शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का पहला एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'अर्णाला' बुधवार को भारत के समुद्री बेड़े में शामिल किया गया। महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक 'अर्णाला' किले के नाम पर बना यह युद्धपोत भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दर्शाता है। यह पोत भारत की नौसैनिक क्षमताओं में बड़ा बदलाव लाने के साथ ही तटीय सुरक्षा को मजबूत करेगा। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में उभरेगा।

विशाखापट्टनम के नौसेना डॉकयार्ड में आज चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की अध्यक्षता में कमीशनिंग समारोह में जहाज को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। युद्धपोत निगरानी टीमों की देखरेख में निर्मित 'अर्णाला' को 8 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। विभिन्न खतरों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे 'अर्णाला' किले की तरह इस जहाज को समुद्र में मजबूत उपस्थिति के लिए डिजाइन किया गया है।

*'अर्णाला' जहाज को पानी के नीचे निगरानी रखने, तलाश और बचाव कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन (एलआईएमओ) के लिए तैयार किया गया है। इन जहाजों की प्राथमिक भूमिका तटीय और उथले पानी वाले क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना और उन्हें ट्रैक करना है*

**स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ये जहाज पुराने अभय श्रेणी के कोरवेट की जगह लेंगे**




## हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की स्थिति और मजबूत होगी

*नौसेना के अनुसार 'अर्णाला' जहाज को पानी के नीचे निगरानी रखने, तलाश और बचाव कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन (एलआईएमओ) के लिए तैयार किया गया है। इन जहाजों की प्राथमिक भूमिका तटीय और उथले पानी वाले क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना और उन्हें ट्रैक करना है। पानी के नीचे के खतरों को बेअसर करने के लिए इनमें हल्के टॉरपीडो, एएसडब्ल्यू रॉकेट, एंटी-टॉरपीडो डिकॉय और उन्नत माइन-लेइंग क्षमताओं सहित अत्याधुनिक हथियार सूट की सुविधा है। ये जहाज भारत के विशाल समुद्र तट और महत्वपूर्ण अपतटीय संपत्तियों को पनडुब्बी खतरों से निरंतर और प्रभावी सुरक्षा प्रदान करेंगे, जिससे भारतीय नौसेना को हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ते भूमिगत खतरे का मुकाबला करने में मदद मिलेगी।*

### निर्माण में 55 से अधिक एमएसएमई शामिल

स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित 16 पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत (एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट) में से यह पहला पोत है। इस युद्धपोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसमें भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), एलएंडटी, महिंद्रा डिफेंस और एमईआईएल सहित प्रमुख भारतीय रक्षा फर्मों की उन्नत प्रणालियां शामिल हैं। इस परियोजना में 55 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ने सहयोग दिया है। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में निर्मित ये जहाज पुराने हो चुके अभय श्रेणी के कोरवेट की जगह लेंगे।

### माइन बिछाने की उन्नत क्षमता से युक्त

एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट पोत के शामिल होने से भारतीय नौसेना की उथले पानी की पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमता में बढ़ोतरी होगी। यह माइन बिछाने की उन्नत क्षमता से युक्त है। यह भारतीय नौसेना का 1490 टन से अधिक सकल भार वाला 77 मीटर लंबा डीजल इंजन-वाटर जेट से संचालित होने वाला सबसे बड़ा युद्धपोत है। जहाज का बख्तरबंद पतवार किले की स्थायी पत्थर की दीवारों को दर्शाता है, जबकि इसके अत्याधुनिक हथियार और सेंसर उन तोपों की जगह लेते हैं, जो कभी आक्रमणकारियों से बचाव करते थे।

**खबर संक्षेप**

### पाक में जाफर एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतरे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जैकोबाबाद में मवेशी बाजार के पास रेलवे पटरी के पास लगाए गए एक बम की चपेट में आने से जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के छह डिब्बे बुधवार को पटरी से उतर गए। यह दुर्घटना सिंध प्रांत के जैकोबाबाद जिले में हुई जो बलूचिस्तान प्रांत की सीमा पर स्थित है। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। विस्फोट के बाद पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी कर दी। इस बात की जांच की जा रही है कि यह विस्फोट किस कारण हुआ। विस्फोट के बाद मार्ग पर ट्रेन परिचालन अस्थायी रूप से बाधित हो गया।

### भारत के चार स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ सूची में



**लंदन।** 'टी4 एजुकेशन' और 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल प्राइजेज' के संस्थापक विकास पोटा ने भारत में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के चार स्कूलों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष 10 की सूची में नामित किया गया। यह पुरस्कार समारोह समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए ब्रिटेन में आयोजित किया जाता है। विभिन्न श्रेणियों के विश्वव्यापी विजेताओं की घोषणा अक्टूबर में की जाएगी।

## कनाडा में पीएम मोदी ने जी7 आउटरीच सत्र को किया संबोधित

# ऊर्जा सुरक्षा भावी पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक, दिया भारत का 4ए सूत्र

एजेंसी ▶▶ कनानास्किस (कनाडा)

पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडा कनाडा के कनानास्किस में बुधवार को 'जी7 शिखर सम्मेलन' के आउटरीच सत्र को संबोधित किया। इस सत्र का विषय था 'ऊर्जा सुरक्षाः विविधता, तकनीक और बुनियादी ढांचा ताकि बदलती दुनिया में पहुंच और वहन क्षमता सुनिश्चित की जा सके।' इस दौरान पीएम मोदी ने बताया कि भारत का तकनीक के प्रति दृष्टिकोण मानवीय केंद्रित है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत के 4ए सिद्धांतों पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

पीएम मोदी ने 4ए दृष्टिकोण विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत की समावेशी विकास की प्रतिबद्धता उपलब्धता (अवेलबिलिटी), पहुंच (एक्सेसिबिलिटी), वहनीयता (एफोर्डेबिलिटी) और स्वीकार्यता (एक्सेपटबिलिटी) जैसे चार सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन उसने पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले ही पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। पीएम मोदी ने 'आतंकवाद का समर्थन और उसे बढ़ावा देने वाले देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई' का आह्वान किया।

उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की बात पर जोर दिया। वहीं, आमंत्रण के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी को धन्यवाद दिया और जी7 समूह को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई दी।

पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी तकनीक तब ही प्रभावी होती है, जब वह आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने कहा कि एआई से जुड़ा वैश्विक शासन एक अहम मुद्दा है

*भारत ने पेरिस लक्ष्यों को समय से पहले ही पूरा कर लिया*

*आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों पर हो सख्त कार्रवाई*




### कौशल नवाचार बढ़ाने का उपकरण बन चुका एआई

पीएम ने तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऊर्जा के आपसी संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि जहां एआई, कौशल और नवाचार बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है।

### भारत और क्रोएशिया के बीच हुए कई समझौते

**जाग्रेब।** भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और क्रोएशिया के पीएम आंद्रेज प्लेंकोविच की मौजूदगी में आज जाग्रेब में भारत और क्रोएशिया के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रतिनिधिमंडल की ओर से सहयोग के चार विषयों पर एमओयू साइन किया गया। सहयोग के ये चार क्षेत्र हैं, कृषि और उससे जुड़े क्षेत्र, विज्ञान और तकनीक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जगरेब यूनिवर्सिटी में हिंदी चेयर की स्थापना। दोनों शीर्ष नेताओं ने चार एमओयू साइन किए जाने का स्वागत किया।

### मानव केंद्रित हो तकनीकी दृष्टिकोण

भारत के मानव केंद्रित तकनीकी दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी तकनीक तब ही प्रभावी होती है, जब वह आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने कहा कि एआई से जुड़ा वैश्विक शासन एक अहम मुद्दा है, जिसे हल करना जरूरी है, ताकि नवाचार को बढ़ावा मिले।

### भारत ने शुरू कीं कई वैश्विक पहलें

*पीएम मोदी ने कहा कि तकनीक-आधारित दुनिया में सतत विकास के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा और इसके लिए लोगों को प्रगति के केंद्र में रखना होगा। पीएम ने दुनिया के सामने भारत की हरित और टिकाऊ भविष्य की प्रतिबद्धता को लेकर बताया कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन, मिशन लाइफ , वन सन-वन वर्ल्ड-वन ग्रिड जैसी कई वैश्विक पहलें शुरू की हैं।*

### वैश्विक नेताओं से की मुलाकात

पीएम नरेंद्र मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन के इतरअपने वैश्विक समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं जिनमें व्यापार, निवेश, आतंकवाद के खिलाफ कदमों और वैश्विक चुनौतियों जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। पीएम मोदी ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टॉर्मर, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज, जापान के पीएम शिगेरु इशिबा, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से मुलाकात की।

**भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक**

उच्चायुक्तों की शीघ्र वापसी होगी

## संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर हुए राजी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में जमी हुई बर्फ भविष्य में पिघलती हुई नजर आएगी। इसका सबसे बड़ा कारण जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर बुधवार को कनानसकीस में भारत और कनाडा के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक है। जिसमें दोनों नेताओं ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के सम्मान और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के आधार पर दोनों देशों के संबंधों के महत्व पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए संतुलित और रचनात्मक कदम उठाने पर सहमत हुए। एक-दूसरे के देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की शीघ्र वापसी से होगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। कनाडा में इस साल की शुरुआत में हुए आम चुनावों में मिली जीत के बाद मार्क कार्नी के बतौर प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह पहला ऐसा मौका था। जब भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच बातचीत हुई। बैठक ने दोनों पक्षों को भारत-कनाडा संबंधों की वर्तमान स्थिति, भविष्य के बारे में खुले और स्पष्ट विचारों के साथ चर्चा करने का अवसर प्रदान किया।


### इन विषयों पर भी हुई चर्चा

दोनों के बीच स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एलएनजी, खाद्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, उच्च शिक्षा, गतिशीलता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला जैसे तमाम क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया गया। एक स्वतंत्र और खुले हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में दोनों नेताओं ने अपनी साझा रुचि जाहिर की। व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौते (ईपीटीए) पर रुकी हुई बातचीत को फिर से शुरू करने पर चर्चा की। इस संबंध में आगे बढ़ने के लिए अपने-अपने अधिकारियों को कार्य सौंपने पर पीएम मोदी और पीएम कार्नी ने अपनी सहमति व्यक्त की।

### चिंताओं के लिए आपसी सम्मान जरूरी

मंत्रालय ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं ने बैठक में चिंताओं और संवेदनशीलताओं के लिए आपसी सम्मान, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और बढ़ती आर्थिक पूरकताओं पर आधारित रचनात्मक और संतुलित साझेदारी को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्वास बहाली और संबंधों में गति लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय, कार्यस्तरीय संबंधों को पुनः शुरू करने के महत्व पर भी बल दिया गया।

## घाटी में पर्यटनस्थलों पर लौटी बहार




# जेएंडके संभाग के 16 पर्यटन स्थल सैलानियों के लिए खुले

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा समीक्षा के बाद मंगलवार को 16 पर्यटन स्थल फिर खोले गए। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद घाटी के 48 स्थल बंद कर दिए गए थे। खुलने वाले स्थलों में श्रीनगर का बादामवारी पार्क, निगीन डक पार्क और हजरतबल तकदीर पार्क; अनंतनाग का वेरीनाग, कोकरनाग व अच्छाबल; तथा पहलगाम की बेताब घाटी और स्थानीय बाजार के पार्क शामिल हैं। बादामवारी पार्क और बेताब घाटी खुलने से पहले ही सैलानियों की भीड़ जुट गई। हालांकि अभी पर्यटकों की संख्या कम है, लेकिन इन स्थलों के खुलने से इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है।

### सरथल में पर्यटकों की आमद से रौनक

मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी के बीच सरथल घाटी में पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है, जिससे इलाके में दूर-दराज से आए सैलानियों की वजह से चहल-पहल बढ़ गई है और स्थानीय व्यापारियों में खुशी की लहर है। सरथल मंदिर के पास चाय-नाश्ते की दुकान चला रहे जसवंत सिंह ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार जून में ही काफी पर्यटक आने लगे हैं, जिससे उनका रोजगार बहाल होने लगा है। नजीर अहमद ने कहा कि पर्यटकों के आने से होटल, रिजॉर्ट से लेकर छोटे दुकानदारों तक को फायदा होता है।

### सुला पार्क में पहले ही दिन भीड़

*सुला पार्क को मंगलवार को आधिकारिक तौर पर खोल दिया गया। कटड़ा मार्ग पर स्थित इस पार्क में खुलने के पहले दिन ही लोगों की भीड़ दिखी, जबकि पिछले दिनों में स्थानीय लोगों की आवाजाही सीमित थी। श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से श्री शिवखोड़ी धाम जाने वाले यात्रियों ने सुला में पड़ाव के दौरान पार्क में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। दो ठंडे पानी के स्विमिंग पूल में बड़ी संख्या में बच्चों और बुजुर्गों ने गर्मी से राहत पाई। संयम अरोड़ा ने बताया कि पिछले दिनों की तुलना में मंगलवार को पार्क में काफी भीड़ थी।*

**जंगलचट्टी के पास भारी भूस्खलन**

# पांच मजदूर खाई में गिरे दो की मौत, तीन घायल

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी के पास बड़ा हादसा हो गया। पहाड़ी से अचानक भारी मलबा गिरने के चलते पांच मजदूर इसकी चपेट में आकर गहरी खाई में जा गिरे। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई।

दोनों मृतक जम्मू निवासी थे जोकि डंडी-कंडी संचालन का काम करते थे। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पहाड़ी पर भूस्खलन की वजह से यह घटना हुई। मृतकों में नितिन कुमार पुत्र रावेल सिंह जिला डोडा जम्मू कश्मीर (पालकी मजदूर) उम्र 18 वर्ष और चंद्रशेखर जिला डोडा जम्मू कश्मीर (पालकी मजदूर) हैं। वहीं, तीन घायलों में संदीप कुमार पुत्र दया कृष्णा ग्राम गली तहसील जिला डोडा जम्मू (पालकी मजदूर), आकाश चितरीय पुत्र दामोदर दास निवासी भावनगर गुजरात और नितिन मन्हास पुत्र मनजीत जिला डोडा जम्मू (पालकी मजदूर) शामिल हैं।



### इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण

**मोहला।** छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में बुधवार को इनामी नक्सली दंपति ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डिविजनल कमेटी सदस्य जीवन उर्फ राम तुलावी (45) और उसकी पत्नी एवं एरिया कमेटी सदस्य अगासा उर्फ आरती (38) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला में राजनांदगांव क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान साझा करने पर चर्चा की

## भारत और यूक्रेन के बीच कृषि पर संयुक्त कार्य समूह की पहली बैठक का आयोजन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूक्रेन के बीच कृषि पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की पहली बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता कृषि और किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव (आईसी) अजीत कुमार साहू तथा यूक्रेन की कृषि नीति एवं खाद्य उप मंत्री ओक्साना ओस्माचको ने की। यह बैठक कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

साहू ने भारत की उल्लेखनीय कृषि उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कृषि और उससे संबद्ध क्षेत्रों का अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई कई नवीन गतिविधियों व कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जिनमें डिजिटल समाधानों का इस्तेमाल, जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, जोखिम शमन और सरकार की ऋण पहल शामिल हैं। साहू के द्वारा उल्लिखित अन्य प्रमुख



कार्यक्रमों में राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (तिलहन), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन) और ई-नाम शामिल हैं, जिनका उद्देश्य कृषि क्षेत्र व ग्रामीण विकास में वृद्धि को बढ़ावा देना है।

ओक्साना ओस्माचको ने भारत के साथ अपनी मूल्यवान साझेदारी को विस्तार देने के लिए यूक्रेन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कृषि मशीनीकरण, डिजिटल कृषि, जीनोम संपादन, पादप प्रजनन प्रौद्योगिकी, मृदा उर्वरता और मृदा मानचित्रण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने में यूक्रेन की गहरी रुचि व्यक्त की।

**जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिले पीएम मोदी**

# विमान हादसे के बाद पहली बार हुई भारत-ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद में हाल ही में हुए अत्यंत दर्दनाक एयर इंडिया विमान हादसे के बाद कनाडा के कनानसकीस में आयोजित किए गए जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों की एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई।

पीएम मोदी ने एक्स पर इसके बारे में बताते हुए लिखा, बीते 17 जून को कनानसकीस में 51वें जी-7 शिखर सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ बातचीत की। दोनों देशों के संबंध मजबूत हो रहे हैं। जो कि व्यापार और वाणिज्य में हमारी प्रगति से झलकता है। प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ अपनी बातचीत को पीएम मोदी ने असाधारण बताया। यहां बता दें कि एयर इंडिया का यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। लेकिन तभी रनवे से उड़ान भरने



के चंद मिनटों के भीतर ही यह हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना के वक्त विमान में सवार कुल 242 में 241 लोगों की दुखद मौत हो गई थी। जबकि एक व्यक्ति ही इसमें जीवित बचा है। हादसे में ब्रिटेन के 53 नागरिक भी मारे गए।

### जर्मनी के चांसलर से मिले पीएम



प्रधानमंत्री की जर्मनी के नवनिर्वाचित चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से भी मुलाकात हुई। इसी साल मई में पदभार ग्रहण करने के बाद हुई दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। जिसमें दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों में निरंतर गति पर प्रसन्नता जताई और व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सतत विकास साझेदारी, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, मोबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। पीएम मोदी और चांसलर मर्ज ने माना कि आतंकवाद दुनिया में शांति, स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की कार्रवाईयों के लिए जर्मनी की एकजुटता और समर्थन के लिए चांसलर मर्ज को धन्यवाद दिया।

### मजबूत हो रहे भारत-ब्रिटेन के रिश्ते

प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में ये भी कहा कि भारत और ब्रिटेन के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। व्यापार-वाणिज्य जैसे क्षेत्रों में हमारी प्रगति से यह देखने को मिलता है। हम इस अद्भुत दोस्ती को और भी गति देने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

*प्रथम चरण में अब तक करीब एक लाख 33 हजार विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश*

# यूजी-पीजी एडमिशनः अब तक 5 लाख से अधिक ने कराया रजिस्ट्रेशन

## दूसरे राउंड के पंजीयन के अंतिम दिन तक करीब एक लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग के तहत महाविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में अब तक करीब एक लाख 33 हजार विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया है।

इनमें एनसीटीई पाठ्यक्रमों में करीब 14 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। बुधवार तक यूजी के लिए करीब 90 हजार एवं पीजी के लिए लगभग 30 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश शुल्क जमा कर दिया है। कुल एक लाख 20 हजार विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में अपना प्रवेश शुल्क जमा कर दिया है। उच्च शिक्षा विभाग के तहत पिछले वर्ष सत्र 2024-25 प्रथम चरण में स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 96 हजार विद्यार्थियों एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में करीब 11 हजार, इस प्रकार कुल एक लाख 7 हजार विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया था। पिछले वर्ष की तुलना में सभी पाठ्यक्रमों में प्रथम चरण में प्रवेश संख्या में वृद्धि हुई है।



### दूसरे चरण की अंतिम तिथि तक यह स्थिति

द्वितीय चरण के पंजीयन के लिए बुधवार अंतिम तिथि रही। पंजीयन के अंतिम दिन शाम 6 बजे तक करीब एक लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कर लिया है। इसमें स्नातक में करीब 55 हजार, स्नातकोत्तर में 23 हजार और एनसीटीई पाठ्यक्रमों में करीब 20 हजार विद्यार्थियों ने द्वितीय चरण में पंजीयन कराया है। अब तक कुल 5 लाख 15 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए पंजीयन कर लिया है। पिछले साल दोनों चरणों में कुल 3 लाख 50 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था।

**स्कूल शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से चल रहा है कार्यक्रम**

## उमंग कार्यक्रम से जुड़े प्रदेश के 9 हजार 306 स्कूलों के 21 लाख विद्यार्थी

प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 21 लाख विद्यार्थियों को उमंग कार्यक्रम से फायदा मिला है। प्रदेश में उमंग कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संयुक्त रूप से संचालित कर रहे हैं। उमंग कार्यक्रम शासकीय हाई और हायर सेकंडरी स्कूल में अध्ययनरत किशोर और किशोरियों के जीवन-कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

उमंग कार्यक्रम प्रदेश के 9 हजार 306 शासकीय हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में चल रहा है। इस कार्यक्रम से किशोर-किशोरियों को सामाजिक कुप्रथा बाल विवाह, जेंडर असमानता, दहेज जैसी बुराइयों के प्रति सजग और संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं जैसे आयरन फोलिक टेबलेट, सेनेटरी पैड, स्वास्थ्य जाँच, स्वच्छ एवं सुरक्षित प्रबंधन तकनीक की जानकारी के साथ विद्यालयों को तम्बाखू मुक्त बनाना है।




### 52 राज्य स्तरीय, 427 जिला स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण

*उमंग कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिये 52 राज्य स्तरीय, 427 जिला स्तरीय प्रशिक्षकों को और जिला स्तर पर प्रत्येक स्कूल से 2 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। कार्यक्रम में कक्षा-9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए उनकी आयु अनुरूप पृथक-पृथक उमंग मॉड्यूल का निर्माण भी किया गया है। मॉड्यूल में यौन उत्पीड़न, कम उम्र में विवाह, घरेलू हिंसा के साथ साइबर सेफ्टी जैसे गंभीर मुद्दों को शामिल किया गया है।*

## खबर संक्षेप



### महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष बनीं दिव्या द्विवेदी

**भोपाल।** संयुक्त संघर्ष मोर्चा मप्र मंडी बोर्ड भोपाल मप्र के संयोजक बीबी फौजदार ने महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर दिव्या द्विवेदी को नियुक्ति दी है। दिव्या द्विवेदी सहायक उपनिरीक्षक मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में पदस्थ हैं। बीबी फौजदार ने बताया कि समस्त प्रांताध्यक्ष के चर्चा कर संभाग में संभागीय अध्यक्ष भी बनाए गए हैं, जिसमें अरविंद परिहार को भोपाल का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### एम्स के डॉ. मोहनीश क्विज में आए प्रथम

**भोपाल।** एम्स भोपाल में विश्व सिकल सेल जागरुकता दिवस के उपलक्ष्य में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) छात्रों के लिए एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैथोलाजी, लैब मेडिसिन और मेडिकल आन्कोलॉजी व हेमेटोलाजी विभागों ने सक्रिय सहयोग दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सिकल सेल रोग के बारे में जागरुकता बढ़ाना और उनकी शैक्षणिक समझ को मजबूत करना था। क्विज में सिकल सेल रोग से जुड़े महत्वपूर्ण चिकित्सकीय प्रश्न पूछे गए। क्विज का संचालन डॉ. पूजा सोनी और डॉ. योगेंद्र यादव ने किया। इस दौरान डॉ. गौरव ढींगरा ने छात्रों की भागीदारी की सराहना की।

### एम्स में आटिस्टिक प्राइड डे पर जागरुकता अभियान

**भोपाल।** एम्स भोपाल में आटिस्टिक प्राइड डे के मौके पर जन-जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। यह दिवस हर साल दुनिया भर में उन लोगों की पहचान, क्षमताओं और अधिकारों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है, जो आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसआर्डर से जुड़े होते हैं। इस दौरान आम लोगों को आटिज्म के लक्षणों, इससे जुड़े व्यवहार और जरूरतों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। डाक्टरों ने बताया कि आटिज्म एक न्यूरोलाजिकल विकासात्मक अंतर है, जिसमें व्यक्ति की सोच, बातचीत और व्यवहार आम लोगों से थोड़ा अलग होता है। इसे कोई बीमारी नहीं बल्कि एक अलग तरह की सोचने और अनुभव करने की शैली माना जाता है।

### सभी विवि, कॉलेजों में 21 को होगा सामूहिक योग

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश के सभी कुलसचिव शासकीय, निजी विश्वविद्यालय, सभी क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा एवं समस्त प्राचार्य, शासकीय, अनुदान प्राप्त, अशासकीय महाविद्यालय को जारी आदेश में कहा गया है कि आगामी 21 जून को ग्यारहवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

**इस्कॉन मंदिर से 28 जून को निकलेगी भगवान श्रीजगन्नाथ रथयात्रा**

# दो टन लोहा और 50 घन फीट सागौन से तैयार हो रहा भगवान जगन्नाथ का रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पटेल नगर स्थित इस्कॉन मंदिर द्वारा 28 जून को श्री जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जाएगी। रथ का निर्माण तीन माह की अवधि में किया गया है। रथ की ऊंचाई 27 फीट, चौड़ाई 17 फीट और लंबाई 24 फीट है। रथ का फाउंडेशन लोहे से एवं बेस और कैनोपी के लिए सागौन की काष्ठ का उपयोग किया गया है, जिसमें लगभग दो टन लोहा और 50 घन फिट सागौन की काष्ठ लगी है। लकड़ी पर सुंदर नक्कासी एवं कैनोपी में कपड़े का कार्य भी मनमोहक होगा। रथ में काष्ठ से बने छह फीट के विशालकाय पहिया लगे हैं। रथ की उच्चता को हाइड्रोलिक लीवर के माध्यम से कम या ज्यादा किया जा सकता है।

**खास बातें**

- लकड़ी पर सुंदर नक्कासी एवं कैनोपी में कपड़े का कार्य भी मनमोहक होगा
- रथ में काष्ठ से बने छह फीट के विशालकाय पहिया लगे हैं
- रथ की उच्चता को हाइड्रोलिक लीवर के माध्यम से कम या ज्यादा किया जा सकता है

**1** रथ की ऊंचाई 27 फीट | **2** चौड़ाई 17 फीट | **3** लंबाई 24 फीट



### यहां से निकलेगी रथयात्रा

*रथयात्रा शहर के भोपाल टॉकीज से शाम चार बजे प्रारंभ होकर हमीदिया रोड, भारत टॉकीज, रोशनपुरा चौराहा से होते हुए, माता मंदिर के पास प्लेटिनम प्लाजा पर समापन होगा। यात्रा में लगभग 20 हजार भक्तों के सामिल होने की संभावना है। यात्रा में भाग लेने के लिए देश-विदेश से भी भक्तगण पधारेंगे।*

### रथयात्रा में होंगे दिव्य दर्शन


*इस बार रथयात्रा के लिए एक भव्य रथ का निर्माण किया गया है। इसकी बनावट पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ भगवान के नंदीघोष रथ के आधार पर की गई है। भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी रथ में विराजमान होंगी।*

### दादाजी धाम मंदिर का 16वां स्थापना दिवस 24 को

*राजधानी के पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर का 16वां स्थापना दिवस समारोह 24 जून को धूमधाम से बनाया जाएगा। श्रीश्री 1008 श्री दादाजी गरूदेव चैरिटेबिल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि स्थापना दिवस पर विशेष तैयारी की जाएगी, जिसमें सुबह 9 बजे से भगवान गणेश, मां दुर्गा, सीताराम, शिव पार्वती, लक्ष्मी नारायण, राधे कृष्ण, गायत्री माता, हनुमान जी, अर्धनारीश्वर भगवान, धूनी वाले दादाजी, साईबाबा, अनंत श्री दादाजी गुरुदेव साईंखेड़ा वाले, मुख्य शिखर पर विराजित चारो धाम द्वारकाधीश जी, बद्रीनाथ जी, जग्गन्नाथ जी, रामेश्वरम जी एवं गर्भ ग्रह परिक्रमा स्थल में स्थापित सभी संतों की पंडित राजेंद्र पलिया द्वारा अभिषेक, पूजन, हवन, आरती कराई जाएगी। स्थापना दिवस पर सभी भगवानों को नवीन वस्त्र पहनाए जाएंगे एवं विशेष श्रृंगार आभूषण द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में आकर्षक लाइटिंग, फूल मालाओं से सजावट की जाएगी।*



### श्री काल भैरव की महाआरती आज



*राजधानी के लालघाटी श्री काल भैरव मठ में आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर गुरुवार को रात्रि 12 बजे भगवान श्री काल भैरव जी की महाआरती पूजन श्रृंगार एवं विजयमदेहि हवन किया जाएगा।*

**दीक्षित उप संचालक लोक शिक्षण कार्यालय में पदस्थ**

## चार संभाग के संयुक्त संचालक बदले, पुराने आदेश में भी बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग में तबादले की प्रक्रिया जारी है। इसी बीच अब कुछ पुराने तबादलों में संशोधन किया गया है। 15 दिन पहले संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय रीवा में उप संचालक के पद पर पदस्थ नीरव दीक्षित को संयुक्त संचालक के पद पर पदस्थ किया था।

शिक्षा विभाग ने इस आदेश को बदल दिया है और अब रीवा में पदस्थ किए गए दीक्षित को उप संचालक लोक शिक्षण कार्यालय पदस्थ किया है। रीवा में जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन के पद पर अभी किसी अधिकारी की पोस्टिंग नहीं की गई है।

**संयुक्त संचालक अरविंद सिंह को ग्वालियर भेजा**

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर में पदस्थ संयुक्त संचालक अरविंद सिंह को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ग्वालियर के पद पर पदस्थ किया गया है। अनूपपुर में पदस्थ प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो (मूल पद सहायक संचालक) को सहायक संचालक कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल भेजा है। कार्यालय लोक शिक्षण नर्मदापुरम में पदस्थ उप संचालक निर्मल केलिव को तबादला कर उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल पदस्थ किया है।

**आयुक्त उच्च शिक्षा ने जारी किए आदेश**

## फॉलन आउट अतिथि विद्वानों को विकल्प प्रस्तुत करने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग में शासकीय महाविद्यालयों में नियमित पदस्थापना और स्थानांतरण से पदपूर्ति होने के फलस्वरूप फॉलन आउट होने वाले अतिथि विद्वानों को पोर्टल पर रिक्त पदों के विरुद्ध विकल्प प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आयुक्त उच्च शिक्षा ने उक्त आदेश जारी किए हैं। ऐसे अतिथि विद्वान जो नियमित पदस्थापना अथवा स्थानांतरण से पदपूर्ति होने के फलस्वरूप फॉलन आउट हुए हैं तथा संबंधित पदों पर कार्य करने के लिए पोर्टल पर विकल्प प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**हाईकोर्ट का यह हैं आदेश**

उच्च न्यायालय द्वारा दो प्रकरणों में पारित अंतरिम निर्णय के पालन में नियमित पदस्थापना अथवा स्थानांतरण से पदपूर्ति होने के फलस्वरूप फॉलन आउट हुए ऐसे अतिथि विद्वान जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संबंधी विनियम 2018 एवं समय-समय पर किए गए संशोधन पर उल्लेखित मापदण्डों के अनुरूप वांछित योग्यता धारक नहीं है, उनके लिए भी पोर्टल पर विकल्प प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मैरिट में आने की स्थिति में महाविद्यालय का आवंटन एवं महाविद्यालय में आमंत्रण उपरोक्त न्यायालयीन प्रकरणों में पारित अंतिम निर्णय के अध्याधीन रहेगा।

**सिकल सेल दिवस पर एनसीसी कैडेट्स के लिए स्वास्थ्य जांच**

## विशेष स्क्रीनिंग शिविर में 162 कैडेट्स ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व सिकल सेल जागरुकता दिवस के अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय द्वारा आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में एनसीसी कैडेट्स के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में सिकल सेल एनीमिया और हीमोफिलिया की जांच के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर 162 कैडेट्स ने सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में एनसीसी निदेशालय (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के नोडल अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. चंद्र बहादुर सिंह दांगी का विशेष सहयोग रहा। जागरुकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है जो माता-पिता से बच्चों में आती है। यह रोग खासकर जनजातीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है। जेनेटिक काउंसलिंग, समय पर पहचान और विवाह से पहले जेनेटिक मिलान जैसी सावधानियों से इस बीमारी को रोका जा सकता है।




### राजगढ़ में आयोजित हुआ प्रदेश का पहला 'रेलवे रियायत प्रमाण पत्र शिविर'

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल द्वारा दिव्यांगजनों को सुलभ रेल यात्रा सुविधा प्रदान करने के लिए बुधवार को राजगढ़ में मप्र का प्रथम 'रेलवे रियायत प्रमाण पत्र शिविर' सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह शिविर भोपाल मंडल एवं जिला प्रशासन राजगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजगढ़ के सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस शिविर का आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया गया, जिसमें रेलवे रियायत हेतु पात्र दिव्यांगजनों के प्रमाणपत्र बनाए गए। कुल 386 पंजीयन किए गए जिनमें से 141 पंजीयन ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से पूर्ण किए गए।

**योग शिविर का दूसरा दिन, आसपास के ग्रामीण हुए शामिल**

## सांची विवि में योग ध्यान शिविर वैश्वनार ध्यान के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ध्यान शिविर के दूसरे दिन वैश्वनार ध्यान के बारे में बताया गया। योग एवं आयुर्वेद विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर उपेंद्र बाबू खत्री ने कहा कि वैश्वानर का अर्थ विश्व का नर अर्थात जो संपूर्ण जगत है, वह वैश्वानर ही है जो जागृत अवस्था का देवता है।



### ध्यान के दौरान कोई विचार रोकना नहीं

*डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री ने कहा कि ध्यान के दौरान अगर कोई विचार आए, तो उसे रोकना नहीं है उसे भी दृष्टा भाव से देखना है। चाहे विचार सकारात्मक हो या नकारात्मक। प्रयास करना है कि कोई प्रतिक्रिया न हो। विचारों को उत्साह पूर्वक ग्रहण करना है। डॉ. खत्री द्वारा वैश्वानर के तहत नाम रूप के विषय में बताया।*

**निरीक्षण कर देखी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति**

## सीएमएचओ पहुंचे कोलार अस्पताल, 24 घंटे सिजेरियन प्रसव की सुविधा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कोलार अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधा का जायजा लिया। सीएमएचओ ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, भर्ती रोग इकाई, लेबर रूम मैटरनिटी ओटी, पीएनसी वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र, नवजात शिशु स्टेबलाइजिंग यूनिट का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने संस्था के रिकॉर्ड्स की भी जांच की। दवाइयां के इंडेंट एवं स्टाक की स्थिति, कोल्ड चैन मैनेजमेंट का अवलोकन किया गया।

सीएमएचओ ने अस्पताल में स्थापित डेढ़ सौ एलपीएम के आक्सीजन प्लांट के संचालन और आक्सीजन की बिस्तरों तक सप्लाई की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने निर्देश दिए कि अस्पताल में 24 घंटे सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध रहे। माह में एक बार महिला एवं बाल विकास विभाग के स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर उन्हें उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाया जाए।



# क्रेडाई के एआई प्रस्ताव पर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**गाइडलाइन दरों में असामान्य वृद्धि की समीक्षा करने के दिए पंजीयन और स्टाम्प विभाग को निर्देश**

## एआई इंफ्रास्ट्रक्चर व डाटा कंप्यूटर जोन विकसित करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी को भारत की पहली एआई लाइटहाउस सिटी और स्मार्ट औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल सामने आई है। बुधवार शाम आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में क्रेडाई भोपाल ने मुख्य सचिव के समक्ष 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट के क्रियान्वयन के प्रमुख बिंदुओं और लंबित विषयों को प्रस्तुत किया।

एआई लाइटहाउस सिटी प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मुख्य सचिव ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को निर्देशित किया कि राजधानी में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और डाटा कंप्यूटर जोन विकसित करने की संभावनाओं को गंभीरता से आगे बढ़ाया जाए। गाइडलाइन दरों में असामान्य वृद्धि की शिकायतों पर मुख्य सचिव ने पंजीयन और स्टाम्प विभाग को निर्देश दिए कि इस विषय की समीक्षा करें और प्रतिशोधात्मक विसंगतियों को दूर किया जाए। 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट पर समीक्षा और क्रियान्वयन की आवश्यकता स्वीकार करते हुए मुख्य सचिव ने शहरी विकास आयुक्त को सभी बिंदुओं की विवेचना कर अवगत कराने को कहा।



**सौंपे गए प्रमुख दस्तावेज**

एआई लाइटहाउस सिटी-क्रेडाई विजन, कमाल का भोपाल क्रियान्वयन प्रस्ताव, भोपाल मेट्रोपॉलिटन एवं मास्टर प्लान संबंधी प्रस्तुति, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर क्रेडाई चैप्टर्स के ज्ञापन, गाइडलाइन दरों में विसंगतियों पर आपत्तियां, कालोनाइजिग अधिनियम व नियम, टाउनशिप नीति और रेरा संबंधी प्रस्ताव शामिल हैं।

**मुख्य सचिव को राजा भोज की मोहक प्रतिमा भेंट**

बैठक के अंत में क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष ने मुख्य सचिव को राजा भोज की विचारवान मोहक प्रतिमा भेंट की। यह आकर्षक प्रतिमा मनोज मीक के महीनों के गहन शोध, न्यू-एज टेक और ऐतिहासिक संवाद के आधार पर निर्मित की गई है, जो राजा भोज के नगर नियोजन, जल प्रबंधन और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को सजीव करती है। मुख्य सचिव ने रुचि पूर्वक प्रतिमा की बारीकियों और राजा भोज के व्यक्तित्व पर चर्चा की एवं क्रेडाई के प्रयासों को सराहा। 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट बुनियादी दस्तावेज है, जो आत्मविश्वास और पहचान की बात करता है। राजा भोज के दृष्टिकोण से लेकर आज के एआई युग तक, हम चाहते हैं कि भोपाल फिर से एक विचारशील नगर के रूप में सामने आए। मुख्य सचिव से हुई बैठक में जो स्पष्टता और सकारात्मकता दिखी, उससे यह भरोसा और गहरा हुआ है कि राजधानी का भविष्य अब विचार से कार्य की दिशा में बढ़ रहा है।

गो-शालाओं में गोवंश के व्यवस्थापन के लिए लगभग 50 करोड़ रुपए अंतरित किए जाएंगे

# मुख्यमंत्री निवास में कल होगा प्रदेश स्तरीय गो-शाला सम्मेलन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश स्तरीय गो-शाला सम्मेलन का आयोजन कल शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से मुख्यमंत्री निवास प्रांगण में किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल शामिल होंगे।

सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गो-शाला संचालकों एवं प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव ने बताया कि सम्मेलन में गो-शालाओं में गोवंश के व्यवस्थापन के लिए लगभग 50 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और पशु पालन राज्य मंत्री पटेल होंगे शामिल



### पुरस्कारों का होगा वितरण

आचार्य विद्यासागर जीव दया गो-सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गो-शालाओं एवं संस्थाओं को गो-सेवा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा। सम्मेलन में नवीन गो-शालाओं को पंजीयन प्रमाण पत्र तथा मप्र गो-संवर्धन बोर्ड एवं दयोदय महासंघ के सहयोग से हितग्राहियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली वितरण भी किया जाएगा। 'पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश के बढ़ते कदम' विषय पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा।

## 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' पर राष्ट्रीय कार्यशाला का 21 को, शुभारंभ करेंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 21 जून को 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला, उज्जैन में करेंगे। कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद शामिल होंगे। इस दौरान अनेक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।



अत्याधुनिक तारामंडल का लोकार्पण भी करेंगे मुख्यमंत्री

### देश के ये वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद होंगे शामिल

कार्यशाला में विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, भारतीय ज्ञान प्रणाली भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक प्रो गंटी एस मूर्ति, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान गांधीनगर के निदेशक डॉ. अरविंद रानाडे, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक डॉ. ब्रजेश पांडे, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एनपी शुक्ला, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे के पूर्व कुलपति एवं सीएसआईआर भटनागर फेलो, सीसीएमबी हैदराबाद डॉ. वसंत शिंदे, आचार्य वराहमिहिर न्यास उज्जैन के अध्यक्ष हेमंत भवालकर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, अवादा फाउंडेशन की निदेशक रितु पटवारी तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वरिष्ठ वैज्ञानिक सहित अन्य प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद शामिल होंगे।

### तारामंडल-शो का किया जाएगा प्रदर्शन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव पद्मश्री डॉ विष्णु श्रीधर वाकणकर वेधशाला में शंकु यंत्र के माध्यम से शून्य छाया अवलोकन करेंगे। साथ ही आचार्य वराहमिहिर न्यास एवं अवादा फाउंडेशन द्वारा निर्मित अत्याधुनिक तारामंडल का लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान तारामंडल-शो का प्रदर्शन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव वेधशाला स्थित ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन-सत्र को संबोधित करेंगे। परिचर्चा सत्र में खगोल विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा पर चर्चा होगी।*

## खबर संक्षेप

### आउटसोर्सिंग ऑपरेटरों का दो माह का वेतन अटका

**भोपाल।** आउटसोर्सिंग ऑपरेटरों के वेतन के मामले में लेटलतीफी की जा रही है। बीते एक वर्ष का एरियर और लगातार दो माह से लंबित वेतन के कारण ऑपरेटर परेशान हैं। उन्हें रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार जिला शिक्षा कार्यालय, संबंधित परियोजना अधिकारियों और आउटसोर्सिंग एजेंसी से संपर्क किया, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले। 57 ऑपरेटरों की मांग है कि जल्द से जल्द लंबित वेतन और एक साल का एरियर उन्हें प्रदान किया जाए, ताकि वे आर्थिक संकट से बाहर निकल सकें।

### तीस के बाद 13 पंचायत सचिवों के तबादले

**भोपाल।** लंबे समय से एक ही पंचायत में जमे भोपाल के 13 पंचायत सचिवों के तबादले किए गए हैं। इन्हें मिलाकर 7 दिन में 43 सचिवों का ट्रांसफर किया गया है। अब इन सचिवों को नई पंचायत में ज्वॉइनिंग देना पड़ेगी। इसके पहले, 10 जून को जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने 30 सचिवों की लिस्ट को मंजूरी दी थी। वहीं, तबादलों की समय सीमा 17 जून की देर रात 13 सचिवों की एक और लिस्ट जारी की गई। भोपाल में 222 ग्राम पंचायतें हैं। जिन ग्राम पंचायतों को एक पंचायत से दूसरी पंचायत में भेजा गया है, उन्हें 14 दिन के अंदर काम संभालना होगा। किसी भी पंचायत सचिव का उसकी पैतृक या ससुराल की ग्राम पंचायत में किया गया तबादला भी निरस्त माना जाएगा।

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजन 21 जून को, कलेक्टरों को दिए निर्देश

# कार्यक्रम आयोजकों को कराना होगा अपना पंजीयन प्रत्येक जिले में नियुक्त होगा एक नोडल अधिकारी

*ग्रामों एवं नगरीय* निकायों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जाएगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन की ओर से 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित करने के संबंध मे सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए है। जारी आदेश में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित किया जाएगा, सभी कार्यक्रम आयोजकों को अपना पंजीयन कराना होगा। इसका पंजीयन लिंक पर होगा।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले के पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत के अन्य ग्रामों एवं सभी नगरीय निकायों मुख्यालय एवं समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जाएगा। योग दिवस के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार के योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले में पंतजलि योग संस्थान, श्रीरामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान, जन अभियान परिषद, मप्र योग आयोग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से संबद्ध योग इन्स्ट्रक्टर/योगा वालेंटियर उपलब्ध है, जिनकी सूची पृथक से आयुष विभाग की ओर से प्रदाय की जाएगी।

योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए ट्रेनिंग मॉडयूल तैयार किया



### पीएम-सीएम का संबोधन

*प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त ग्रामों एवं वार्डों में कराया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसका प्रसारण लिंक मप्र जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रदाय किया जाएगा। सभी जिलों में उपलब्ध योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए आयुष विभाग की ओर से ट्रेनिंग मॉडयूल तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से दिनांक 19 एवं 20 जून को ऑनलाइन ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिसकी लिंक आयुष विभाग से प्रेषित की जाएगी।*

### शासकीय सेवकों को कार्यक्रमों में हिस्सा के लिए प्रेरित किया जाएगा

योग दिवस कार्यक्रम के लिए जिले में योग आयोजन कराने वाली संस्थाओं का अधिकाधिक पंजीयन कराया जाना है। इसके लिए जिले में एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया जाए, नोडल अधिकारी योग दिवस कार्यक्रम उपरांत जानकारी एवं फोटो भारत सरकार के पोर्टल पर भेजने के लिए उत्तरदायी होगा। जिले के समस्त शासकीय सेवको को योग दिवस के नजदीकी कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए।

## अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर 27 को रतलाम में होगा 'एमपी राइज-2025'

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार मानते हुए 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर रतलाम के शहीद स्मारक मैदान में 'रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव'एमपी राइज-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रदेश में औद्योगिक निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार को एक साथ संवर्धित करने का समग्र मंच प्रस्तुत करेगा। इस समेकित पहल से मप्र में निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे और राज्य की आर्थिक प्रगति को स्थाई व समावेशी दिशा मिलेगी।

### युवाओं को जॉब-ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे

एमपी राइज-2025 कॉन्क्लेव में औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन एवं औद्योगिक पार्कों तथा कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का लोकार्पण होगा। इस अवसर पर चयनित युवाओं को जॉब-ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा महिला उद्यमियों और ग्रामीण स्वरोजगार समूहों को प्रारंभिक पूंजी सहायता वितरित की जाएगी।

### प्रशिक्षण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी

कॉन्क्लेव में नवीनतम तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। वन-टू-वन सत्रों में प्राइवेट सेक्टर, तकनीकी संस्थान एवं वित्तीय समूह मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निवेश व सहयोग के नए अवसरों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री करेंगे सम्मान

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतें होंगी सम्मानित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत विश्व सिकल सेल दिवस पर 19 जून को बड़वानी में ग्राम पंचायत तलून के खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य मंत्रीगण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर कई नवाचारों का शुभारंभ किया जाएगा। लक्षित आयु वर्ग की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग पूर्ण करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के एनसीसी निदेशॉलय के सहयोग से 'सिकल सेल मित्र' पहल की शुरुआत भी की जाएगी। सिकल सेल मित्र युवा आबादी में जागरूकता के लिए सेवा प्रदाताओं के बीच लिंक के रूप में कार्य करेंगे।

आज बड़वानी में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

### प्रदेश भर में आयोजित होंगी गतिविधियां

सिकल सेल दिवस पर संपूर्ण प्रदेश में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सिकल सेल प्रभावित 33 जिलों में विशेष परामर्श शिविर लगाए जाएंगे, जहां आनुवांशिक परामर्श, रोग प्रबंधन, भावी पीढ़ी के लिए संभावनाओं और आवश्यक चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। उप-केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष शिविर लगाकर रोगियों की पहचान, स्क्रीनिंग और परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच की जाएगी।

### अब तक 26 हजार 115 रोगियों का उपचार

नेशनल सिकल सेल पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग एवं उपचार की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। रोगियों को निःशुल्क उपचार, जेनेटिक काउंसलिंग, औषधियां, वैक्सीनेशन एवं ब्लड ट्रांस्फ्यूजन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 26 हजार 115 रोगियों को हाइड्रॉक्सीयूरिया दवा से उपचार मिला है। विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर जनजातीय स्कूलों, कॉलेजों एवं छात्रावासों में स्क्रीनिंग शिविर भी सतत आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश में मिशन की शुरुआत 15 नवंबर 2021 को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन के रूप में अलीराजपुर और झाबुआ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिशन को 1 जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर शहडोल से लॉन्च किया था। वर्तमान में प्रदेश के 33 जिलों में स्क्रीनिंग जारी है, जिसमें 20 जिलों के 89 विकासखंड एवं 13 अतिरिक्त जिले (पीएम जनमन योजना) शामिल हैं।

# सिकल सेल के खिलाफ बीएमएचआरसी की बड़ी पहल जनजातीय आबादी की स्क्रीनिंग और उपचार सेवाएं जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी के सिकल सेल एनीमिया सक्षमता केंद्र में सितंबर 2024 से लगातार स्क्रीनिंग, परामर्श और उपचार की सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

केंद्र की स्थापना के बाद से अब तक यहां काफी लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित एवं वाहक मरीज पाए गए हैं। सभी पीड़ित वाहकों की पहचान कर उन्हें बीएमएचआरसी में परामर्श दिया जा रहा है, काउंसलिंग की जा रही है एवं उपचार भी दिया जा रहा है। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक एवं सिकल सेल एनीमिया केंद्र की प्रमुख डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि जनजातीय समुदाय के लोगों में सिकल सेल एनीमिया के केस अधिक पाए जाते हैं। इसलिए हमने भोपाल के जनजातीय छात्रावासों व अन्य स्थानों पर स्क्रीनिंग कैंप लगाए। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि आंकड़े बताते हैं कि जनजातीय समुदाय में सिकल सेल वाहकता की दर अब भी अधिक है।




### अनुशासन की हिदायत का असर नहीं

इस समय एमपी पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी विभाग की किरकिरी कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पुलिस के मुखिया अपनी बैठक में हर बार अनुशासन की हिदायत देते हैं, लेकिन अब वह खुद परेशान हैं, क्योंकि उनकी समझाइश का कोई असर नहीं पड़ रहा। अभी कटनी में हुए मामले में एसपी सहित चार पुलिस अधिकारी नपे ही थे। हाल ही में पचमढ़ी में आयोजित हुए एक प्रशिक्षण शिविर के दौरान एक एडिशनल एसपी को रौब दिखाना भारी पड़ गया। दरअसल वो समझ रहे थे कि सब इंस्पेक्टर उनकी बात सुन लेगा, लेकिन एसआई ने उनको उल्टा जवाब दे दिया। अनुशासनहीनता का यह मामला सत्ताधारी दल के नेताओं की मौजूदगी में हुआ, इसलिए आनन-फानन में दोनों को हटाकर आईजी कार्यालय में अटैच कर दिया गया। अब पुलिस के आला अधिकारी भी विकल्प तलाश रहे हैं कि पुलिस के कार्य व्यवहार को कैसे सुधारा जाए।

### डीजी के आदेश से मचा हड़कंप

पुलिस मुख्यालय के डीजी स्तर के अधिकारी के एक आदेश से महकमे में हड़कंप मच गया है। दरअसल हाल ही में उन्होंने एक आदेश निकाला कि जिन थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले और विभागीय जांच लंबित है, उनको फील्ड की पदस्थापना से हटाया जाए। साथ ही ऐसे कर्मचारियों की रिपोर्ट भी भेजी जाए। अब उनके आदेश पर राजधानी के एक थाना इंचार्ज ही सवाल उठा रहे हैं। हालांकि उनका कहना है कि यह उनकी व्यक्तिगत सोच है। कहते हैं कि कानून सबके लिए बराबर होने चाहिए। भ्रष्टाचार और विभागीय जांच के मामले तो पुलिस अफसरों के खिलाफ भी हैं, लेकिन यह आदेश केवल निचले स्तर के पुलिसकर्मियों पर ही लागू होगा। अच्छा तो तब होता, जब इसमें एसपीएस और आईपीएस को भी शामिल किया जाता। साहब कहते हैं कि मैं तो अनुशासन में बंधा हूं नहीं तो यह बात सार्वजनिक भी कह सकता था।

### शिकायत के बाद भी नहीं बदले साहब के तेवर

लगातार बढ़ता इलाका और काम का दबाव झेल रहे थाना प्रभारी के तेवर बदलने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। थाना प्रभारी की कई बार पत्रकार साथी कमिश्नर से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन थाना प्रभारी के कान में जूं नहीं रेंग रही है। दरअसल, थाना प्रभारी आईफोन के शौकीन हैं। जब भी इन्हें कोई कॉल करता है। वाइस कॉल का मैसेज ही सुनाई देता है। इनकी व्यवस्तता या फिर पत्रकारों से चर्चा करने का बिगड़ेल रवैया देखकर अधिकारी भी परेशान हैं। गत दिनों पत्रकारों ने कमिश्नर से उनकी शिकायत की थी। कमिश्नर ने लताड़ लगाई इसके बाद भी कुछ दिन तक साहब का आईफोन बंद हो गया, लेकिन आईफोन के शौकीन टीआई अब फिर पत्रकारों को नजरअंदाज कर रहें हैं। उन्हें बता दें कि यह थाना बरकत देता है, लेकिन छोटी से हरकत में बड़ी बदनामी के साथ थाने से लाइन जाने का डर यहां हमेशा रहता है।

### लूट की घटनाओं से साहब परेशान

पुराने शहर के एक सीनियर थाना प्रभारी इन दिनों झपटमारी की घटनाओं से परेशान है। झपटमारी की घटनाएं रोकने में नाकामयाब थाना प्रभारी पहले तो फरियादी का माइंड वॉश कर एफआईआर लिखने से परहेज करते हैं। बाद में यदि दबाव में एफआईआर कर ली तो अखबारों में घटना न छपे इसका पूरा ध्यान रखते हैं। इन्होंने थाने के एससीएम को भी साफ शब्दों से समझा दिया है कि यदि कोई झपटमारी या लूट के संबंध में पूछे तो वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए कोई भी जानकारी साझा न करें। बाद में जब थाना प्रभारी से चर्चा की जाती हैं तो वह आउट ऑफ कवरेज हो जाते हैं। इनसे मीडिया इतनी खफा हैं कि बाद में झपटमारी का खुलासा भी अखबार में नजर नहीं आता।

-प्रशांत शुक्ला/प्रकाश भोमरकर

## सौजन्य भेंट...



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री, रक्षा मंत्री ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर की पुत्री के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर वर-वधू को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सौजन्य भेंट हुई।




मंत्री तुलसीराम ने कहा, बाढ़ नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे कार्य सुनिश्चित करें

# विभागीय अधिकारी बांधों का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व सुधार कार्य पूर्ण करें: सिलावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी वर्षा से पूर्व सभी बांधों का निरीक्षण करें। वर्षा से पहले ही आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कर लिए जाएं। सभी बांधो के गेट्स का मेंटीनेंस कर उन्हें क्रियाशील स्थिति में रखा जाए।



बैठक में आगामी मानसून पूर्व तैयारियों एवं विभाग द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मंगलवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की।

### बांधों की सुरक्षा की जानकारी दी

*बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा आदि उपस्थित थे। क्षेत्रीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। देवड़ा ने वर्षा ऋतु से पूर्व बांधों की सुरक्षा और संभावित आपदा स्थितियों से निपटने संबंधी विभागीय योजना एवं विभाग की ओर से किए गए जल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। सिलावट ने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 24 घंटे क्रियाशील किया जाए।*

### डैम से पानी छोड़ने की स्थिति में अग्रिम सूचना दें


*मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि वर्षा काल में जब भी डैम से पानी छोड़ने की स्थिति बने जिले के सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं को अग्रिम सूचना दे दी जाए। जिन स्थानों पर पानी छोड़ा जा रहा है वहां जन सामान्य को पर्याप्त समय पूर्व पानी छोड़ने की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय मैन्युअल के अनुसार वर्षा पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन विभागीय पोर्टल पर दर्ज किए जाएं।*

धूलकोट के 'आदिवासी अधिकार सम्मेलन' बोले नेता प्रतिपक्ष

# आदिवासियों की पहचान धर्म से नहीं, जमीन और जंगल से: सिंघार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बुधवार को नेपानगर के धूलकोट में 'आदिवासी अधिकार सम्मेलन' में जल, जंगल, जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज़ उठाई। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के अधिकारों को लेकर कांग्रेस विधायकों की एक कमेटी बनाई जाएगी, जो आदिवासियों के वन पट्टे के मुद्दे और उनके अधिकारों की आवाज को उच्चाधिकारियों तक ले जाने का काम करेगी। सिंघार ने कहा कि हमारी पहचान धर्म से नहीं, धरती और जंगल से है।



### इतिहास बदलना चाहती है भाजपा

*सिंघार ने कहा कि भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है। ऐसा कर वह इतिहास बदलना चाहती है। आरएसएस और भाजपा धर्म की बात करके वोट तो लेना चाहती है लेकिन आदिवासियों के अधिकारों की बात नहीं करते। उन्होंने कहा कि आदिवासी अस्पताल चाहता है, अपने 'जल-जंगल-जमीन' पर पूरा अधिकार चाहता है। इस ओर भाजपा सरकार का ध्यान नहीं। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, कमलेश्वर पटेल, सचिन यादव आदि मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप



### नपा सफाई यूनियन के अध्यक्ष बने अनिल

**मंडीदीप।** नगर पालिका के स्वच्छता विभाग में कार्यरत अनिल चौहान को मध्य प्रदेश स्वच्छता निरीक्षक कर्मचारी कल्याण महासंघ ने मंडीदीप का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चौहान की नियुक्ति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पीके चावला की अध्यक्षता में आयोजित की गई कर्मचारियों की बैठक में सर्वसम्मति से किया गया है। बैठक में पूर्व पार्षद सुरेश मैना, बाल्मिक समाज के अध्यक्ष रवि पवार, कमलेश लुटारे, जगदीश नहरिया, रंजीत थनवार, ललित सियोते, कमलेश मौजूद रहे।

### कई क्षेत्रों में आज नहीं होगी बिजली सप्लाई

**औबेदुल्लागंज।** सबस्टेशन में काम के चलते गुरुवार को 11 केवी इकलामा बस्ती, 11 केवी दांतखेड़ा कृषि और 11 केवी टिगरिया कृषि लाइन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एवं 11 केवी बिशनखेड़ा, हिरानिया और मछली बाजार फीडर भी जरूरी पड़ने पर 1 घंटे के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### कोलार में माली के घर किया पथराव

**भोपाल।** कोलार स्थित क्षेत्र में भाजपा नेता विजेश लूनावत के घर काम करने वाले माली कोलार



दामखेड़ा निवासी मनोहर रजक के निवास पर बदमाशों ने पथराव कर दिया। पथराव और मारपीट की शिकायत लेकर मनोहर कोलार थाने पहुंचा तो पुलिस ने उसे समझाइश देकर चलता कर दिया। माली का आरोप है कि वह थाने से लौटा तो उस पर आरोपियों ने दोबारा हमला किया। इस हमले में परिवार के पांच लोगों को गंभीर चोट आई। आरोपियों ने वाहनों को भी फूंक दिया। पुलिस की मदद नहीं मिलने के कारण परिवार को रिश्तेदारों के घर पनाह लेनी पड़ी। हालांकि दूसरी बार हुए हमले में पुलिस ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर ली। जमानत की धाराओं में एफआईआर होने के कारण छोड़ दिया गया है।

### दहेज मुक्त विवाह करने वाले परिवार का सम्मान




**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में बिना दहेज विवाह करने वाले कायस्थ परिवार को कायस्थ बंधु समिति चित्रगुप्त सम्मान देकर लोगों को जागरूक कर रही है। इंदिरा नगर में विशाल श्रीवास्तव का भोपाल के पटेल नगर निवासी सीताराम श्रीवास्तव की सुपुत्री आयुषी श्रीवास्तव के साथ बिना दहेज विवाह संपन्न होने पर समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने परिवार के सभी सदस्यों को पीले गमछे पहनाकर शॉल-श्रीफल के साथ चित्रगुप्त भगवान की तस्वीर, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

### कीटनाशक पीकर मछुआरे ने दी जान

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित बेहटा गांव में मछुआरे ने कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान बुधवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार कैलाश माझी पिता बृजलाल (34) बेहटा गांव में रहता था। वह मछली पकड़ने का काम करता था। गत 15 जून को उसने कीटनाशक पी लिया था।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2705 | | |
| दिन: | 446 | 48 | 125 |
| रात: | 488 | 06 | 169 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 458 | 71 | 678 |
| रात: | 156 | 22 | 570 |

---

फर्स्ट ईयर की छात्रा ने बाथरूम की खिड़की पर लगाई फांसी


# गुनगा इलाके में छात्रा, पिपलानी में छात्र और शाहपुरा में ऑटो चालक फांसी पर लटका, नहीं मिला किसी का सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित जमाई मोहल्ला में मंगलवार रात फर्स्ट ईयर की छात्रा ने घर के बाहर बने बाथरूम में लाश लगा ली। उसकी लाश खिड़की पर दुपट्टे के फंदे पर लटकी मिली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार अंकिता पाल पिता हेमसिंह पाल (19) जमाई मोहल्ला, गुनगा में रहती थी। वह जेएनसिटी कॉलेज में फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। पिता छोटे किसान हैं। अंकिता चार बहनों में सबसे बड़ी थी। हेमसिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात के बाहर बाथरूम की खिड़की पर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन फंदा काटकर अंकिता को भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया



अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन से पूछताछ में पता चला कि अंकिता चार बहनों में सबसे बड़ी थी। उनके पास थोड़ी सी जमीन है। जिस पर पिता खेती किसानी कर घर का गुजारा करते थे। अंकिता पढ़ने में होनहार थी। बारहवीं में उसने अस्सी फीसदी अंक प्राप्त किए थे। अंकिता पिता से कहती थी कि उसे अच्छे कॉलेज में पढ़ना और कुछ बनना है। इधर, पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पिता उसे कहते थे अभी यहीं पढ़ाई कर लो व्यवस्था बनने पर अच्छी जगह पढ़ाई करवाएंगे।

### बीटेक के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित पटेल नगर मल्टी में टीआईटी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने छात्र का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस मोबाइल की जांच कर रही है। मंगलवार रात पन्ना से छात्र के परिजन भोपाल पहुंच गए थे। आज उनकी मौजूदगी में शव का पीएम कराया गया। शोकाकुल परिजन के बयान दर्ज नहीं किए जा सके हैं। जल्द ही पुलिस छात्र के दोस्तों और रूम पार्टनर से पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार मुदित पटेरिया पिता कांताप्रसाद पटेरिया (23) मूलतः पन्ना का रहने वाला था और इन दिनों दोस्तों के साथ पटेल नगर मल्टी में रह रहा था। मुदित टीआईटी कॉलेज से बीटेक कर रहा था। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे मुदित ने फांसी लगा ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मुदित का शव बरामद कर पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया। मामले की जांच कर रहे एएसआई अजय वाजपेयी ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। कमरे की तलाशी और मृतक की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। मुदित की एक बहन है, जबकि वह परिवार का इकलौता बेटा था। पिता कर्मकांड करते हैं। घटना की जानकारी परिजन को दे दी गई थी। बुधवार को शव का पीएम कराने के बाद वह शव लेकर पन्ना के लिए निकल गए।



### ऑटो चालक ने फांसी लगाकर दी जान

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित ईश्वर नगर, ई-8 में बुजुर्ग ऑटो चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार दिलीप सिंह तोमर (60) ईश्वर नगर, ई-8 में रहते थे और ऑटो चलाते थे। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे वह ऑटो लेकर रेलवे स्टेशन गए थे। वहां से सवारियां ढोने के बाद सुबह करीब 9 बजे घर लौट आए। घर लौटने के बाद वह अंदर वाले कमरे में चले गए थे। परिजन को लगा कि वह आराम कर रहे थे। जब वह कमरे से काफी देर तक बाहर नहीं आए तो परिजन उन्हें देखने कमरे में पहुंचे थे। इस दौरान पता चला कि टीनशेड के पाइप पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। परिजन फंदे से उतारकर उन्हें अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

---

बैरागढ़ स्थित वन ट्री हिल्स में दो सगे भाइयों ने घटना को दिया अंजाम


# पहले दी मारने की धमकी, फिर घर के दरवाजे पर्दे पर पेट्रोल डालकर बदमाशों ने लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ स्थित वन ट्री हिल्स में बदमाश नूर खां उर्फ चूहा ने अपने भाई के साथ मिलकर महिला के घर में आग लगा दी। घटना मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है। आरोपी भाई के साथ पेट्रोल की दो बोतल लेकर पहुंचा था। उसने घर में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। एक ही कमरा होने और आग मुख्य गेट के पास भी लगने से महिला परिवार के साथ कमरे में फंसी रही। उनके साथ चार साल का मासूम भी था। गनीमत रही पड़ोस के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी।

पुलिस के अनुसार वनट्री हिल्स बैरागढ़ निवासी ऊषा जाटव पति रामकुमार (60) बंगले पर काम करने जाती हैं। घर में पति और बेटी आरती जाटव रहते हैं। 16 जून को उनकी बेटी भारती जांगड़ी अपने 4 साल के बेटे के साथ ससुराल से घर आई थी। 17 जून की शाम करीब साढ़े 7 बजे गर्मी होने के कारण ऊषा अपनी बेटियों के साथ बाहर बैठी थी। इसी बीच सामने रहने वाला नूर खां उर्फ चूहा पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए कहने लगा कि आज तो इसको गोली मार दूंगा। यह कहने के बाद वह चला गया। ऊषा जाटव ने नूर खां उर्फ चूहा की मां को बताया कि तेरा बेटा गोली मारने की धमकी देकर गया है। इस पर नूर खां की मां ने कहा कि वह बदमाश है आप अपने कमरे में अंदर चले जाओ।

**बेड पर चढ़कर शोर मचाती रही महिला और बच्चियां, मोहल्ले को लोगों ने बुझाई आग**



### तीस मिनट बाद पहुंचा बदमाश

रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास नूर खां उर्फ चूहा अपने हाथ में बिसलरी की दो बोतलों में भरकर पेट्रोल लेकर पहुंचा। उसके साथ उसका भाई मकसूद उर्फ तूतल भी था। दोनों भाई गाली-गलौज करने लगे। ऊषा जाटव और उनकी बेटियों ने विरोध किया तो नूर खां ने बोतल में भरा पेट्रोल उनके दरवाजे के पर्दे और दीवार पर फेंका और माचिस की तीली जलाकर आग लगा दी। आग तेजी से भभकी और पर्दा, मेनगेट, बाथरूम का गेट व कूलर चपेट में आ गए। आग से नूर खां का हाथ भी झुलस गया। महिलाओं में चीख-पुकार मच गई, लेकिन आग की लपटों की वजह से वे बाहर नहीं आ सकीं। दोनों भाई जाते समय बोल रहे थे कि अगर थाने मे रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे।

### पड़ोसियों ने बुझाई आग

*आगजनी के समय घर में ऊषा जाटव और उनकी दो बेटियां और मासूम सहित पड़ोसी प्रिया अहिरवार थी। पेट्रोल की वजह से आग बहुत तेजी से घर के भीतर फैलती जा रही थी। आग फैलती देख चारों महिलाएं मदद के लिए चीख-पुकार मचाने लगीं। इसी बीच पड़ोसी मौके पहुंचे और पानी डालकर आग को काबू किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मकसूद उर्फ तुतल इलाके का निगरानी बदमाश है। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। वे हंगामा शुरू करते इससे पहले ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली।*

### ट्रेवल्स कंपनी का संचालक लग्जरी कार लेकर हुआ फरार

**गांधी नगर के बाद कोहेफिजा में दर्ज हुआ प्रकरण, इंदौर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी**

बैरागढ में जस्ट कार नाम से ट्रेवल्स एजेंसी का संचालन करने वाला जालसाज कार लेकर फरार हो गया। कोहेफिजा पुलिस ने अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर ट्रेवल्स संचालक की तलाश शुरू कर दी है। जांच में पता चला कि आरोपी करीब एक दर्जन लग्जरी कार लेकर फरार हुआ है। उसके खिलाफ गांधी नगर थाने में भी प्रकरण दर्ज हो चुका है और इंदौर पुलिस को भी उसकी तलाश है। पुलिस के अनुसार अहमदाबाद पैलेस रोड कोहेफिजा निवासी अफजल खान (39) की विदिशा में खेती-बाड़ी है। उन्होंने 26 दिसंबर 2024 को अपनी आई-10 कार अनुबंध पत्र बनवाकर बैरागढ़ स्थित जस्ट कार ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक पीयूष तेजवानी को दी थी। तय हुआ था कि प्रतिमाह 18 हजार रुपए किराया दिया जाएगा। एसआई संजीव धाकड़ ने बताया कि 10 जनवरी को पीयूष तेजवानी ने अफजल को पांच हजार रुपए किराए के दिए थे। उसने कहा था कि महीना खत्म होते ही वह शेष 15 हजार रुपए और दे देगा, लेकिन उसके बाद से पीयूष कभी मिला नहीं। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। अपने स्तर पर छानबीन करने पर अफजल खान को पता चला कि पीयूष तेजवानी और भी अन्य लोगों की कार किराए पर लेकर फरार हुआ है। इंदौर के एक युवक ने भी अपनी थार गाड़ी उसकी ट्रेवल्स कंपनी को किराए पर चलाने के लिए दी थी। थार गाड़ी का भी सुराग नहीं मिल रहा है। अफजल खान ने लिखित शिकायती आवेदन दिया था। आरोपी पीयूष तेजवानी के खिलाफ गांधी नगर थाने में भी धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज है। कोलार इलाके में उसके माता-पिता रहते हैं। पुलिस की टीम कोलार स्थित घर पहुंची तो उसके माता-पिता ने अपने बेटे के बारे में कोई भी जानकारी होने से इनकार कर दिया। कोहेफिजा पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

---

## जेल से बाहर आते ही नाबालिग से अड़ीबाजी कर की मारपीट

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा कॉलोनी में मंगलवार रात बदमाशों ने एक नाबालिग के साथ पैसों के लिए अड़ीबाजी की और जब उसने रुपए देने से मना किया तो बदमाशों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कृष्णा कॉलोनी में रहने वाला 17 वर्षीय किशोरी सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता है। मंगलवार रात करीब सवा 10 बजे वह अपने दोस्त को उसके घर छोड़कर बाइक से वापस लौट रहा था। कॉलोनी के पास ही उसे शाहिल बच्चा, बिलाल बच्चा और बउआ मिल गए। बिलाल और शाहिल ने नाबालिग से कहने लगे कि हम लोग अभी जेल से छूटकर बाहर आएं हैं, इसलिए खर्चे के लिए रुपए चाहिए। नाबालिग ने जब रुपए देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान किसी नुकीली चीज से सिर पर वार किया, जिससे खून निकलने लगा। नाबालिग के चीखने पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया।

---

बारिश के दौरान बंद हो जाएगा वैकल्पिक मार्ग

## पार्वती नदी पर नया पुल निर्माण को लेकर मंत्री से मिले विधायक खत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया



बैरसिया-नरसिंहगढ़ मार्ग स्थित ग्राम मेंगरा नवीन में पार्वती नदी पर नया पुल बनाने की मांग को लेकर बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने बुधवार को मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान विधायक विष्णु खत्री ने मंत्री राकेश सिंह को मांग पत्र देते हुए कहा कि ग्राम मेंगरा नवीन के पास स्थित पार्वती नदी का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे आवागमन पूरी तरह से बंद है। पुल के पास से जो वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है, वह भी बारिश के दौरान पूर्णतः बंद हो जाएगा, जिससे बैरसिया और नरसिंहगढ़ मार्ग बारिश के दौरान पूरी तरह अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे लोगों को काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि इस नदी पर नवीन पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की कार्यवाही की जाए, ताकि शीघ्र नवीन पुल निर्माण कार्य शुरू हो सके। इस दौरान विधायक विष्णु खत्री ने मंत्री राकेश सिंह से बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में नवीन सड़कों के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की। उक्त नवीन सड़कों के निर्माण की शीघ्र स्वीकृत प्रदान करने की मांग की गई।

---

धर्म सभा को संबोधित कर मुनिश्री निर्वेग सागर ने कहा

## प्रत्येक व्यक्ति रोजाना करे सामायिक आलोचना पाठ और प्रतिक्रमण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

**पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में की शांतिधारा**

स्टेशन रोड स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार को मुनिश्री निर्वेग सागर जी ने शांति धारा कराई। इसके बाद धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सामायिक पाठ आलोचना पाठ और प्रतिक्रमण करना चाहिए। मनुष्य दिन भर में गलती करता है, पाप करता है, अच्छे-बुरे विचार आते हैं। इन सब की आलोचना करने के लिए आलोचना पाठ जरूर करें। प्रतिक्रमण करके गलतियों की क्षमता मांगे, पाप किया है तो प्रचित करो, अपशब्द बोले हैं तो निंदा करो। मुनिश्री ने कहा राग दोष से रहित अवस्था है। वही समता भाव ही सुख दुख में सम भाव का होना समता है। आत्मा की निर्मल धारा है, वही संता है। आत्मा की साधना में ही सुख है। सुख आत्मा का

### मुनिश्री का नगरागमन आज

प्रवचन के बाद कार्यक्रम संयोजक मुकेश जैन, अध्यक्ष सुनील जैन तामोट एवं एलसी जैन ने बताया कि 19 जून को गौहरगंज की तरफ से दो मुनि महाराज निराकुल सागर एवं मुनि अजय सागर महाराज के साथ छुल्लक सविनय सागर, छुल्लक जागृत सागर महाराज, तत्वार्थ सागर, समन्वय सागर महाराज जी का औबेदुल्लागंज नगर प्रवेश सुबह 7 होगा। उनकी अगवानी बिजली दफ्तर के सामने से की जाएगी। महिला मंडल मीना जैन, आशा रानी, पूर्व पार्षद मीना जैन, इंदिरा जैन, मयूरी जैन, पुष्पा जैन, समता जैन, शिरोमणि सीमा जैन, रवि जैन, ऋतु जैन ने बताया कि 19 से 21 जून तक समवशरण मंडल विधान प्रारंभ होगा और अभिषेक, शांतिधारा की जाएगी। पवन जैन, रितेश रूपेश जैन, संभव तरुण जैन, विजय केटी जैन, दिनेश गुड्डन जैन, राजीव जैन, सुनील वर्धमान, विनय जैन, प्रदीप भंडारी, नरेश जैन, आकाश जैन, कांग्रेस नेता महेश जैन ने बताया कि 22 जून को आचार्य विद्यासागर महाराज के पावन चरणों की नगर शोभा यात्रा प्रातः 8 बजे से निकाली जाएगी। इसके बाद गुरु चरण नवीन वेदिका पर विराजमान की जाएगी। यह सब कार्यक्रम विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजीव कटंगी के मार्गदर्शन में निर्देशन में संपन्न होंगे।

---



## एक माह बाद भी शुरू नहीं हुआ दुकानें बनाने का काम

**औबेदुल्लागंज।** नगर में अतिक्रमण हटे एक माह बीत गया, पर खाली पड़ी जमीन पर अब तक कोई भी नए निर्माण की शुरुआत नहीं हुई। दुकानें टूटने से बेरोजगार लोगों में निराशा हैं। जो दुकानें तोड़ी गई उनमें अधिकतर वे व्यवसाय थे, जिनका विकल्प आज नगर में मौजूद नहीं हैं। जैसे रूई गद्दे की दुकान, मिट्टी के मटकों की दुकान, पंचर व हवा डालने वाले, गैस बेल्डिंग, कबाड़ा, नाई की दुकान के हटने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए कुछ अस्थाई व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे आम जनता के साथ बेरोजगारों को भी राहत मिल सके।

---

## नगर पालिका में 6 और पुलिस थाने के 25 पुलिस कर्मचारियों का तबादला

### 4 साल से ज्यादा समय से एक जगह पर जमे हुए थे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। सभी अपनी मन पसंद जगह पर जाने के लिए प्रयास कर रहे थे, जिसमें कुछ कामयाब तो कुछ नाकामयाब भी हुए हैं। नगर पालिका में पदस्थ सहायक लेखा अधिकारी मोनिका सिंह, सहायक राजस्व निरीक्षक नंदराम साहू, अर्णव वाघमारे, शिवांक द्विवेदी, राजश्री राय, स्वाती विनोदिया का स्थानान्तरण किया गया है।

वहीं मंडीदीप पुलिस थाना एवं औद्योगिक थाना सतलापुर में 4 साल से ज्यादा समय से जमे हुए पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायसेन द्वारा जारी हुई सूची में मंडीदीप पुलिस थाने से 15 पुलिसकर्मियों का जिला और जिले के बाहर ट्रांसफर हुआ है। सतलापुर पुलिस थाने से 10 पुलिस कर्मियों का अलग-अलग पुलिस थानों में ट्रांसफर किया गया है। ये सभी पुलिसकर्मी लंबे समय से एक ही थाने में पदस्थ थे। मंडीदीप पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल सहित 15 सहायक उप निरीक्षकों का ट्रांसफर किया गया है, लेकिन मंडीदीप में विभिन्न थानों से सिर्फ आठ पुलिसकर्मी ट्रांसफर किया गया हैं। इस स्थिति में पहले से ही बल की कमी से जूझ रहा मंडीदीप पुलिस थाना खाली हो गया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस के पास रात्रि गस्त सहित रोजमर्रा के कामों के लिए आवश्यक बल मौजूद नहीं है।

---

जिला सीईओ भदौरिया ने किया औबेदुल्लागंज जनपद का ओचक निरीक्षण

## समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले कर्मचारियों-अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, एक दिन का वेतन काटने का दिया निर्देश

**जनपद के 34 में से केवल 6 कर्मचारी-अधिकारी ही दफ्तर में उपस्थित मिले**

**कर्मचारियों-अधिकारियों ने फील्ड और ऑफिस के रास्ते में होना बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



जिला पंचायत सीईओ एवं एडिशनल कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने बुधवार सुबह 11 बजे औबेदुल्लागंज जनपद का औचक निरीक्षण किया। जनपद के 34 कर्मचारियों-अधिकारीयों में से केवल 6 कर्मचारी-अधिकारी ही उपस्थित मिले। एक मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज भी अनुपस्थित रहे।

फोन पर चर्चा में उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत कार्य के कारण बुधवार को कार्यालय में समय पर उपस्थित नहीं हो सके। प्रत्येक अनुपस्थित कर्मचारियों के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायसेन के द्वारा स्वयं फोन पर संपर्क किया, जिसमें कर्मचारियों-अधिकारियों के द्वारा फील्ड पर और कुछ ने ऑफिस आने के लिए रास्ते में होना बताया। इस संबंध में जिला सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने नाराजगी व्यक्त की, साथ ही सभी को कारण बताओं नोटिस दिया एवं सभी का एक दिन का वेतन काटने के लिए निर्देशित किया है। जिला सीईओ ने मध्य प्रदेश डे-राग्राआमि के कार्यालय का भी निरीक्षण किया, जिसमें चल रहे सीएलएफ के समग्र क्षमता वर्धन प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों से भी चर्चा की।

---

ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आयोजित

## अब कांग्रेस में किसी भी बड़े नेता की नहीं, कार्यकर्ताओं की चलेगी पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर




कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में संगठन सृजन अभियान के तहत बुधवार को संत हिरदाराम नगर ब्लॉक कांग्रेस एवं गांधीनगर ब्लॉक की बैठक हलालपुर स्थित आरिया गोल्ड होटल पर सम्पन्न हुई।

प्रवक्ता महेश गुरबानी ने बताया कि यह बैठक जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर कांग्रेस के कार्यकताओं की राय जाननें के लिए रखी गई थी जिसमें विशेष रूप से महाराष्ट्र सरकार की पूर्व मंत्री एवं विधायक पर्यवेक्षक के रूप में यशोमती ठाकुर (ताई), भोपाल जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महेश परमार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक दिलीप गुर्जर उपस्थित हुए। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र सरकार की पूर्व मत्री पर्यवेक्षक यशोमती ठाकुर (ताई) ने कहा की हमारे नेता राहुल गांधी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य को लेकर पुरे देश में कार्यकर्ताओं की राय पर जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष चयन का कार्यक्रम निर्धारित किया है जिसमें सभी कार्यकर्ता बगैर किसी दबाव के अपना जिला अध्यक्ष चुन सकते हैं। अब किसी भी बड़े नेता की पसंद को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, बल्कि इस सर्वे के माध्यम से कार्यकताओं की राय को प्राथमिकता दी जाएगी और भोपाल के लिए एक ऐसा जिला अध्यक्ष का चयन होगा जो जनता की आवाज बनकर हर संघर्ष के लिए तैयार रहेगा।

# पहली बार नौटंकी शैली में कृष्ण-सुदामा की मित्रता को दर्शाता नाटक

## रविंद्र भवन में 'मित्रता की अमर गाथा' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मेरो नाम सुदामा, विप्र अरे कन्हैया से मेरी बहुत पुरानी यारी, अरे द्वारपालों मेरे भैया श्री कृष्णा खबर कर दो कि खबर हमारी है..... नगाड़े, हारमोनियम और ढोलक की लय के साथ साथ लंगड़ी लावणी वशीकरण की धुन पर नौटंकी या स्वांग शैली में जब कृष्ण सुदामा की मित्रता दर्शाता नाटिका 'भगवान कृष्ण और सुदामा : मित्रता की अमर गाथा' प्रस्तुत की तो दर्शकों से खचाखच भरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कृष्ण-सुदामा की मित्रता को नौटंकी शैली में दर्शाती मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत यह नाटिका अपने आप में अनोखी और पहली प्रस्तुति रही। जिसका मंचन रविंद्र भवन में देखने को मिला। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर मंचित इस नाट्य प्रस्तुति को देखने दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। नाटक में निर्देशन रामदयाल शर्मा का रहा।





मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया नाटक



मित्रता, निःस्वार्थ प्रेम और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण की अनूठी मिसाल

### संसार को सच्चे संबंधों का अर्थ सिखाया

मित्रता की अमर गाथा' में दिखाया कि भगवान कृष्ण और सुदामा बचपन के परम मित्र थे, जिन्होंने गुरुकुल में साथ शिक्षा प्राप्त की। वर्षों बाद जब कृष्ण द्वारका के राजा बने और सुदामा घोर गरीबी में जीवन जी रहे थे, तब उनकी पत्नी सुशीला ने उन्हें कृष्ण से मिलने की प्रेरणा दी। सुदामा केवल प्रेम और श्रद्धा से भेंट करने द्वारका पहुंचे, हाथ में केवल पीसे हुए चावल थे, कृष्ण की प्रिय वस्तु। राजा होते हुए भी कृष्ण ने अपने निर्धन मित्र को गले लगाकर राजसी सम्मान दिया, उनके पैर धोए और प्रेम से स्वागत किया। सुदामा का स्नेहपूर्ण भेंट कृष्ण ने अत्यंत भावुकता से स्वीकार किया। यह कथा मित्रता, निःस्वार्थ प्रेम और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण की अनूठी मिसाल है, जिसने संसार को सच्चे संबंधों का अर्थ सिखाया।

---

**थीमः एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग**

### मानव संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 को



**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित है, जो मानव, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने में योग की भूमिका को रेखांकित करता है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग आमंत्रित हैं। इसके साथ ही शहर के जाने माने रंगकर्मी और अनेक विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, इस सामूहिक आयोजन में भाग लेंगे। कार्यक्रम प्रातः 5.30 बजे प्रारभ हो जाएगा, जिसमे मुख्य अतिथि का उद्‌बोधन, प्रधान मंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण होगा।





### मानवता की सांस्कृतिक धरोहर' विषय पर कला संवाद 21 को

भोपाल। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था, संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली (संगीत, नृत्य और नाटक की राष्ट्रीय अकादमी) केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के सहयोग से एक महत्वपूर्ण कला संवाद श्रृंखला के तीसरे संस्करण का आयोजन कर रही है जो 'भगवद्गीता और नाट्यशास्त्रः मानवता की सांस्कृतिक धरोहर' विषय पर केंद्रित है। यह आयोजन 21 जून को सुबह 11 बजे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में होगा।

---

**मप्र के 60 ग्रामों में अपने ग्राम का पहला ग्राम स्टे तैयार करने वाले होम स्टे स्वामियों का सम्मान**

# मप्र में एक हजार होम-स्टे बनाने का लक्ष्य, अभी 241 तैयार

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किया सम्मानित, 6 बेस्ट होम स्टे को दिया गया अवॉर्ड

पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लोधी ने कहा, हमारा लक्ष्य है विलेज टूरिज्म को बढ़ाते हुए हर ग्रामीण आत्मनिर्भर बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम के पहले, प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिभागी और संस्थाएं आर्ट एंड क्राफ्ट के उत्कृष्ट उत्पादों जैसे क्लेआर्ट, माड़ना, चितेरा, बैम्बू शिल्प, हैण्डब्लॉक, गोंड पेंटिंग, हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट टैक्सटाइल्स आदि की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलाकारों से उत्पादों की जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया।

पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भावसिंह लोधी ने बताया कि प्रदेश के 121 गांवों को चयनित कर 241 होम-स्टे तैयार करने का कार्य किया है। सरकार ने 1000 होम-स्टे बनाने का लक्ष्य तय किया है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्रामों को चिन्हित किया गया। गर्व का विषय है कि इन ग्रामों में पन्ना जिले के ग्राम मडला, निवाड़ी के लाड़पुरा खास और सीधी जिले के ग्राम खास को भी सम्मानित किया गया है। हमारा लक्ष्य है कि विलेज टूरिज्म को बढ़ाते हुए हर ग्रामीण आत्मनिर्भर बने और मप्र पर्यटन में देश में नंबर-1 बने, इस दिशा में कार्य जारी है।

### इनका भी सम्मान हुआ

ग्रामीण पर्यटन परियोजना में होम स्टे के निर्माण में तकनीकी सहयोग प्रदान करने वाली हुनरशाला, भुज का सम्मान किया गया। संस्था की ओर से संस्था प्रमुख महावीर आचार्य ने पुरस्कार प्राप्त किया। इसीप्रकार मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की क्लीन डेस्टिनेशन परियोजना, अनंदना : कोका–कोला इंडिया फाउंडेशन एवं संस्था साहस के सहयोग से पन्ना के चयनित 30 ग्रामों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई। इस परियोजना के माध्यम से पन्ना जिले के नेशनल पार्क के आसपास 30 ग्रामों को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करते हुए पूर्ण रूप से कचरा प्रबंधन के लिए सशक्त बनाया गया। इस पर फाउंडेशन के निदेशक राजीव गुप्ता को सम्मानित किया गया।



### देश भर के प्रतिष्ठित होटल्स से ऑर्डर मिल रहे हैंः शुक्ला

*प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मप्र पर्यटन निगम, मिशन मोड में ग्रामीण परिवेश में होम-स्टे बनाने, ग्रामीणों को आतिथ्य का प्रशिक्षण देने और सुविधाएं विकसित करने जैसे कार्य कर रहा है। दस हजार महिलाओं को हॉस्पिटेलिटी की ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाएं और कारीगर कलाकृतियां तैयार कर रहे हैं, जिन्हें पर्यटक खरीदकर साथ लेकर जाते हैं और इन कृतियों के लिए देश भर के प्रतिष्ठित होटल्स से ऑर्डर मिल रहे हैं।*



### प्रदेश के हर क्षेत्र में हो रहा विकास :मंत्री सारंग

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। हर सेक्टर की विशेषताओं (यूएसपी) को देखते हुए नागरिकों को प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, प्रमुख सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी के साथ–साथ पर्यटन क्षेत्र के हितधारक, परियोजना सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच, होम स्टे संचालक एवं महिलाएं उपस्थित रहें।

### इन जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का सम्मान

ग्रामीण पर्यटन परियोजना में सहयोग एवं योगदान देने वाल 3 जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद को सम्मानित किया गया। इसमें निवाड़ी कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह और खरगोन के तकनीकी सहायक नीरज अमझरे को सम्मानित किया गया।

### मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधकों का सम्मान

ग्रामीण पर्यटन परियोजना में सराहनीय कार्यों के लिए पर्यटन विकास निगम के 2 क्षेत्रीय प्रबंधकों का सम्मान किया गया। इंदौर के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय श्रीवास्तव और जबलपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय मल्होत्रा को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही परियोजना सहयोगी संस्था के प्रमुखों को सम्मानित किया। परियोजना सहयोगी संस्थाएं ग्राम स्तर पर ग्रामीण पर्यटन परियोजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सक्रिय रूप से कार्यशील हैं। 8 संस्थाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में होम स्टे निर्माण का शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया। आईजेएस संस्था के सीओओ आरएस. सोलंकी और हरितिका संस्था के कार्यकारी निदेशक अवनी मोहन सिंह को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि वाले ग्रामों के सरपंचों का सम्मान

ग्रामीण पर्यटन परियोजना के सुचारू संचालन में प्रदेश के 16 सरपंचों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। प्रतीक स्वरूप 3 सरपंचों को सम्मानित किया गया। इनमें सीधी में ग्राम खोखरा की श्रीमती पार्वती सिंह गौड़, छतरपुर में ग्राम धमना की श्रीमती क्रांति साहू और आगर में ग्राम भानपुरा के सरपंच राकेश गुर्जर को सम्मानित किया गया।

### 6 बेस्ट होम स्टे (3 ग्रामीण व 3 अर्बन होमस्टे) अवार्ड

मप्र टूरिज्म बोर्ड ने पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी के विभिन्न पहलुओं जैसे आतिथ्य सत्कार, पर्यटक अनुकूल वातावरण, सकारात्मक विजिटर फीडबैक आदि के आधार पर आयोजित प्रतियोगिता के अंतर्गत 03 ग्रामीण होम स्टे एवं 03 शहरी होम स्टे को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बेस्ट होम स्टे का पुरस्कार ग्रैंड होम स्टे उमरिया के शरद दीक्षित को, बेस्ट बेड एंड ब्रेकफास्ट का पुरस्कार सुरवाही सोशल ईको एस्टेट, बालाघाट के अंकित रस्तोगी को और बेस्ट फार्म स्टे का पुरस्कार बुंदेली कोठी टीकमगढ़ की श्रीमती साक्षी सिंह को प्रदान किया गया। इसीतरह बेस्ट ग्राम स्टे श्रेणी में प्रथम पुरस्कार महुआ होम स्टे, लाड़पुरा खास, निवाड़ी की श्रीमती कमला शर्मा को, द्वितीय पुरस्कार कमला होम स्टे, राधापुर, निवाड़ी की श्रीमती कमला कुशवाहा को और गिरजा होम स्टे, खारी, सीहोर की श्रीमती गिरिजा बाई को प्रदान किया गया।



### ग्राम के पहले होम स्टे को किट का वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 60 ग्रामों में अपने ग्राम का पहला ग्राम स्टे तैयार करने वाले होम स्टे स्वामियों का सम्मान किया गया। प्रतीक स्वरूप 6 होम स्टे संचालकों को किट का वितरण किया गया। जिसमें जिला उमरिया के ग्राम मरईकला के श्रीमती रामकली सिंह, जगदीश सिंह को, जिला अशोक नगर के ग्राम विक्रमपुर के अंशुल सिंह बुंदेला को, जिला छतरपुर के ग्राम बसाटा के रामचरण पाल, जिला बैतूल के ग्राम बांचा की श्रीमती निशा उइके/ गणेश उइके, जिला अलीराजपुर के ग्राम सकरजा की श्रीमती झिलनी/ गमर सिंह और जिला रायसेन के ग्राम गाडरखेड़ी के झलकन सिंह अहिरवार शामिल हैं।

---


**मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, वैचारिक गोष्ठियों के साथ नृत्य, नाट्य और संगीत के कार्यक्रम भी होंगे**

# कल से सदानीरा में पुस्तकों व प्रदर्शनियों का समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत छः दिवसीय सदानीरा समागम वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पुस्तकों, प्रदर्शनियों, वैचारिक गोष्ठियों के साथ नृत्य, नाट्य और संगीत का समावेश होगा। समागम का शुभारंभ भारत भवन में 20 जून को सायं 6 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। 25 जून तक आयोजित इस समागम का आरंभ सदानीरा और अमृतस्यी नर्मदा फिल्म प्रदर्शन से होगा। समागम अंतर्गत प्रवाह फिल्म समारोह, लय, ताल और जल पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम, नदी आधारित कविताओं का पुनर्पाठ नदीनामा, जलीय जीव एवं जल संरचनाओं पर एकाग्र वैचारिक समागम अथः नदी कथा, प्रकाशन लोकार्पण, जल संरक्षण व संवर्धन पर आधारित प्रदर्शनियां, कायार्शालाएं, संयोजित की जा रही है। जिसमें देश के ख्यात अभिनेता, कलाकार, विशेषज्ञ सहभागी हो रहे हैं।

वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि प्रदेश की नदियों एवं जल



संरचनाओं के संरक्षण-संवर्धन के लिए आरंभ किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सेटेलाइट छायाचित्रों के आधार पर नदियों व प्राकृतिक सम्पदा का मानचित्रण किया गया है। इन मानचित्रों पर केन्द्रित वीर भारत न्यास एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा चार खंडों में अमृत जलधारा का प्रकाशन किया गया है।

### प्राचीन जलस्रोतों पर एकाग्र प्रदर्शनी

*इस आयोजन में मध्य प्रदेश जनसंपर्क द्वारा मध्यप्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान पर प्रदर्शनी आयोजित होगी। मध्य प्रदेश के प्राचीन जलस्रोतों पर एकाग्र पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय द्वारा समय-समय पर किये गये जलस्रोत संवर्धन कार्यों पर केन्द्रित छायाचित्रों की प्रदर्शनी प्रदेश की बावड़ियां इस समागम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होंगी।*

**20 जून अंतरंग सभागार सायं 6.30 बजे**
- सदानीरा और अमृतस्य नर्मदा फिल्म प्रदर्शन
- साउंड ऑफ रिवर - संगीत और कविता (स्मिता नागदेव - राहुल शर्मा, भोपाल)
- हमनवा नृत्य नाटिका- तिस्ता और गोदावरी संवाद (विदुषी शमा भाटे, पुणे)

**21 जून अभिरंग सभागार प्रातः 10 बजे**
- प्रवाह जल एकाग्र डाक्यूड्रामा फिल्मों का प्रदर्शन
- अंतरंग सभागार सायं 6.30 बजेः नदीनामा नदी आधारित कविताओं का पुनर्पाठ (करन राजदान, राजीव वर्मा, अन्नू कपूर, पीयूष मिश्रा, सीमा कपूर, डॉ. संतोष चौबे, नवनी परिहार, स्वप्निल कोठारी, समन्वयः विनय उपाध्याय)
- निःशब्द भेदा-जलीय जीवन पर एकाग्र नृत्य नाटिका (विदुषी शमा भाटे, पुणे)

**22 जून अभिरंग सभागार प्रातः 10 बजे**
- प्रवाह जल एकाग्र डाक्यूड्रामा फिल्मों का प्रदर्शन
- अंतरंग सभागार सायं 6.30 बजे
- जानकी बैंड, त्रिलोक, जबलपुर
- प्राणे जलम् नृत्य नाटिका (पद्मश्री गीता चंद्रन, नई दिल्ली)

**23 जून अंतरंग सभागार सायं 6.30 बजे**
- नर्मदा-जीवन प्रवाह (परिकल्पना- स्वागतिका स्वाई, निर्देशन- संगीता शर्मा, दिल्ली)
- कालिंदी आज की कथा- नृत्य नाटिका (बी. नागराज, बैंगलुरू)

**24 जून अंतरंग सभागार सायं 6.30 बजे**
- अथः नदी कथा-जलीय जीव एवं जल संरचनाओं पर एकाग्र वैचारिक समागम (मौलिक सिसोदिया, संजय सिंह, डॉ. इंद्रा खुराना, अतुल तारे, नागार्जुन गौड़ा, डॉ. संतोष चौबे, अभिलाष खांडेकर, अजय बो?कल, डॉ. शिवाकांत वाजपेयी, डॉ. रमेश यादव, डॉ. राजेश शर्मा, आरोह श्रीवास्तव, योगी अनुराग, शशिप्रभा तिवारी, शिवकेश मिश्र, मीना जांगिड़, विमर्श संवाहकः विजय मनोहर तिवारी, ब्रजेश राजपूत)
- जलम् अमृत-नृत्य नाटिका (निशा त्रिवेदी, नई दिल्ली)

**25 जून अंतरंग सभागार सायं 6.30 बजे**
- पुरबिया- उपशास्त्रीय गायन (विदुषी डॉ. रीता देव एवं पंडित भोलानाथ मिश्र, बनारस)
- जीवनम् मणिपुरी शैली में नृत्य नाटिका (बिम्बावती देवी, कोलकाता)

---

# भूल चुके हम पाती वो नेह की, पिता के प्यार और मां के स्नेह की...

## प्रभात साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी की संस्था प्रभात साहित्य परिषद द्वारा विषय मुक्त काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के नरेश मेहता कक्ष में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एवं वरिष्ठ गीतकार राजेंद्र शर्मा 'अक्षर' के मुख्य आतिथ्य तथा वरिष्ठ कवयित्री सुनीता शर्मा 'सिद्धि' के विशेष आतिथ्य एवं डॉ.अनीता तिवारी के संचालन में किया गया। आरम्भ में सरस्वती वंदना का वाचन राजेंद्र शर्मा 'अक्षर' ने किया तदुपरांत डॉ. प्रतिभा द्विवेदी ने पढ़ा, रोटी है दो जून की पिता चैन की नींद, जीवन बगिया में पिता पीपल बरगद छींद। वहीं, सरोज लता सोनी ने पढ़ा-भूल चुके हम पाती वो नेह की, पिता के प्यार और मां के स्नेह की, बिहारी लाल सोनी ने- अपनत्व के हीरे से दाम हो गए, अपने उजाले उनके नाम हो गए। वहीं संत कुमार मालवीय संत ने पढ़ा-सत्यवान सावित्री की वो बातें अब हो गईं पुरानी, अब सुनने को मिलेंगी राजा सोनम की कहानी। वहीं, सुरेश पबरा आकाश ने पढ़ा-हक हमारा हमको ले दे के मिला, सभ्यता से तो मिला



कुछ भी नहीं। वहीं, रमेश नन्द ने पढ़ा-ठूंस ठूंस के खूब बुरादा जला रखी है सिगड़ी हमने, कभी पकाया ढाई चावल, कभी पकाई खिचड़ी हमने. वहीं हीरा लाल पारस ने पढ़ा-अकेले आदमी से बातें करने लगती हैं दीवारें, पत्नी की तरह छत और फर्श सांतवना देते हैं पिता और मां की तरह। वहीं महेश प्रसाद सिंह ने पढ़ा-शहर बसा के गांव ढूंढ रहा हूं, हाथ में कुल्हाड़ी लिए छांव ढूंढ रहा हूं। इनके साथ कृष्ण देव चतुर्वेदी, सुरेश नारायण शर्मा, विरोनिका पीटर, शोभा जोशी, अदिति पारवानी, ज्योत्सना खोले, वीना विद्या, अवनी, अंशुमान विजय पंथी, महेश पचौरी, सीमा अग्रवाल, कमल सिंह कमल आदि ने भाग लिया। अंत में अशोक निर्मल ने सभी का आभार व्यक्त कर अहमदाबाद के हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबर संक्षेप




### चुनावों को अमान्य करे अदालत : जैन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल जैन ने दिल्ली उच्च न्यायालय से सितंबर 2024 में कराये गए संघ के चुनावों को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया है जिससे कार्यकारी समिति के नाराज सदस्यों ने 27 जून को बैठक बुलाई है। राज्य संघों द्वारा पिछले साल जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। एआईटीए की एक मान्यता प्राप्त इकाई ने उस समय आरोप लगाया था कि जैन ने संघ में अपने पद का उपयोग निजी फायदे के लिए किया था। हालांकि नयी संस्था का चुनाव कराने वाली एजीएम (आम सालाना बैठक) से पहले अविश्वास प्रस्ताव को वापस ले लिया गया था।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन रवाना



**नई दिल्ली।** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे।

### रेडिट ने तेंदुलकर को बनाया ब्रांड दूत




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है, 'आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे।'

# इंटर मिलान को मोंटेरे ने बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| पासाडेना

इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियन्स लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।



# टेस्ट सीरीज में रोहित से अधिक कोहली की कमी खलेगी : बॉयकॉट

एजेंसी ▶▶| लीड्स

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला में भारत को रोहित शर्मा से अधिक विराट कोहली की कमी खलेगी। दोनों के हाल ही में इस प्रारूप से संन्यास लेने से शुक्रवार से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में मेहमान टीम की संभावनाओं को 'नुकसान' पहुंचेगा।

भारत और इंग्लैंड अगले छह हफ्तों मे पांच टेस्ट खेलेंगे और नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। बॉयकॉट ने 'डेली टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, 'विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने से भारत की इंग्लैंड को हराने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा। कोहली सबसे बड़ा नुकसान हैं क्योंकि वे तीनों प्रारूप में उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं। भारत द्वारा बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेले जाने और बहुत कम आराम किए जाने के कारण, इसका बहुत असर पड़ता है और दिमाग थक जाता है।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कोहली की अनुपस्थिति को एक बड़ा झटका बताया।



## भारत-इंग्लैंड टेस्ट

### लीड्स के पिच को लेकर क्यूरेटर ने जताई संभावना

# पहले दिन तेज गेंदबाज ढाएंगे कहर फिर बल्लेबाज लगाएंगे रनों की झड़ी

एजेंसी ▶▶| लीड्स

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट लीड्स में 20 जून से खेला जाएगा। लीड्स आमतौर पर किसी सीरीज के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान खींचा है। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची।

इंग्लैंड ने यहां एक ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया, जहां दिन के दौरान पिच को ढंककर रखा गया था। भारत ने लीड्स में पिछले दो दशक में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था। लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

### तेज गेंदबाजों के अनुकल पिच की मांग

रॉबिन्सन ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा, 'वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं।' रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच न केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (आक्रामक खेलने की शैली) के अनुकूल होगी, बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी।



### राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी

रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में केएल राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे, जिन्हें सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा। बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक भी जड़ चुके हैं।




### पहली श्रृंखला में इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का लुत्फ उठा रहे गिल

पहली बार टेस्ट श्रृंखला में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं जबकि सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है।

### ड्यूक बॉल, नंबर एक

गिल ने कहा, 'ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल।' राहुल ने कहा, 'यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प।'

### मौसम, हॉट चॉकलेट

स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने कहा, 'स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है।' शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा, 'मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद।' आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा, ''जज्बा, टेस्ट और संस्कृति।''

## महिला टी20 विश्व कप 2026

# भारत और पाकिस्तान में 14 जून को होगा महामुकाबला



### दो ग्रुप में बंटी टीमें

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

### 28 को ऑस्ट्रेलिया से जंग

पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा जबकि उसका सबसे मुश्किल मुकाबला 28 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

## विराट के खिलाफ नहीं खेलना निराशाजनक

**लीड्स।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टेस्ट श्रृंखला में विराट कोहली जैसे प्रतिद्वंद्वी का सामना नहीं करना निराशाजनक है। उन्हें लगता है कि इस दिग्गज स्टार की अनुपस्थिति से भारतीय टीम में उनके जुझारूपन और जीतने की इच्छा की कमी दिखेगी।

कोहली ने पिछले महीने खेल के पारंपरिक प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। स्टोक्स ने कहा, 'भारत को मुकाबलों के दौरान उनके जुझारूपन, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की उनकी इच्छा की कमी खलेगी। उन्होंने 18 नंबर की जर्सी को अपना नंबर बना लिया है। किसी भारतीय टी शर्ट के पीछे 18 नंबर नहीं देखना थोड़ा अजीब होगा।




### बेथेल की जगह कुक ने पोप का किया समर्थन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान बल्लेबाजी लाइन अप में जैकब बेथेल से पहले ओली पोप को तीसरे नंबर पर बरकरार रखने का समर्थन किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण कं. RIS/444/0760/9537/2025

// इश्तहार //

आवेदक डा. राजेश मेश्राम आ. स्व.श्री धन्नालाल मेश्राम निवासी F 931/65 तुलसी नगर भोपाल द्वारा ग्राम दामखेड़ा प्लाट नं. A - 14 पैलेस आर्चेड फेस-2 स्थित खसरा नं.35/170/2/4 और 34/170/2/4 अन्य का अंश भाग क्षेत्रफल 1250 स्कै फीट भूमि का बंटवारा किए, जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 02/07/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अति. तहसीलदार तहसील कोलार, भोपाल**

**पश्चिम मध्य रेल**

विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर

ई– निविदा सूचना

एन.आई.टी नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2024–34R1 दिनांक 17.06.2025

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम** – (क) जबलपुर डिवीजन में डबल एग्जिट के साथ कछपुरा में अतिरिक्त लोडिंग/अनलोडिंग लाइन के लिए टीआरडी/ओएचई कार्य। (ख) जबलपुर मंडल के बरगवान (बीआरआरबी) स्टेशन पर नई लोडिंग लाइन, शंटिग नेक और डबल एग्जिट का प्रावधान। **कार्य स्थल**– जबलपुर मण्डल, **कार्य की अवधि**– 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू) रुपये** 2,57,56,451.94/– (रुपये दो करोड़ सत्तावन लाख छप्पन हजार चार सौ इक्यावन और चौरानवे पैसे मात्र), **बयाना राशि रूपये**– 2,78,800.00 /–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**– 16.07.2025 15:00 बजे/16.07.2025 15:30 बजे, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट– https/www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता.)

कृते वरि.मं.वि.इंजी./क.वि.,पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**

क्रमांक 0647/अ-6/2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण कि आवेदक श्री राजेश मेश्राम आत्मज धन्नालाल मध्य प्रदेश, द्वारा ग्राम कालापानी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 281/2/2, 282/1/2, 281/2/1, 282/1/1, 291 व अन्य खसरो के अंश भाग पर स्थित प्लॉट क्रमांक-सी-29 का क्षेत्रफल 92.964 वर्गमीटर का पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है

इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार तहसील कोलार, भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**

क्रमांक 0648/अ-6/2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण कि आवेदक श्री राजेश मेश्राम आत्मज धन्नालाल मध्य प्रदेश, द्वारा ग्राम कालापानी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 281/2/2, 282/1/2, 281/2/1,282/1/1, 291 व अन्य खसरो के अंश भाग पर स्थित प्लॉट क्रमांक-सी-30 का क्षेत्रफल 92.964 वर्गमीटर का पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् 'आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार तहसील कोलार, भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**

क्रमांक 0649/अ-6/2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण कि आवेदक श्री राजेश मेश्राम आत्मज धन्नालाल मध्य प्रदेश, द्वारा ग्राम कालापानी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 281/2/2, 282/1/2, 281/2/1,282/1/1, 291 व अन्य खसरो के अंश भाग पर स्थित प्लॉट क्रमांक-सी-31 का क्षेत्रफल 92.964 वर्गमीटर का पंजीकृत विकय पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार तहसील कोलार, भोपाल**

**Government of Madhya Pradesh Office of Commissioner, Cooperation and Registrar Cooperative Societies Ground Floor, Vindhyachal Bhavan Bhopal-462004, Madhya Pradesh**

Tender Notice
Date:-

This Office of Commissioner, Cooperation and Registrar Cooperatives Societies, Madhya Pradesh invites Bids for Procurement of Desktop Computers, UPS, Multifunctional Printer (MFP).

Gem Bid Details are as under:-

| S.no. | Bid Number | Item Name |
|---|---|---|
| 1 | Gem/2025/B/6300999 | Desktop Computers |
| 2 | Gem/2025/B/6301474 | UPS |
| 3 | Gem/2025/B/6300130 | Multi-Functional Printer(MFP) |

Selection Shall Be Based On lowest financial Proposal. Interested Bidders are requested to vies the GeM Portal https://gem.gov.in/ for the Bid information from 20.06.2025 onwards. Last date of Bid submission will be 21 days from bid publication.

जी -14520/25 स्वच्छता ही सेवा

**Commissioner Cooperation and RCS**

खंड -1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन

**कार्यालय - पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 17/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 05/06/2025

1. वनमंडलाधिकारी, पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथासंशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | सामग्री का नाम / स्पेसीफिकेशन | अनुमानित मात्रा | सत्यंकार की निधि (रू में) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Fly ash Bricks | फ्लाई ऐश ईंट, 1. संरचना, फ्लाई ऐशः 50-60% (क्लास C या क्लास F जिसे थर्मल पावर प्लांट से प्राप्त किया जाता है)। रेतः 20-25%, चूनाः 8-12%, जिप्समः 5%, सीमेंटः 5-10% 2. भौतिक गुण, आकारः सामान्यतः 230 मिमी x 110 मिमी x 75 मिमी। संपीड़न शक्तिः न्यूनत्तम 7.5 MPa (75 $kg/cm^2$) 1 जल अवशोषणः इसकी शुष्क वजन का 15-20% से अधिक नहीं होना चाहिए। घनत्वः 1.6-2.0 $g/cm^3$ 3. टिकाऊपन, अलवणता (Efflorescence): बहुत कम या बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। धर्मल चालकताः कम, जिससे बेहतर इन्सुलेशन गुण मिलते हैं। तापमान प्रतिरोधः ठंडे तापमान को सहन कर सके बिना नुकसान के। 4. क्योरिंग प्रक्रिया, क्योरिंग अवधि सामन्यता 14-21 दिनों तक पानी में क्योरिंग किया गया हो। | 100000 Nos | 25000 | 1000/- |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 09/06/2025 बजे 12:30 PM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल - https://www.mptenders.gov.in/

G-14519/25 स्वच्छता ही सेवा

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल

**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1 तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल**

प्रकरण क्रमांक-0007/अ-20(3)/2023-2024
मौजा-कुराना, तहसील-हुजूर, भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को औद्योगिक क्षेत्र हेतु ग्राम कुराना स्थित भूमि खसरा क्रमांक 228/1 रकबा 2.804 हे. खसरा क्रमांक 263 रकबा 2.715 हे. में से रकबा 1.715 हे. खसरा क्रमांक 265 रकबा 5.265 हे. खसरा क्रमांक 269 रकबा 11.504 हे., खसरा क्रमांक 270/1/1/1 रकबा 6.394 हे. इस प्रकार कुल रकबा 28.682 हे. में से रकबा 27.682 हे. भूमि आवंटन किये जाने हेतु मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के अनुसार आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी **दिनांक 02.07.2025 को या इससे पूर्व** इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 17.06.2025 को जारी किया गया।

पदमुद्रा

हस्ता./- नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर, भोपाल
जिला भोपाल

म.प्र. माध्यम/120699/2025

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)**
**हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)**
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल -462023

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सार्वजनिक सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 12 नंबर बस स्टॉप परियोजनाओं के एल.आई.जी श्रेणी के शेष रिक्त आवासों में "First Deposite, First Choice" प्रक्रियायांतर्गत आवास हेतु पूर्ण राशि जमा करने वाले शेष हितग्राहियों को आवास चयन करने हेतु बैंक से प्राप्त सूची अनुसार जमा पूर्ण राशि दिनांक से वरीयता के आधार पर अवसर दिया जाना है। इस हेतु निम्न तालिकानुसार संबंधित परियोजना में नियत तिथि एवं समय अनुसार आवास चयन कराया जाना है:-

| क्र. | परियोजना का नाम | आवास चयन हेतु दिनांक | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | 12 नंबर बस स्टॉप (एल.आई.जी) | दिनांक-20.06.2025 समय-दोपहर 12:00 बजे से | एच.एफ.ए कार्यालय आई.एस. बी.टी नगर निगम भोपाल |

अतः उक्त तालिका अनुसार संबंधित योजना के पूर्ण राशि जमा करने वाले हितग्राहियो को सूचित किया जाता है कि नियत तिथि एवं समय अनुसार आवास चयन हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। दिव्यांग हितग्राहियों को नियमानुसार वरीयता प्रदान की जायेगी हितग्राही की अनुपस्थिति व विलंब से उपस्थित होने के कारण वरीयता में अवसर खोने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं हितग्राही की होगी एवं हितग्राही द्वारा आवास चयन करने के उपरांत आवास में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही किया जायेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नही कि जायेगी। अतः हितग्राही आवास चयन प्रकिया हेतु निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

सू.क्र.1837/025/026

**जोनल अधिकारी (एच.एफ.ए) नगर पालिक निगम भोपाल**




# बारिश ने मैच के साथ अनिकेत का शतक भी धोया




ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में ही ठोक दिए थे 91 रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर के माधवराव सिंधिया स्टेडियम में चल रहे मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मुकाबले में मंगलवार को भोपाल पेंथर्स टीम के खिलाड़ी अनिकेत वर्मा का धमाकेदार प्रदर्शन देखने को मिला।

अनिकेत ने खराब मौसम के बीच छक्के-चौके की बौछार करते हुए सिर्फ 46 गेंदों में ही 91 रन ठोक दिए. लेकिन बारिश ने न केवल मैच धोया बल्कि अनिकेत का बनने वाला शतक भी धो दिया। शंकरगढ़ स्थित इस स्टेडियम में इतनी बारिश हुई कि मैच ही रद्द करना पड़ गया और दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया। दरअसल, यह 11वां मुकाबला रीवा जगुआर्स और भोपाल लेपड्र्स के बीच था। इस मैच में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी अनिकेत वर्मा ने जोरदार धमाका किया। अनिकेत को काव्या मारन ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन में 30 लाख रुपये में खरीदा था। अनिकेत ने आईपीएल में तो सुर्खियां बटोरी ही थी, मगर उनका बल्ला उनके घरेलू टी20 लीग एमपीएल में भी खूब चलता दिखा, जब भोपाल लेपड्र्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने रीवा जगुआर्स के खिलाफ हल्ला बोल दिया और एक एक बॉलर को जमकर धोया। हालांकि, उनके इस विस्फोटक पारी का दीदार कराने के बाद भी मैच का मजा किरकिरा रहा, क्योंकि बारिश ने आगे का खेल नहीं होने दिया।



### मैच में 15.4 ओवर से ज्यादा का खेल नहीं हो सका

*इससे पहले मैच में भोपाल लेपड्र्स की टीम के कप्तान अरशद खान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। भोपाल लेपड्र्स ने 15.4 ओवर में 5 विकेट खोकर 167 रन बनाए। इसके बाद बारिश की वजह से मैच आगे खेला नहीं जा सका। भोपाल लेपड्र्स की शुरुआत इस मैच में इतनी अच्छी नहीं हुई थी और उन्होंने 5 ओवर के भीतर 37 रन पर अपने तीन विकेट खो दिए थे। शिवांग कुमार बिना खाता खोले पहली गेंद पर आउट हो गए थे, जबकि यश दुबे ने सिर्फ 7 रन ही बना पाए। हर्ष दीक्षित भी 14 रन बनाकर वापस पवेलियन लौट गए। भले ही भोपाल टीम की ओर से टॉप 3 खिलाड़ी बड़ा स्कोर ना बना पाए हो, लेकिन अनिकेत वर्मा ने धमाकेदार बल्लेबाजी की और रीवा के गेंदबाजों को काफी परेशान किया।*

## खबर संक्षेप

### अंडर 14 कैलाश प्रसून सारंग स्मृति टूर्नामेंट का फाइनल आज



**भोपाल।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित बीडीसीए अंडर 14 कैलाश प्रसून सारंग स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कल गुरुवार को गौतम नगर मैदान में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजक ठाकुर पंकज कुमार ने बताया कि इस मुकाबले में संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी और विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के मध्य भिड़ंत होगी। टूर्नामेंट के समापन पर पुरस्कार वितरण खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। इस अप्सर पर बीडीसीए के अधिकारी, पार्षद सुर्यकांत गुप्ता, अशोक वाणी, राकेश यादव उपस्थित रहेंगे।

### राष्ट्रीय अंडर-15 कुश्ती 21 से नागपुर में, आज रवाना होंगे पहलवान

**भोपाल।** मप्र एमेच्योर कुश्ती संघ द्वारा ओलंपियन अर्जुन अवार्डि पप्पू यादव पहलवान की देखरेख में चयनित मध्य प्रदेश के अंडर-15 बालक-बालिका पहलवानों की टीम कल नागपुर (महाराष्ट्र) के लिए बालक फ्री.स्टाइल की पूरी टीम एवं बालिका पहलवानों के पांच वज़न वर्ग (33, 39, 46, 54 एवं 62-किलोग्राम के प्रतिभागी ट्रेन नंबर 12976 जयपुर मैसूर एक्सप्रेस उज्जैन से नागपुर (महाराष्ट्र) के लिए सुबह 4 बजे रवाना होगी। ऐसे ही बालक गिरी को रोमन के सभी पहलवान एवं बालिका वर्ग के पांच वज़न (36,,42,50,58 किलोग्राम एवं 66 -किलोग्राम) के पहलवान ट्रेन नंबर 20844 बिलासपुर एक्सप्रेस शाम 4:30 बजे उज्जैन से नागपुर के लिए रवाना होंगे।

त्या टोपे स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का खेल संचालक गुप्ता ने किया समापन

# खेलों के साथ व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व विकास और मानसिक सशक्तिकरण पर भी रहा जोर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को तात्या टोपे स्टेडियम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 'विशेष समर कैंप' का समापन हो गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। खेल संचालक राकेश गुप्ता ने कहा कि यह शिविर राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक सशक्त मंच साबित हुआ है, जहां उन्हें केवल खेल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि बौद्धिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास के भी समग्र अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक बीएस यादव सहित खेल अधिकारी व अभिभावक गण उपस्थित थे।

### नवाचार से सुसज्जित शिविरः खेल प्रशिक्षण को नया दृष्टिकोण

*खेल संचालक गुप्ता ने बताया कि पूर्व में आयोजित पारंपरिक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर को इस वर्ष एक नवाचारपूर्ण स्वरूप दिया गया। पहली बार शिविर' को नवीन प्रारूप में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य केवल खेल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व विकास और मानसिक सशक्तिकरण पर भी विशेष बल दिया गया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विद्यार्थियों को व्हॉलीबॉल, जिम्नास्टिक, जूडो, ताईक्वांडो, बॉक्सिंग, कबड्डी, तलवारबाजी, कराते, मल्लखम्ब, टेबल टेनिस, स्केटिंग, कुश्ती, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल, एरोबिक, स्क्वैश, एथलेटिक्स और शूटिंग (राइफल/पिस्टल) का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया।*

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

*समापन समारोह में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें बास्केटबॉल में कुशाल भट्ट व जेसिका जाटव, कराते में वेदांत लखेरा व समायरा शेख, फुटबॉल में नितिन गौर व तनु परिहार, बॉक्सिंग में श्लोक व दीक्षा सेन, कबड्डी में कनिश जोशी व पलक राजपूत, ताइक्वांडों में राकेश शाक्य व अक्षरा वारे, स्केटिंग में आदित्य यादव व हर्षिता कुशवाहा, फेंसिंग में मुकेश साहू व वंशिका पवार, टेबल टेनिस में सुयाँश ठाकुर व भाव्यश्री, जूडो में बाबा विश्वकर्मा व नंदनी फरकिया, बेडमिंटन में वेदान्य सेन व अन्नया शर्मा, लॉन टेनिस में अमृत भुरतेल व निकिता यादव, मल्लखम्ब में मयंक सेन व दीवा अरुण भारद्वाज, एथलेटिक्स में सत्यम गौर व नंदिनी चौहान, व्हॉलीबॉल में अक्षत पटेल व अंशिका रघुवंशी, कुश्ती में राज प्रजापति व रिषिका यादव, जिम्नास्टिक में मोहक परमार व अदवीका चौहान तथा वेटलिफ्टिंग में विशाल यादव व जया गोस्वामी को पुरस्कृत किया गया।*

मैन ऑफ द मैच रहे 75 रन ठोकने वाले अभिषेक

# बुंदेलखंड बुल्स ने इंदौर पिंक पैंथर्स को सात विकेट से, जबलपुर रॉयल्स ने चंबल को 5 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर के शंकरगढ़ स्थित माधव राव सिंधिया स्टेडियम में चल रहे मप्र लीग का 12वां मुकाबला बुधवार को बुंदेलखंड बुल्स और इंदौर पिंक पेंथर्स के बीच खेला गया। इस मैच में इंदौर पिंक पेंथर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 20 ओवर में चार विकेट खोकर 244 रन बनाए। बुंदेलखंड बुल्स ने जवाबी पारी खेलते हुए 3 विकेट खोकर 248 रन बनाए और मैच 7 विकेट जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बुंदेलखंड बुल्स के बल्लेबाज अभिषेक पाठक को दिया गया, उन्होंने अपनी टीम के लिए 75 रन का योगदान दिया। वहीं अगले मैच में जबलपुर रॉयल लॉयन्स ने चंबल घड़ियाल्स को एक रोमांचक मुकाबले में पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच में सारांश जैन को मैन ऑफ द मैच का से पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान डॉ. सी वी रामन विश्वविद्यालय खंडवा के कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने प्रदान किया।

### आईसेक्ट ने किया 'स्किलफुल प्लेयर मैन ऑफ द मैच' सम्मान से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



*मप्र लीग सिंधिया कप 2025 में इस वर्ष आईसेक्ट समूह 'प्रेजेंटिंग पार्टनर' के रूप में जुड़ा है। अपने 'स्किल बेस्ड एजुकेशन' के मूल उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए आईसेक्ट ग्रुप द्वारा प्रत्येक मैच में आईसेक्ट स्किलफुल प्लेयर मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार के रूप में खिलाड़ियों को 10 हजार रुपए की राशि प्रदान कर रहा है। बुधवार को हुए पहले मुकाबले में इंदौर पिंक पैंथर और बुंदेलखंड बुल्स के बीच हुए मैच में आईसेक्ट ग्रुप समूह के रवीद्रनाथ टैगोर विविव की ओर से प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने बुंदेलखंड बुल्स के अभिषेक पाठक को शानदार बल्लेबाजी के लिए 'स्किलफुल प्लेयर मैन ऑफ द मैच' से सम्मानित किया। वहीं पहले मुकाबले में निदेशक आईसेक्ट समूह शिल्पा वाष्णेय ने टॉस कराया।*




प्रथम जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट

# अरेरा क्रिकेट अकादमी फाइनल में एनसीसीसी को 2 विकेट से हराया

आज दूसरे सेमीफाइनल में मयंक और अंकुर क्रिकेट अकादमी में होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा भेल के जवाहर लाल नेहरू स्कूल में बुधवार को प्रथम स्वर्गीय जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में मैच अरेरा क्रिकेट अकादमी और एनसीसीसी के बीच मैच खेला गया। एनसीसीसी ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.1ओवर में 120 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पृथ्वीराज ने 41 और कृष्णा ने 24 रन बनाए। अरेरा के गेंदबाज अर्जुन ने 5 विकेट लिए, जबकि केतन ने 3 विकेट झटके।

वहीं विराज और मार्तण्ड को 1-1 विकेट मिला। जवाब में अरेरा की टीम का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 20 रन था, लेकिन रुद्र तेनगुरिया और तेजस ने सूझबूझ भरी पारी खेल कर अपनी टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया और 32.2 ओवर में 8 विकेट खोकर 123 रन बनाकर यह मैच 2 विकेट से जीत लिया और टूर्नामेंट के फ़ाइनल मे प्रवेश कर लिया। रुद्र ने 60, जबकि तेजस ने 20 रन की पारी खेली। एनसीसीसी गेंदबाज निखिल ने 4 विकेट लिए, जबकि कृष्णा और अहमद को 2-2 विकेट मिले। रूद्र को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930